

// दौलत से सिर्फ सुविधाएं मिलती हैं, सुख नहीं। सुख मिलता है आपस के प्यार से व अपनों के साथ से। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



दूसरों की मदद करते हुए यदि दिल में खुशी हो, तो वही सेवा है, बाकी सब दिखावा है।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, रविवार, 19 मई, 2024 | बैशाख शुक्ल पक्ष: एकादशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 187 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12










## पाठकों से

पाठकों की विशेष सुविधा के लिए अर्थ प्रकाश पेज 5 पर चंडीगढ़ लोकसभा सीट के लिए किस क्षेत्र में कितने वोट हैं किस पोलिंग बूथ पर मतदान होगा। नियमित रूप से प्रकाशित कर कर रहा है। इसमें आज पढ़े सेक्टर 20 व 21 का ब्यौरा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वाति मालीवाल मामले में विभव गिरफ्तार

**नई दिल्ली (अप्रस)।** आप सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीएम बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए दोपहर को सिविल लाइंस थाने ले आई। पूछताछ के बाद बिभव को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि स्वाति मालीवाल 13 मई को अरविंद केजरीवाल से मिलने सुबह करीब 9 बजे सीएम हाउस पहुंची थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट और बदसलूकी की। उनके कपड़े तक फट गए थे। स्वाति ने 16 मई को दिल्ली पुलिस में एफआईआर करवाई थी। वहीं, मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीएम बिभव कुमार ने मालीवाल के खिलाफ 17 मई को एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि स्वाति मालीवाल जबरदस्ती सीएम आवास में दाखिल हुई और रोके जाने पर हंगामा खड़ा किया और स्टाफ को गाली दी।




## प्रधानमंत्री ने गोहाना व अंबाला में की रैली, मोहनलाल बड़ौली के लिए भरी हुंकार; विपक्ष पर साधा निशाना

# मेरे फैसलों से इंडी गठबंधन का कलेजा फट रहा : मोदी

अर्थ प्रकाश/ आदेश त्यागी/ सुरेंद्र कुमार

**सोनीपत 18 मई ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भाजपा के विजय संकल्प रैली के लिए हरियाणा के अंबाला और सोनीपत पहुंचे। उन्होंने पहले अंबाला और फिर सोनीपत में रैली को संबोधित किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पीएम मोदी को हल देकर और भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने शाल भेंटकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने दोनों जगह की रैली में इंडी गठबन्धन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबन्धन में पीएम चेहरे को लेकर पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। ऐसा लगता है जैसे प्रधानमंत्री का पद गोहाना के मातूराम की जलेबी हो गई है।

विपक्ष पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि सीमा पर हमारे हरियाणा के जो छोरे खड़े हैं मोदी ने उनको खुली छूट दे दी। अब गोलियां गिनने की जरूरत नहीं है। नतीजा अब आपके सामने है। मोदी के इन फैसलों से कांग्रेस और इंडी का कलेजा फट रहा है। उनसे पाकिस्तान की हालत देखी नहीं जा रही है। अब कांग्रेस वाले पाकिस्तान के प्रवक्त बन गए हैं और उनकी तरफ से भारत को धमकी देते हैं। कहते हैं जरा डरो ये पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। ये मुझे आंखें दिखा रहे हैं। वो मोदी को पहचान नहीं पाए हैं। जनता से पूछा कि क्या भारत को पाकिस्तान से डरना चाहिए क्या।

### कहा- हरियाणा के छोरों को खुली छूट दी, पाकिस्तान के हाथों में दे दिया भीख का कटोरा



### 4 जून को मातूराम की जलेबी का क्या होगा

सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में विजय संकल्प रैली करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से भाषण शुरू कर सबसे पहले सोनीपत की जनता को राम-राम बोला। पीएम ने कहा कि मैं सोनीपत की पवित्र भूमि को प्रणाम करता हूं। हरियाणा की यह धरती युद्ध में भी गीता का ज्ञान सुनाती है। जब मुकाबला सत्य और असत्य के बीच में हो तो विजय सत्य की ही होती है। 2024 के चुनावी कुरुक्षेत्र में आज एक ओर देश का विकास है। दूसरी ओर वोट जिहाद है। एक तरफ विकास की बात है और दूसरी तरफ वोट जिहाद की बात है कौन जीतेगा। आपके जवाब ने तय कर दिया है। 4 जून को मातूराम की जलेबी का क्या होगा। सारी खाली हो जाएगी।

### कांग्रेस सत्ता से बाहर रहकर बौखला रही

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। पूरी तरह बौखला रही है। इन्हें वो पुराने दिन याद आ रहे हैं जब शाही परिवार रिमोट कंट्रोल से परिवार चलाता था। सभी याोजनाएं एक ही परिवार के नाम पर होती थीं। देश का पैसा भ्रष्ट लोगों की तिजोरी में जाता था। लाखों करोड़ के घोटाले होते थे ।पीएम मोदी ने कहा कि, नाम बदलने से असलियत नहीं बदलती है। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वही भ्रष्टाचारी और घोटालेबाजों की जमात है। इन्हें किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए और कीमत देश की सुरक्षा, स्थिरता सम्मान खतरे में डालकर चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को यहां से सांसद बनाने की अपील करते हुए कहा कि सोनीपत में मोहन लाल बडौली को दिया आपका एक-एक वोट सीधे मेरे खाते में आएगा। हरियाणा की सभी 10 सीटें आपकी झोली में डालेंगे।

### भाजपा सरकार ने किया गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम: सीएम सैनी

सीएम नायब सैनी सीएम सैनी ने मंच से पीएम नरेंद्र मोदी को हरियाणा की 10 की 10 सीटें उनकी झोली में डालने का आश्वासन दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीएम मोदी को हल भेंट कर स्वागत किया। साथ ही सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली पीएम मोदी को शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व में ही संभव हुआ है कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को प्रदेश का नेतृत्व सौंपा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। मंच पर पीएम मोदी, ओपी धनखड़, मोहनलाल बड़ौली, गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, देवेंद्र कादियान भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे।

# हरियाणा में चलती बस में लगी आग, 10 श्रद्धालु जिंदा जले

मथुरा-वृंदावन से लौटते समय एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नूंह (अप्रस)।** हरियाणा में शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें श्रद्धालुओं से भरी चलती बस में आग लग गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि, 25 से अधिक बुरी तरह झुलस गए। 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार घायलों ने बताया है कि हादसा नूंह जिले में तावडू गांव के पास हुआ। बस में 64 लोग सवार थे। ये सभी आपस में रिश्तेदार हैं और पंजाब-चंडीगढ़ के रहने वाले हैं। सभी श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे थे। जब बस गांव तावडू के पास पहुंची तो अचानक आग लग गई और लोगों में चीख पुकार मच गई। उन्होंने बताया कि आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। साथ ही खुद भी आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने अधिकांश घायलों को नूंह के नल्हड़ स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

**इनकी गई जान ये लोग झुलसे:** मृतकों में से अब तक 6 की पहचान हो चुकी है। उनमें शशि शर्मा पत्नी राकेश कुमार, उनका बेटा गौतम शर्मा, शशि की पौत्री जोविता उर्फ खुशी सभी निवासी शालीमार नगर होशियारपुर पंजाब, सुनीता भसीन पत्नी राजेश भसीन निवासी मॉडल टाउन कमालपुर पंजाब, दर्शन लाल पुत्र हरि राम निवासी जालंधर पंजाब और अमर रानी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी न्यू सैनी एन्क्लेव मोहाली शामिल हैं। वहीं, घायलों में हंसराज, पायल शर्मा, सोनी शर्मा, स्वतंत्र शर्मा, सुदेश कुमारी, उर्मिला शर्मा, निशा शर्मा, अंजू शर्मा, मीना रानी, कृष्णा, नरेश कुमार, जसविंदर राणा, बलजीत सिंह, पूनम, वाय कुमारी, शांति, आदि लोग शामिल हैं। कुछ लोगों की पहचान की जा रही है।



### सरकार इलाज की व्यवस्था कर रही: सीएम सैनी

सीएम नायब सैनी ने कहा कि तावडू में केएमपी हाइवे पर श्रद्धालुओं की बस में आग लगने की दुर्घटना बेहद आहत करने वाली है। नल्हड़ के मेडिकल कॉलेज में घायलों का उचित उपचार किया जा रहा है। प्रशासन मुस्तैद है और जरूरत के मुताबिक घायल श्रद्धालुओं को और भी बेहतर से बेहतर इलाज की व्यवस्था सरकार कर रही है।

### आग लगते ही खिड़की हो गई लॉक, शीशे तोड़कर कूदे

अस्पताल में भर्ती होशियारपुर की पायल शर्मा ने बताया कि ज्यादातर यात्री सो गए थे। लपटों की गर्मी महसूस हुई तो नींद खुली। सभी चीखने लगे। बस का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन वह लॉक था। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। जैसे-तैसे लोग खिड़की के शीशे तोड़कर कूदे। काफी लोग अंदर ही फंस गए, जिसकी वजह से कुछ की जान चली गई तो काफी लोग झुलस गए।

### बाहर कूदे तो मदद नहीं मिली, लोग वीडियो बनाने में लगे रहे

होशियारपुर की निवासी घायल सुनीता शर्मा ने बताया है कि उनके चाचा हर बार बस लेकर धार्मिक स्थल पर जाते हैं। वे लोग पहले वृंदावन-मथुरा फिर अयोध्या, इलाहाबाद, बनारस से होकर कल वृंदावन पहुंचे थे। यहां से सभी लोग रात में पंजाब जाने के लिए निकले। रास्ते में उनकी बस में आग लगी और धुआं ही धुआं भर गया। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। खिड़कियां तोड़कर लोग बाहर कूदे। बाहर आकर हाईवे पर काफी लोगों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। लोग सिर्फ वीडियो ही बनाते रहे।

# पटियाला में गर्ल स्टूडेंट समेत लॉ के 4 छात्रों की मौत

विश्वविद्यालय से बमुश्किल 50 मीटर की दूरी पर तेज रफ्तार फोर्ड एंडेवर अनियंत्रित होकर भादसों रोड पर पेड़ से जा टकराई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पटियाला/चंडीगढ़, 18 मई। राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला के चार स्टूडेंट की शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार एसयूवी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह हादसा यूनिवर्सिटी के पास हाईवे पर हुआ। मृतकों में तीन लड़के और एक लड़की शामिल हैं जिनकी उम्र लगभग 20 वर्ष के आसपास है और सभी यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रहे थे।

मृतकों की पहचान रीत कौर विर्क, ईशान सूद, ऋषभ सहगल और कुशाग्र यादव के रूप में हुई। रीत जहां चंडीगढ़ स्थित मेजर आरएस विर्क (सेवानिवृत्त) की पुत्री है, वहीं ईशान चंडीगढ़ भाजपा नेता और पूर्व मेयर अरुण सूद के रिश्तेदार बताए जाते हैं, जो पंचकूला के सेक्टर 26 में रहते थे। कार ईशान सूर की थी जो हादसे के समय खुद ड्राइव कर रहा था।



पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि शवों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को कुचले हुए मलबे के एक हिस्से को खींचने के लिए ट्रैक्टरों का उपयोग करना पड़ा। प्रारंभिक जांच के अनुसार छात्र पास के एक होटल में हुए समारोह के बाद वापस हॉस्टल जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि हालांकि, वे विश्वविद्यालय क्यों नहीं गए और उसी सड़क पर आगे क्यों चले गए, इसकी जांच की जा रही है। हमने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और पीड़ितों के माता-पिता को सूचित कर दिया गया है। हालांकि शुरुआती जांच में यह भी बताया जा रहा था कि एसयूवी की रफ्तार तेज होने के कारण वाहन सड़क से नीचे चला गया। इसके बाद यह पास के खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस का कहना था कि हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि वाहन सड़क से दूर पेड़ों से टकराया या नहीं। हम जांच कर रहे हैं। चूंकि कोई अन्य वाहन नहीं मिला है, ऐसा लगता है कि वाहन सड़क से फिसल गया और पास के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो कि सड़क की सतह से तीन फुट नीचे है। अगले महीने धान के मौसम की तैयारी के लिए खेतों में हाल ही में पानी डाला गया था और दुर्घटनाग्रस्त वाहन खेत में फंस गया था।

### डिनर पार्टी से लौट रहे थे स्टूडेंट

पुलिस ने शनिवार को बताया कि चारों विद्यार्थी एक डिनर पार्टी से लौट रहे थे। देर रात दो बजे पटियाला-बख्शीवाला रोड पर विश्वविद्यालय से बमुश्किल 50 मीटर की दूरी पर उन की तेज रफ्तार फोर्ड एंडेवर अनियंत्रित होकर भादसों रोड पर एक पेड़ से जा टकराई।

# अपने सभी बड़े नेताओं के साथ जाएंगे भाजपा मुख्यालय : केजरीवाल

पीएम से कहूंगा- जिसको जेल में डालना है डाल दो

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि एक-एक करके उनके नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, इसलिए वह पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय जाएंगे ताकि वे जिन्हें भी जेल में डालना चाहते हैं डाल दें।

सीएम केजरीवाल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेल- जेल का खेल खेल रहे हैं। कभी एक को जेल में डालते हैं तो कभी दूसरे को जेल में डालते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कल 12 बजे अपनी पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ भाजपा मुख्यालय जाऊंगा। आप जिस-जिस को गिरफ्तार करना चाहें कर लें। उन्होंने कहा कि आप समझते हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालकर पार्टी को खत्म कर देंगे लेकिन आम आदमी पार्टी एक पार्टी नहीं बल्कि विचार है इसे खत्म नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका कसूर सिर्फ यह है कि उन्होंने गरीब बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया। सरकारी स्कूल शानदार बनाये। उन्होंने कहा कि ये नहीं बना सकते इसलिए ये दिल्ली के सरकारी स्कूल रोकना चाहते हैं।

**तैयारी** शिमला में कांग्रेस की विजय पताका लहराने के लिए 5 मंत्री, 3 सीपीएस के लिए चुनौती

# कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को अपने-अपने क्षेत्र से लीड दिलाने के लिए लगा रहे दम

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय



**शिमला।** कांग्रेसी नेता शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए दम लगा रहे हैं। कांग्रेस सरकार में शिमला संसदीय क्षेत्र के विधायकों को अधिक अधिमान मिला है। सरकार में शिमला संसदीय क्षेत्र से पांच मंत्री, 3 मुख्य संसदीय सचिव, एक विधानसभा उपाध्यक्ष और आधा दर्जन से अधिक चेयरमैन और वायस चेयरमैन बनाए गए हैं। जिससे सभी मंत्री और सीपीएस अपने विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड दिलाने के लिए प्रचार में जुटे हैं। अब मंत्रियों और सीपीएस के बड़ी चुनौती से है कि वह शिमला संसदीय क्षेत्र में विजय पताका लहरा कर कांग्रेस के खाते में डालें।

शिमला संसदीय क्षेत्र की जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित ठाकुर सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। वहीं शिमला ग्रामीण के विधायक विक्रमादित्य सिंह और कुसुम्प्टी के विधायक अनिरुद्ध सिंह भी मंत्री है। इसके साथ ही सोलन से विधायक धनीराम शांडिल और सिलाई के विधायक हर्ष वर्धन चौहान सरकार में मंत्री है। वहीं अर्की के विधायक संजय अवस्थी सीपीएस के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। वहीं दून के विधायक रामकुमार और रोहडू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा सरकार में सीपीएस हैं। वहीं श्रीरेणुका जी के विधायक विनय कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के अधिक विधायक हैं। जिससे अब सभी मंत्रियों, सीपीएस के समक्ष चुनौती है कि वह कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को जिताकर दिल्ली भेजें।

कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी खुद पहली बार कसौली विधानसभा क्षेत्र से जीतकर विधायक बने हैं। विनोद सुल्तानपुरी के पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला संसदीय क्षेत्र से कई बार लगातार सांसद रहे हैं। जिससे यह माना जा सकता है कि सुल्तानपुरी के अपने विधानसभा क्षेत्र कसौली से लीड मिल सकती है। वहीं शिमला जिले का अपर शिमला एरिया कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता है। कांग्रेसी नेताओं को उम्मीद है कि अपर शिमला से आनी वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी को लीड मिलेगी।

इस तरह कांग्रेस नेता पूरी तरह आश्वत हैं कि शिमला संसदीय क्षेत्र में भाजपा को मात देकर कांग्रेस विजयी रही है। खासतौर से शिमला संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी और नेता भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के खिलाफ यह मुद्दा उठा रहे हैं कि उन्होंने संसद रहते हुए अपर शिमला एरिया में कोई विकास नहीं किया है। वह चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में आए भी नहीं है। इस तरह आरोप प्रत्यारोप की सियासत चल रही है। अब देखना होगा कि जनता किसे चुनती है।

# पंजाब में स्कूलों का समय बदला सुबह सात बजे से खुलेंगे स्कूल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भीषण गर्मी के चलते हरियाणा के बाद पंजाब में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी है। सरकारी आदेश के मुताबिक 20 मई में से 31 में तक सभी सरकारी, एडेड और प्राइवेट स्कूल सुबह 7 बजे से 12 बजे तक खुलेंगे। पहले स्कूल सुबह 8 बजे से 2 बजे तक खोले जा रहे थे। इसके अलावा स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है। पंजाब में 1 से 30 जून तक गर्मियों की छुट्टियां रहेंगी।

**पश्चिमी विक्षोभ दे सकता है राहत:** चंडीगढ़ मौसम विभाग ने भी संभावना जताई है कि बीच-बीच में एक या दो पश्चिमी विक्षोभ से कुछ राहत मिल सकती है। इस दौरान बादल छाएंगे और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।




# अकालियों ने नहरों का पानी अपनी तरफ मोड़ा, अब ऐसा नहीं होगा : मान

टांडा में राजकुमार चब्बेवाल के लिए निकाला रोड शो

सीएम बोले- दिन में 11 घंटे लगातार मिल रही बिजली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**होशियारपुर, 17 मई।** लोकसभा क्षेत्र होशियारपुर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ राजकुमार चब्बेवाल के प्रचार के लिए शुक्रवार की शाम टांडा में एक रोड शो निकाला गया। जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान विशेष तौर पर शामिल हुए।

इस रोड शो में होशियारपुर के मंत्री ब्रह्म शंकर जिंपा, दसूहा के विधायक कर्मवीर घुम्मन, विधायक डॉ रवजोत शामचुरासी, चेयरमैन हरमीत सिंह औलख, चेयरमैन राजिंदर सिंह मार्शल, संदीप सैनी होशियारपुर, सोनू खन्ना, जगजीवन जग्गी, सुखविंदर सिंह अरोड़ा, केशव सैनी के अलावा भारी संख्या में आप वालंटियर्स शामिल थे।

इस मौके पर लोगों के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में आप सरकार की की गई प्राप्तियों, करगुजारियों को देखते हुए एक बार फिर पंजाब की जनता झाड़ू के बटन को दबाने का मन पक्का बनाए बैठी है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों दौरान हमने पंजाब की जनता के साथ जो वायदे किए थे उन सभी वायदों को पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि किसानों को दिन के समय 11 घंटे लगातार बिजली सप्लाई दी जा रही है।

### सीएम ने गिनाए 2 सालों के काम-काज

सीएम मान ने कहा कि 300 यूनिट हर महीने मुफ्त बिजली पंजाब की जनता को देने स्वरूप घरों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने किए वायदे अनुसार 2022 से लेकर आज तक हमारी सरकार ने 43000 बेरोजगार नौजवानों को सरकारी नौकरी दे दी है, और बाकी रहते बेरोजगार नौजवानों को भी जल्द सरकारी नौकरी मुहैय्या करवा दी जाएगी। अकाली दल पार्टी ऊपर निशाना साधते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा की नहरों का पानी अपने घरों की ओर कर लिया गया। अब यह नहीं होगा। यह सरकार नहरों का पानी किसानों के फसलों को किसानों के खेतों के लिए देगी।

डेराबस्सी हलके में अकाली दल को झटका

# पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन जत्थेदार धनवंत सिंह समर्थकों सहित 'आप' में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी, 17 मई।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में शिरोमणि अकाली दल को उस समय बड़ा झटका लगा जब डेराबस्सी के पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन धनवंत सिंह भगवानपुर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। धनवंत सिंह अकाली उम्मीदवार एनके शर्मा के करीबियों में से एक थे। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने धनवंत सिंह के साथ गुरपाल सिंह, प्रितपाल सिंह, बलजीत सिंह, बलकार सिंह, मदन सिंह, तेजिंदर सिंह, अवतार सिंह, सुरिंदर कुमार फतेहपुर, करनैल सिंह ककराली, इकबाल सिंह ककराली, नछत्तर सिंह ककराली, मुख्तियार सिंह ककराली, मनिंदर सिंह ककराली और हीरा लाल डेराबस्सी का सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी में गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें पार्टी में उचित सम्मान देने का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर विधायक कुलजीत रंधावा ने कहा कि पंजाब की जनता शिरोमणि अकाली दल से बुरी तरह निराश हो चुकी है और पंजाबी कांग्रेस पार्टी को भी मुंह नहीं लगा रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की नीतियों को देखकर पंजाब के प्रबुद्ध लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं, जिससे आम आदमी पार्टी का कारवां दिन-ब-दिन बड़ा होता जा रहा है।

इस मौके पर 'आप' में शामिल होने वालों ने कहा कि उन्होंने आज अकाली दल को अलविदा कह दिया है और अपने साथियों समेत आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां पार्टी के स्तंभ माने जाने वाले शीर्ष नेताओं की कद्र नहीं है वहा आम नेताओं और कार्यकर्ताओं का क्या होगा।

## मुख्यमंत्री मान ने नूंह में हुई श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत पर दुख जताया

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रार्थना की, कहा सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, हर संभव सहायता प्रदान करेंगे

हादसे का शिकार हुए ज्यादातर श्रद्धालु पंजाब के रहने वाले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के नूंह में तीर्थयात्रियों से भरी बस में आग लगने से हुई श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि हरियाणा के नूंह में तीर्थयात्रियों से भरी बस में आग लगने से एक बड़े हादसे की दुखद खबर मिली। जिसमें पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना से धार्मिक स्थानों की यात्रा पर गए कई पंजाबियों की दर्दनाक मौत की खबर है और कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सरकार उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

बता दें कि कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर देर रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अचानक आग लग गई थी। हादसे का शिकार लोग ज्यादातर पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं. जो मथुरा और वृंदावन से दर्शन करके लौट रहे थे. बस में करीब 60 लोग सवार थे. इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थी।

बताया जा रहा है कि हादसे में 9 लोग जिंदा जल गए, जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

## दो साल में हमारी सरकार और मेरे काम को देखें, फिर तय करें कि आपको क्या चाहिए : मीत हेयर

मीत हेयर अपनी सरकार और अपने काम का रिपोर्ट कार्ड चुनावी सभाओं के सामने रख रहे हैं

भदौड विधानसभा क्षेत्र के गांवों की रैलियों में उमड़ी भीड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धौला/तपा/बरनाला, 18 मई।** संगरूर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार और कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर चुनावी बैठकों में आप सरकार के कार्यकाल के दौरान पिछले दो वर्षों में और कैबिनेट मंत्री उनके द्वारा किये गये काम का रिपोर्ट कार्ड रख रहे है। मीत हेयर कह रहे हैं कि दो साल में आप सरकार और उनके द्वारा किए गए काम को देखें, फिर तय करें कि आपको किधर वोट देना है।

मीत हेयर ने आज भदौड विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित किया और भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मीत हेयर ने आज की यात्रा की शुरुआत गांव धौला, रूड़ेके कलां, धुरकोट, पखो कलां, ताजोके, ढिल्लवां, सुखपुरा, घुन्नस से की।

मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने हर घर को 600 यूनिट मुफ्त बिजली, आम आदमी क्लिनिक, स्कूल ऑफ एमिनेंस, किसानों को निरंतर बिजली, फसलों का मण्डीकरन और किसानों को तत्काल भुगतान प्रदान किया है। तीर्थयात्रा बस यात्रा, टोल प्लाजा बंद करना, 41 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार, सड़क सुरक्षा बल का गठन, निजी थर्मल प्लांट की खरीद जैसे बड़े काम किए हैं।

मीत हेयर ने कहा कि कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने खेलों और खिलाड़ियों के लिए खेल नीति बनाई, खेल नर्सरियां स्थापित कीं, टेलों तक पानी पहुंचाया, नई नहरों और बंद स्थानों की योजना शुरू की, पंजाबी भाषा को महत्व दिया और बोर्डों पर पंजाबी भाषा लिखी आदि प्रमुख कार्य किये। इसके अलावा पंजाब यूनिवर्सिटी और चंडीगढ़ और एस.वाई.एल. के पक्ष में आवाज़ बुलंद की। बरनाला हलके के सभी गांवों में तालाबों के पानी की निकासी के लिए थापर मॉडल पर तालाबों का नवीनीकरन किया और गांवों में पुस्तकालयों की संस्कृति पैदा की।

भदौड़ से विधायक लाभ सिंह उगोके ने ग्रामीणों से अपील की कि संसद में भेजने के लिए मीत हेयर से अधिक योग्य उम्मीदवार कोई नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि मीत हेयर इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं.

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री विजय चावला पुत्र श्री गुरदयाल चावला के नाम से सुश्री शालिनी पुत्री विवेक स्वामी के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 49, चंडीगढ़ में एक शयनकक्ष श्रेणी की आवास इकाई संख्या 2786-सी (तीसरी मंजिल) के संबंध में स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/हस्तांतरण

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 49, चंडीगढ़ में एक शयनकक्ष श्रेणी की आवास इकाई संख्या 2786-सी (तीसरी मंजिल) आवंटी/स्थानांतरिती श्री विजय चावला सुपुत्र श्री गुरदयाल चावला के नाम पर है।

अब, श्री विजय चावला पुत्र श्री गुरदयाल चावला ने उपरोक्त आवास इकाई को सुश्री शालिनी पुत्री विवेक स्वामी को बेच दिया है, जिसे सेल डीड के माध्यम से दिनांक 06.05.2024 को उप-रजिस्ट्रार चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया।

सुश्री शालिनी पुत्री विवेक स्वामी ने इस कार्यालय से विक्रय पत्र के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को उनके नाम पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

यदि किसी निकाय को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री जसपाल सिंह पुत्र श्री नरंजन सिंह के नाम से सेक्टर 29-बी, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की आवास इकाई संख्या 1726-1 (पहली मंजिल) के संबंध में सुश्री शीतल पुत्री श्री राम पाल के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/स्थानांतरण।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 29-बी, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की आवास इकाई संख्या 1726-1 (पहली मंजिल) आवंटी/स्थानांतरिती श्री जसपाल सिंह सुपुत्र श्री नरंजन सिंह के नाम पर है।

अब, श्री जसपाल सिंह पुत्र श्री नरंजन सिंह ने उपरोक्त आवास इकाई को सुश्री शीतल पुत्री श्री राम पाल को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है और 15.03.2024 को उप-रजिस्ट्रार चंडीगढ़ के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है।

सुश्री शीतल पुत्री श्री राम पाल ने इस कार्यालय से व्रिय पत्र के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को उसके नाम पर स्थानांतरित करने का इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी निकाय को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

श्रीमती कमलेश रानी पत्नी स्वर्गीय श्री यशपाल महाजन ने आवास इकाई सं या 3139, सेक्टर 45-डी, चंडीगढ़ के आवंटन पत्र, स्थानांतरण पत्र, कब्ज़ा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र की डुप्लिकेट प्रति जारी करने के लिए इस दस्तावेज़ के खो जाने पर, चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से संपर्क किया है। उसने उपरोक्त दस्तावेज के खो जाने के संबंध में दिनांक 15.05.24 को चंडीगढ़ पुलिस के पास पंजीकृत आवेदन क्रमांक 158691 एलएआर नंबर 2024/014529 भी प्रस्तुत किया है। किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त आवास इकाई के आवंटन पत्र, स्थानांतरण पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र की डुप्लिकेट प्रति जारी करने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, ऐसा न होने पर, दस्तावेज़ जारी किया जाएगा। इसके अलावा, यदि ऊपर उल्लिखित मूल दस्तावेज किसी को मिलते हैं, तो उन्हें उपरोक्त पुलिस स्टेशन या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

## अजनाला चुनाव रैली में चली गोली की डीजीपी से रिपोर्ट तलब

अर्थ प्रकाश/चेतन ठाकुर

**चंडीगढ़, 17 मई।** अजनाला में कांग्रेस की चुनाव रैली के दौरान चली गोली के बारे में पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। अमृतसर से कांग्रेसी उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला की शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में डीजीपी को पत्र लिख कर तथ्य आधारित रिपोर्ट जल्द पेश करने के लिए कहा है। ताकि भारत निर्वाचन आयोग को इसकी जानकारी दी जा सके। एक अलग पत्र में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अमृतसर के जिला निर्वाचन अधिकारी को तुरंत इस मामले पर ध्यान केंद्रित करके कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

**विषयः** आवंटी/स्थानांतरिती श्रीमती सोनिया चड्ढा पत्नी स्वर्गीय श्री राजेश चड्ढा के नाम से श्रीमती ज्योति पत्नी अश्वनी बंसल और श्री अश्वनी बंसल पुत्र श्री जगजीवन राम के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ में एलआईजी/एमआईजी (डी) श्रेणी की आवास इकाई संख्या 640 के संबंध में स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/स्थानांतरण।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ में एलआईजी/एमआईजी (डी) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 640, आवंटी/स्थानांतरिती श्रीमती सोनिया चड्ढा पत्नी स्वर्गीय श्री राजेश चड्ढा के नाम पर है।

अब, श्रीमती सोनिया चड्ढा पत्नी स्वर्गीय श्री राजेश चड्ढा ने उपरोक्त आवास इकाई को श्रीमती ज्योति पत्नी अश्वनी बंसल और श्री अश्वनी बंसल पुत्र श्री जगजीवन राम को बेच दिया है, जिसे सेल डीड के माध्यम से 25.04.2024 को उप-पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया।

श्रीमती ज्योति पत्नी अश्वनी बंसल और श्री अश्वनी बंसल पुत्र श्री जगजीवन राम ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को उनके नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी निकाय को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री धर्म पाल पुत्र श्री मूल चंद के नाम से श्री हरदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रणजीत सिंह और श्रीमती निर्मला कुमारी पत्नी श्री हरदीप सिंह के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़ में एचआईजी एसएफ-सी-द्वितीय श्रेणी की आवास इकाई संख्या 1743-2 के संबंध में स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/स्थानांतरण।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़ में एचआईजी एसएफ-सी-आई1 श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 1743-2 आवंटी/स्थानांतरिती श्री धर्म पाल सुपुत्र श्री मूलचंद के नाम पर है।

अब, श्री धरम पाल पुत्र श्री मूल चंद ने उपरोक्त आवास इकाई को श्री हरदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रंजीत सिंह और श्रीमती निर्मला कुमारी पत्नी श्री हरदीप सिंह को बेच दिया है, जिसे सेल डीड के माध्यम से 01.05.2024 को सब-रजिस्ट्रार चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया।

श्री हरदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रंजीत सिंह और श्रीमती निर्मला कुमारी पत्नी श्री हरदीप सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को उनके नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी निकाय को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**(चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम)**
**8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

**विषयः** आवंटी/स्थानांतरिती श्रीमती मंजीत छाबड़ा पत्नी श्री जमना दास छाबड़ा के नाम से श्री ईशान कोहली पुत्र श्री अश्वनी कुमार कोहली के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ में एलआईजी (एल) श्रेणी की आवास इकाई संख्या 3354-2 (दूसरी मंजिल) के संबंध में स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/स्थानांतरण।

आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ में एलआईजी (एल) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 3354-2 (दूसरी मंजिल) आवंटी/स्थानांतरिती श्रीमती मंजीत छाबड़ा पत्नी श्री जमना दास छाबड़ा के नाम पर है।

अब, श्रीमती मनजीत छाबड़ा पत्नी श्री जमना दास छाबड़ा ने उपरोक्त आवास इकाई को श्री ईशान कोहली पुत्र श्री अश्वनी कुमार कोहली को बेच दिया है, बिक्री विलेख निष्पादित और 02.05.2024 को उप-पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है।


श्री ईशान कोहली पुत्र श्री अश्वनी कुमार कोहली ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को उनके नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी निकाय को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़**

AP-1115

## ककराली स्कूल में प्रेस क्लब सब डिवीजन के सदस्यों को बांटी शिक्षण सामग्री



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 17 मई।** डेराबस्सी प्रेस क्लब सब डिवीजन डेराबस्सी ने 'पढ़ो पंजाब' अभियान की शुरुआत रामगढ़ रोड पर गांव ककराली के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर की। क्लब प्रधान मनोज राजपूत के नेतृत्व में प्रेस क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, पेन, पेंसिल रबर और कॉपी सहित शैक्षणिक सामग्री वितरित की। पिछले तीन वर्षों से प्रेस क्लब शैक्षिक सामग्री वितरित कर शिक्षा के सबसे बड़े दान में योगदान दे रहा है। इसके अलावा प्रेस क्लब स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करेगा।

इस मौके पर प्रधान मनोज राजपूत सिंह ने आश्वस्त किया कि ब्लॉक के अन्य जरूरतमंद बच्चों के लिए स्टेशनरी के अलावा यूनिफॉर्म, जूते आदि सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राइमरी स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को 120 कॉपी, 30 स्कूल बैग, 150 बॉल पेन, 30 पेंसिल स्केल किट भेंट की गई है। स्कूल की मुख्य अध्यापिका ज्योति शर्मा, रेखा रानी, एकता रानी, संजीव कुमार, राधे श्याम, गुरशरण कौर, जसविंदर कौर, रूपिंदर कौर और ब्लॉक समिति सदस्य छज्जा सिंह और सरपंच परमजीत सिंह ने इस पहल के लिए प्रेस क्लब का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के चेयरमैन रणबीर सिंह पाढ़ी, महासचिव गुरजीत सिंह ईसापुर, मुख्य सलाहकार चंद्रपाल अत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह, सर्रपसैट इकबाल सिंह और यशपाल चौहान, प्रेस सचिव पुष्पिंदर कौर, मीडिया सलाहकार सुरिंदर पुरी, कार्यकारी सदस्य हरदीप सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित थे।





▲ अधिकतम 43 डिग्री से.
डिग्री से. 28 न्यूनतम ▼
सूर्यादय 5.26 बजे
सूर्यास्त 7.13 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 76,245.00 |
| सैंसेक्स | 74,005.94 |
| अमेरिका | 83.30 |
| कैनेडियन | 61.17 |
| आस्ट्रेलिन | 55.82 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### साइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया काबू



**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी थाना ईस्ट डिविजन पुलिस ने साइकिल चोरी और ई रिक्शा चोरी के मामले में आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान बहलाना के रहने वालें विवेक और रायपुर खुर्द के रहने वाले अब्दुल आशिफ और एक अन्य के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से ई रिक्शा और चोरी की गई साइकिल बरामंद की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाना 19 में धारा 379,34,411 के तहत मामला दर्ज़ पाया गया। पकड़े गए आरोपियो को पुलिस ने ज़िला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियो को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी सिमरन को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी साइकिल और ई रिक्शा चोरी करने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस की टीम में आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पुलिस ने तुरंत ने गिरफ्तार कर लिया।

# 633 वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों ने चुना घर से वोट का विकल्प

633 मतदाताओं में से 557 वरिष्ठ नागरिक और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 76 लोग

वरिष्ठ नागरिकों में ज्यादातर 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग

मतपत्रों के माध्यम से 25 मई से 29 मई तक होगा मतदान

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 18 मई।** चंडीगढ़ चुनाव विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के 633 वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों ने घर से वोट डालने का विकल्प चुना है। पहली बार, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों के लिए घर पर मतदान की सुविधा का निर्णय लिया है। घर से वोट सुविधा के तहत मतपत्रों के माध्यम से मतदान 25 मई को शुरू होगा और 29 मई तक जारी रहेगा। इन 633 मतदाताओं में से 557 वरिष्ठ नागरिक हैं और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 76 व्यक्ति हैं।

चंडीगढ़ 1 जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अपने अगले संसद सदस्य (सांसद) का चुनाव करेगा, लेकिन चुनाव विभाग द्वारा बनाए गए कार्यक्रम के अनुसार, घर से मतपत्र के माध्यम से मतदान 29 मई तक पूरा हो जाएगा। चंडीगढ़ में, कुल मिलाकर, 85 वर्ष से अधिक आयु के 4,698 लोग और 40 फीसदी से अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति इस सुविधा के लिए पात्र थे, लेकिन केवल 633 ने ही इस विकल्प को चुना है। बाकि ने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने का विकल्प चुना है। आंकड़ों के मुताबिक, होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक चंडीगढ़ के दक्षिणी सेक्टरों (सेक्टर 31 से 56) से हैं।

### इन एरिया के हैं ये मतदाता

कुल 557 में से लगभग 352 वरिष्ठ नागरिक सेक्टर 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 38 (पश्चिम), 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 61, 63, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2, फैदां गांव, हल्लोमाजरा, राम दरबार, बहलाना, बुड़ैल, अटावा, खजेरी, बुटेरला, बडेरी, पलसोरा, मलोया , दादूमाजरा और ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में रहते हैं। कॉलोनियों और पूर्ववर्ती गांवों से केवल 15 वरिष्ठ नागरिकों ने घर पर मतदान का विकल्प चुना।

### दो बार मतदान न करें लिहाजा संबंधित मतदान केंद्र की वोटर सूची में लगेगी मुहर

जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने घरेलू मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य उन मतदाताओं की मदद करना है जो वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं जा सकते हैं, लेकिन अपने मतदान के अधिकार को छोड़ना नहीं चाहते हैं। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और अधिकारियों की विशेष टीमों ने 15 अप्रैल से 12 मई तक वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग लोगों को फॉर्म 12-डी वितरित किया। अधिकारियों ने प्रत्येक पात्र मतदाता को प्रत्येक मतदान केंद्र पर चुनाव विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में बताया जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त पिक एंड ड्रॉप सुविधा, अलग कतार और मेडिकल किट शामिल हैं। उन मतदाताओं को एक मतपत्र जारी किया जाएगा जिन्होंने घर पर मतदान करने का विकल्प चुना है और वे अब ईवीएम के माध्यम से मतदान के लिए पात्र नहीं होंगे। उनके नाम पर संबंधित मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाता सूची पर मुहर लगाई जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे दो बार मतदान न करें। विशेष अधिकारी प्रत्येक पंजीकृत मतदाता के घर पर मतदान डिब्बे ले जाएंगे और स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उचित वेबकास्टिंग की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक राजनीतिक दल के पोलिंग एजेंट घर पर मतदान का कार्यक्रम भी साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग मतदाताओं के लिए हर सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जो वहां मतदान करना चुनते हैं। चुनाव विभाग का दावा है कि घर पर मतदान के बारे में जानकारी साझा करने के लिए प्रत्येक पात्र वरिष्ठ नागरिक से संपर्क किया गया था, लेकिन कुछ मतदाताओं ने आरोप लगाया कि उनसे संपर्क नहीं किया गया।

# मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से वॉकथान आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 मई।** मतदान दिवस और वोट डालने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यू.टी, चंडीगढ़ द्वारा व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह सुखना झील पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

रैली में छह अलग-अलग स्कूलों के 120 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया और रैली के दौरान 100 प्रतिशत और नैतिक मतदान से संबंधित नारे लगाए। यू.टी. चंडीगढ़ के सीईओ विजय एन. जादे के साथ यू.टी. चंडीगढ़ के जिला चुनाव अधिकारी विनय प्रताप सिंह और चंडीगढ़ की स्टेट आइकॉन सुश्री समायरा संधू ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विजय एन. जादे ने युवा मतदाताओं को आगामी आम चुनावों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने माता-पिता को मतदान दिवस के बारे में सूचित करने और अपना वोट डालने के लिए भी कहा। जिला चुनाव अधिकारी विनय प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान शहर के सभी मतदान केंद्रों पर वाटर कूलर, वेटिंग रूम, रेस्ट रूम, छाया और एनएसएस स्वयंसेवकों की सहायता जैसी कठोर मौसम से निपटने से संबंधित सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। हमारा मुख्य उद्देश्य सभी को यह बताकर मतदान प्रतिशत बढ़ाना है कि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है।

स्टेट आइकॉन सुश्री समायरा संधू ने मतदान और मतदान दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यू.टी. चंडीगढ़ के चुनाव विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वोट डालना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक कारक है। कार्यक्रम के दौरान स्वीप की नोडल अधिकारी-सह-निदेशक समाज कल्याण श्रीमती पालिका अरोड़ा और स्वीप के अन्य अधिकारी मौजूद थे। चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का दिन 1 जून है, जो सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाता सभी चुनावी सेवाओं और जानकारी के लिए टोल-फ्री मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर डायल कर सकते हैं।

# भाजपा का उद्देश्य संविधान को बदलना व आरक्षण को खत्म करना : तिवारी

कहा-भाजपा के वैचारिक पूर्वजों ने हमेशा संविधान का विरोध किया है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 मई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की तरफ से तैयार संविधान को बदलने की साजिश के खिलाफ चेतावनी दी है, क्योंकि इसका अंतिम उद्देश्य आरक्षण को खत्म करना है।

मलोया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, तिवारी ने जिक्र किया कि किस प्रकार अनंत हेगड़े, ज्योति मिर्धा और अन्य भाजपा नेताओं ने बार-बार कहा है कि एक बार भाजपा को 400 सीटें मिल जाएं, तो वह देश के संविधान को बदल देगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के संविधान के प्रति घृणा भाजपा के डीएनए में गहराई से समाहित है। उन्होंने कहा कि न केवल भाजपा के आधुनिक नेता, बल्कि उनके वैचारिक पूर्वजों ने हमेशा संविधान का विरोध किया है और संविधान सभा की कार्यवाही को भी बाधित किया था।


उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण को खत्म करने का सुझाव दिया था।

तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही और निरंकुशता चाहती है, जिसका प्रदर्शन वह पिछले दस सालों से कर रही है। उन्होंने पार्टी को उस फिल्म को पूरा करने से रोकने की चेतावनी दी, जिसकी पटकथा बहुत पहले नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय में तैयार की गई थी।

उन्होंने चेतावनी दी कि आरक्षण ही नहीं, अगर संविधान को बदला गया, तो उसके साथ ही सभी तरह की स्वतंत्रताएं भी खत्म हो जाएंगी, जिनकी कल्पना करना अभी मुश्किल होगा। क्योंकि लोगों ने ऐसी स्वतंत्रताओं को हल्के में लिया है, जो संविधान की बदौलत उन्हें स्वाभाविक रूप से मिली हैं।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें बुराई को जड़ से खत्म करना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि बहुत देर हो जाए। उन्होंने कहा कि अगर संविधान खत्म हो जाएगा, तभी लोगों को एहसास होगा कि क्या हुआ है और तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

तिवारी ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे आश्वासनों से गुमराह न होने की चेतावनी दी कि संविधान में बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कभी भी इनके इरादों पर भरोसा न करें, क्योंकि ये अभी कुछ कहेंगे और सत्ता में आने पर कुछ और करेंगे। उन्होंने कहा कि न तो भाजपा और न ही मोदी ने उन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई की है, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से संविधान को बदलने की मांग की है।

# कांग्रेस ने देश को तोड़ने का काम किया : मनोहर लाल

## कांग्रेस नेता झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे, देश के विकास के लिए मोदी को मजबूत करें

सिख देश की सिरमौर कोम : मनोहर लाल

सिखों का 500 साल का इतिहास रहा

मुगलों के खिलाफ सीना तान कर खड़े रहे

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 मई।** पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने और देश के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि सिख इस देश की सिरमौर कौम है।

इस कौम का बलिदान और शहीदों का इतिहास रहा है। जब भी देश और समाज पर कोई संकट आया है या कोई चुनौती आई हैं तो सिख समाज हमेशा सीना तान कर खड़ा रहा है। इनका 500 साल पुराना इतिहास है। इस बीच मुगलों के अत्याचार देश पर हुए हैं।

इस दौरान सिख समाज ने मुगलों के अत्याचार को खत्म करने और लोगों को जागरुक करने का काम किया। प्रथम पातशाही गुरुनानक देव जी से लेकर दसवीं पातशाही गुरुगोविंद सिंह तक सभी ने लोगों को जागरुक किया। इनके बलिदान के कारण ही देश बच पाया है। गुरु गोविंद सिंह के बारे में कहा जाता है कि 'पिता वारया, तै लाल चारे वारे अ हिंद तेरी शान बदले।' उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां भी इस कौम से प्रेरणा लेंगी। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि मैं आपको नमन करता हूं।

### किसानों को मजबूत किया

मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी किसानों को मजबूत करने का काम किया है। सरकार किसान हितैषी है। कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है। लोगों को भटकाने का काम कर रही है। कांग्रेस के बहकावे में न आएं। ये झूठ बोलने वाले लोग हैं। उनके पास कोई लीडर नहीं है। कांग्रेस में सभी सपने ले रहे हैं, वे सोच रहे हैं कि बिल्ली के भागे झीका टूट गया तो उनके हाथ भी लग जाए। किते लालू, किते भालू, किते राहुल, किते पप्पू, किते ममता दीदी व केजरीवाल। उनके पास कोई एक नेता नहीं है। उन्हें पता है कि 卐न नौ मन तेल होगा और न ही राधा नाचेगी卐। आप मोदी को मजबूत कर देश के विकास को रफ्तार दे। इस मौके पर सरदार मंनिंद्र सिंह सिरसा, सतनाम सिंह, सरदार गुलाब सिंह, बीबी रविंद्र कौर, बीबी अवनीत कौर, सुदर्शन सिंह आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने देश को तोड़ने का काम किया

मनोहर ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व हमें मिलना चाहिए था वह नहीं मिल पाया। कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। जब से नरेद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उनसे अगली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने दुनिया में देश का नाम चमकाया है। पाकिस्तान में करतार साहब गुरुद्वारा के दर्शन के लिए करतार साहब कॉरिडोर का निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी ने शुरू करवाया। अब आसानी से लोग गुरु दर्शन के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। मै आप सभी से अपील करता हूं कि देश के प्रधानमंत्री को और मजबूत बनाने का काम करें और कमल के फूल का बटन दबाकर पीएम मोदी का साथ दें। पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने का काम किया और मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसे अत्याचारी कानून को खत्म कर महिलाओं के उत्थान का काम किया है। देश के इतिहास को कायम रखने के लिए पीएम मोदी का साथ दें। पीएम मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए आप भी उन्हें मजबूत करें। प्रदेश की सभी दस की दस सीटें जीताकर मोदी का साथ दें।

## प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र (राजकुमार वालिया)।** अपनों द्वारा नकारे गए एवं घरों से निकाले गए देश के विभिन्न राज्यों से अनेकों बुजुर्गों को आश्रय देने का कार्य धर्मनगरी कुरुक्षेत्र का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेरणा वृद्धाश्रम वर्षों से कर रहा है। वहीं समाज के लिए साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा सहित अन्य क्षेत्रों में भी प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि करीब डे? साल पहले प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में प्रेरणा संग्रहालय की स्थापना की स्थापना करते हुए ऐतिहासिक कदम उठाया गया। इसी प्रेरणा वृद्धाश्रम के संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की विभिन्न हस्तियों सहित उन बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने प्रेरणा संग्रहालय की स्थापना एवं ऐतिहासिक, प्राचीन व पुरातत्व चीजों के संग्रह सहयोग किया। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर बुजुर्गों एवं समाज के सहयोगी लोगों सम्मानित करते हुए प्रेरणा के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि बुजुर्गों के बिना संग्रहालय स्थापना संभव नहीं थी। बुजुर्ग स्वयं ही समाज की धरोहर हैं।

## जितना मोदी ने देश में विकास करवाया है उतना कांग्रेस सोच भी नहीं सकती : गौरव पाडला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 18 मई।** हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार (दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय) के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बीजेपी ने देश व प्रदेश में विकास कराए है, उतना कांग्रेस सोच भी नहीं सकती। पी.एम. मोदी ने देश के लिए काम किया है। मोदी सरकार ने गरीबों के लिए काम किया। मोदी सरकार ने करोड़ों गरीबों को घर दिया और करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। देश व हरियाणा की सभी जनता भाजपा का परिवार है। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौरव पाडला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई बुलंदियों को छूने का काम किया है। आगे विकास और तेज गति से हो इसके लिए तीसरी बात नरेंद्र मोदी की सरकार जरूरी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा 400 पार के नारे के संकल्प को पूरा करेगी और देश में कमल का फूल खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में 4 करोड़ मकान बनाकर गरीबों को उनकी चाबियां वितरित करने का काम किया है और इस बात का संकल्प लिया है कि आने वाले 5 सालों में 3 करोड़ मकान और बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने न केवल मकान बना कर दिए बल्कि लोगों को मुफ्त रसोई गैस कनैक्शन, बिजली, पानी और उनके स्वास्थ्य के लिए 5 लाख रुपए का आयुष्मान कार्ड दिया, ताकि किसी व्यक्ति को बीमार होने पर कर्ज न लेना पड़े। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि 80 करोड़ लोगों को जो मुफ्त राशन सरकार द्वारा दिया जा रहा है वह अगले 5 वर्ष तक जारी रहेगा। गौरव पाडला ने कहा कि धारा 370, राम मंदिर, नागरिकता संशोधन बिल, तीन तलाक कुछ ऐसे मामले हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल करने का काम किया, जबकि इन सब बातों पर कांग्रेस लोगों को डराने का काम करती थी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। आज गरीब का बच्चा अपनी योग्यता पर एचसीएस, आईएएस और आईपीएस लग रहा है। भाजपा के शासन में आज न केवल शहरों बल्कि गांवों में भी 24 घंटे बिजली दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्यंत की करनी-कथनी में नहीं अंतर: विकास श्योकंद

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** जेजेपी हलका वरिष्ठ उप प्रधान विकास श्योकंद ने कहा कि दुष्यंत चौटाला की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। वो जो कहते है वो करते है। प्रदेश को स्थिर सरकार देने के लिए जेजेपी भाजपा की सहयोगी बनी। युवा, किसान, व्यापारी सभी के हित के लिए काम सत्ता में रहते हुए किया। आज किसान, व्यापारी सब परेशान है। अब तक गेहूं के बैगों का उठान नहीं हो रहा है। उठान नहीं होने से किसान, आढ़ती दोनों परेशान है। उठान नहीं होगा तो किसान के खाते में पेमेंट नहीं आएगी। दुष्यंत चौटाला जब सत्ता का हिस्सा थे तो मंडी में आते ही किसान की फसल बिकने के बाद 48 घंटे में किसान के खाते में पेमेंट आती थी। आज किसानों को फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ा। फसल बिकने के बाद पेमेंट को लेकर इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम, चौ. देवीलाल कहते थे कि सत्ता का हिस्सेदार बन कर ही जनहित के काम करवाए जा सकते है। जो-जो वायदे जेजेपी ने लोगों से विस चुनाव में किए थे उनमें से काफी वायदे पूरा करने का काम किया। युवाओं को प्रदेश के प्राइवेट उद्योगों 75 प्रतिशत रोजगार का कानून बने इसको लेकर दुष्यंत चौटाला ने प्रयास किए। अब भी सुप्रीम कोर्ट में उस कानून को प्रदेश में लागू करवाने के लिए सरकार गई है। जनहित के काम कोई कर सकता है तो वो दुष्यंत चौटाला है।

### आज नैना चौटाला उचाना में

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला 19 मई को उचाना हलके के गांवों में पहुंचेंगी। प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि को झील गांव से दौरे की शुरूआत होगी। घसो कलां, घसो खुर्द, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी कलां, संडील, थुआ, कुचराना खुर्द, गुरूकुल खेड़ा, अलीपुरा, पालवां, खरकभूरा, सफा खेड़ी, सेढ़ा माजरा गांव में पहुंचेंगे।

### आज हो शिक्षाविद् प्रो.वजीर खटकड़ की प्रतिमा का अनावरण: अनुराग खटकड़


**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** राजकीय महिला महाविद्यालय जींद के पूर्व प्रोफेसर एवं शिक्षाविद् वजीर खटकड़ की प्रतिमा का अनावरण सुदकैन खुर्द में होगा। जानकारी देते हुए उनके बेटे अनुराग खटकड़ ने बताया की उनके पिता जी की प्रतिमा का 19 मई अनावरण उनके सभी साथियों के साथ मिलकर किया जाएगा। उनके पिता एक समाजिक व्यक्ति थे। एक छोटे किसान के घर जन्म लेकर सुविधाओं के अभाव में पढ़ लिखकर पीएचडी करके प्रोफेसर के पद तक गए। उनका जीवन अगर लंबा होता तो ऐसे व्यक्तितव को बहुत ऊंचे पदों तक जाना था। हजारों छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने का काम किया। खटकड़ ने कहा की प्रो. वजीर खटकड़ हजारों युवाओं के मार्गदर्शक थे। इसलिए उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है की आने वाले समय में भी युवा उनसे आगे बढ़ने की प्रेरणा ले। कड़ी मेहनत से सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

### ड्राइंग प्रतियोगिता में यशमीत व प्रिया प्रथम



**कलायत (कपिल रोहिल्ला/ कुलदीप परमार)।** शनिवार को शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़सीकरी में संस्था 'सहगल फाउंडेशन' और फ्लिपकार्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक रामनिवास ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में ग्रुप ए में कक्षा 6-7 और ग्रुप बी में कक्षा 8-12 तक के विधार्थियों ने हिस्सा लिया। उनके द्वारा पराली प्रबंधन व पर्यावरण विषय पर अपनी-अपनी समझ के अनुसार ड्राइंग बनाई। प्रतियोगिता में ग्रुप ए में यशमीत व यशमीन ने प्रथम, प्रीत ने द्वितीय, व परी तृतीय स्थान और ग्रुप बी में प्रिया ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, व रिया ने तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सहगल फाउंडेशन की तरफ से ओमप्रकाश नेहरा व संदीप ने बच्चों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान व पराली को खेत में ही मिलाने के फायदों के बारे में बताया और विधार्थियों को अपने-अपने अभिभावकों को पराली ना जलाने बारे जागरूक करने की अपील की।

### मां काली मूर्ति स्थापना पर विशाल भंडारा



**कलायत (कपिल रोहिल्ला/ कुलदीप परमार)।** कलायत स्थित नौगजा पीर के पास मां काली मूर्ति स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को निकाली गई कलश यात्रा और शोभायात्रा के बाद शनिवार की सुबह मां काली का पूजन किया गया। इस दौरान हवन में आहुतियां डाली गईं। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती हुई और विधि-विधान से पूजन के बाद कन्याओं को भोज कराकर भंडारे का शुभारम्भ किया गया। इसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जनता का वोट, कहीं रैलियां तो कहीं रोड शो, आज करनाल आएंगे नड्डा

कांग्रेसी कर रहे राहुल, प्रियंका का इंतजार, एनसीपी, जेजेपी, बसपा ने भी लगाया जोर

अर्थ प्रकाश/संदीप साहिल




**करनाल, 18 मई।** जनता के वोट के लिए कहीं रैलियां तो कहीं रोड शो हो रहे हैं। कहीं भाजपा और कांग्रेस के जलसे भी एक ही स्थान पर थो? समय अंतराल में हो रहे हैं। जनता वही है, हां उनकी आजकल चांदी है वे भाजपा की सभा अटैंड करते हैं और कांग्रेस में चाय पानी, नाश्ता करते हैं। चुनावी दिनों में रैलियों का मौसम वाजिब है। पार्टी के शीर्ष नेता वर्करों में जान फूंकने के लिए आ रहे हैं, ताकि रही सही कसर पूरी की जा सके। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबाला व सोनीपत में कार्यकर्ताओं में जोश भरकर जनता से जहां आशीर्वाद मांगा वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रविवार को करनाल आ रहे है। इसी कड़ी में कांग्रेसी 22 मई को संभावित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी का इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में 19 मई यानी आज रविवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सचिन पायलट समालखा आएंगे। करनाल के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोहरलाल के लिए घरौंडा विधानसभा में रोड शो निकाला गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। घरौंडा विधायक व लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण के अगुवाई में निकाले गए रोड शो में लोकसभा प्रत्याशी मनोहरलाल का फूल मालाओं से लोगों ने जबरदस्त स्वागत किया।

इसी कड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह ने करनाल के लोगों से अपने जनसंपर्क अभियान में तेजी ला दी है। वे लोगों से डोर टू डोर वोट की अपील कर रहे हैं। आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कुरुक्षेत्र साझे प्रत्याशी सुशील गुप्ता के लिए वोट मांगे। एनसएनसीपी के कैंडीडेट मराठा वीरेंद्र वर्मा जगह जगह सभाएं कर जनता से वोट की अपील कर रहे हैं। जेजेपी के लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान, उपचुनाव विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र मदान रामा, बसपा के लोकसभा प्रत्याशी इंद्रजीत भी सभाएं करके जनता से वोट की अपील कर रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि उपचुनाव विधानसभा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अति व्यस्तम समय में से केक सरेमनी फंक्शन के लिए भी समय निकाल रहे हैं। यही नहीं उनका एक शराब ठेकेदार के यहां जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

खबर ये भी है कि करनाल के लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बधिराजा ने असंध, बल्ला में बड़ी संख्या में लोगों की जनसभाओं में सरकार को बदलने के लिए वोट मांगे। इसी तरह कांग्रेस उपचुनाव प्रत्याशी सरदार त्रिलोचन सिंह लोगों से स्थानीय और पिछले साढ़े नौ साल की सरकार की कारगुजारी को आगे रखकर वोट मांग रहे हैं। एनसीपी प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा स्थानीय प्रत्याशी होने के साथ साथ कांग्रेस व भाजपा दोनो पर निशाना साधे हुए हैं। जेजेपी लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान का फोक्स पानीपत के साथ साथ करनाल के वोटर्स पर भी है। बसपा लोकसभा प्रत्याशी इंद्रजीत बसपा प्रमुख मायावती की रैली के बाद हौंसले में हैं।

**अंदर की बात:** अंदर की बात ये है कि वोटरों को रिझाने के लिए अब आने वाले समय में साम दाम दंड भेद की सारी पॉलिसी अपनाई जाएंगी। क्योंकि करनाल में त्रिकोणीय मुकाबले से स्थिति बदल गई है। कांग्रेस का चुनाव भी उठ गया है, खासी संख्या में करनाल के युवा, खासतौर पर बेरोजगार दिव्यांशु बुधिराजा, त्रिलोचन सिंह से कन्वींस हो रहे हैं। पंजाबी लीडर मनोज वधवा के कारण भी लोग उनसे जुड़ रहे हैं। वो कांग्रेसी जो कभी अलग अलग थे, अब इस चुनाव में इक्ठके हैं, हालांकि त्रिलोचन सिंह के चुनाव में ना तो सीनियर लीडर कुलदीप शर्मा नजर आ रहे हैं और ना ही पूर्व विधायक सुमिता सिंह, भीम सेन मेहता। हां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आगमन पर थोड़ी देर के लिए कुछ नेताओं का आगमन हो जाता है लेकिन फील्ड में नहीं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने करनाल लोकसभा व विधानसभा पर विशेष फोक्स करना शुरू कर दिया है। हालांकि करनाल विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी व करनाल निवर्तमान मेयर रेणू बाला गुप्ता लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत करा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी के भाषण के बाद मेयर रेणू बाला गुप्ता अपनी मर्मस्पर्शी आवाज में राष्ट्र हित के लिए जनता से दोनों प्रत्याशियों के लिए हाथ जोड़कर वोट की अपील कर रही हैं। भाजपा के पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता उन लोगों को मना रहे हैं जो लोग किसी ना किसी कारणवश पार्टी की कारगुजारियों से नाराज हैं। उनका झप्पी स्टाइल खूब चल रहा है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा चुनावी बस्तों की तैयारी में पूरी तरह मशगूल हैं। कांग्रेस कोर्डिनेटर गुरविंद्र कौर सोशल मीडिया व महिलाओं के माध्यम से लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का काम कर रही हैं।

## विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा मतदान जागरूकता शिविर आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 18 मई।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश रितु वाईके बहल के दिशानिर्देश के तहत व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रितु के आदेशानुसार एक विषेश मतदान जागरूकता शिविर का आयोजन बागड़ी लौहार बस्ती में लगाया गया। इस विशेष शिविर का मकसद गरीब व पिछड़ी बस्तियों में रहने वाले आमजन को उनके वोट के अधिकार व अपनी मर्जी से सही उम्मीदवार को वोट देकर, वोट देने के कर्तव्य को पूर करते हुए सरकार के निर्माण में अपने दायित्व को पूरा करना है। पैनल अधिवक्ता अरविन्द खुरानिया व पैराविधिक स्वंय सेविकाओं सुनीता, नीलम व सुमन ने बस्ती के लोगों महिलाओं व बच्चों को मतदान की शक्ति व मतदान की जानकारी दी। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाये गये सूचना पत्र को भी वितरित किया गया। उपस्थित बस्ती के लोगों ने आश्वासन दिया कि वे आने वाली 25 तारीख को अपने मत का सदुपयोग करते हुए अपनी समझ से सही उम्मीदवार को वोट डालेंगे व सरकार निर्माण में सहयोग करेंगे।

## स्वामी हरिओम महाराज ने बताया यज्ञ के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र, 18 मई।** शिव शक्ति जनकल्याण सेवा समिति द्वारा झांसा रोड स्थित बिशन गढ़ में शनिवार को जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान के तीसरे दिन आसपास के स्थानों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर यज्ञशाला परिक्रमा की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष प. राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी और नरेश सैनी ने बताया कि यह अनुष्ठान राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन सान्निध्य में चल रहा है। महायज्ञ अनुष्ठान जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी भी अन्य संत महापुरुषों के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष की मजबूती के लिए सनातन धर्म को घर घर पहुंचाना आवश्यक है। सनातन से ही युवाओं में राष्ट्रीयता जागृत होगी। स्वामी हरिओम महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से मनुष्य महान बनता है। यज्ञ से ही धन-धान्य की प्राप्ति होती है। भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु इस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सभी धर्म प्रेमियों को यज्ञ अनुष्ठान में अवश्य भाग लेना चाहिए। वहीं, यज्ञ के बाद श्रीमदभागवद कथा में आचार्य शुभम द्विवेदी चित्रकूट ने गोकरण व धुंधकारी प्रसंग विस्तार से सुनाया। उन्होंने यज्ञ की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है। यज्ञ से ही व्यक्ति का संपूर्ण जीवन सुखमय व आनंदमय बनता है। यज्ञ से ही मनु, रघु, हरीशचंद्र, दशरथ और दुष्यंत आदि चक्रवर्ती राजाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी।

## जेजेपी प्रत्याशी पाला राम सैनी ने वकीलों से की वोट की अपील

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 18 मई।** जननायक जनता पार्टी से कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी पालाराम सैनी ने कैथल बार रूम कैथल में पहुंचकर अधिवक्ताओं से वोट की अपील की। वहां पहुंचने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों व अन्य अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। वकीलों को संबोधित करते हुए पाला राम सैनी ने कहा कि किसी भी राजनैतिक पार्टी ने पहली बार कैथल के व्यक्ति को टिकट दिया है। अन्य पार्टियों के बाहर के प्रत्याशी भी आपके बीच आएंगे लेकिन वे आपके बीच के भाई हैं, आपके शहर के हैं, आपके दुख सुख के साथी हैं। इसलिए उन्हें इस बार लोक सभा क्षेत्र की जनता का सेवा करने के लिए अवसर दें ताकि लोकसभा क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से लोक सभा क्षेत्र में अनेक कार्यों व परियोजनाओं को आज तक सिरे नहीं चढ़ाया गया। यदि उन्हें मौका मिलता है तो वे प्राथमिकता के तौर पर उन परियोजनाओं को पूरा करने का काम करेंगे। पाला राम सैनी ने कहा कि वे समय-समय पर जिला बार एसोसिएशन के विभिन्न कार्यक्रमों में पहले भी आते रहे हैं और अधिवक्ताओं से उनके पारिवारिक संबंध हैं। सभी उनके चुनाव लडऩे से खुश हैं और सभी ने उन्हें सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान बलजिंद्र मलिक, उप-प्रधान विनीत गर्ग, गौरव वधवा सचिव, इंद्रजीत माटा सह सचिव, सुमन ठाकुर कोषाध्यक्ष, एडवोकेट हरदीप पाडला पूर्व प्रदेश टीवी पैनालिस्ट, चरण सिंह सजूमा, सेवा सिंह बालू जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ढुल, मयंक असीजा, संदीप पाडला, विनोद सैनी, कृष्ण सैनी, दीपक सैनी आदि उपस्थित रहे।

# हकृवि को 3 डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से मिले प्रमाण-पत्र

वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की सराहना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 मई।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को वर्सेटाइल हैंडी ट्रॉली, स्कॉलर चेयर व मूवेबल मिल्किंग स्टूल नामक 3 डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय ने डिजाइन का पंजीकरण प्रदान किया है। इन सभी डिजाइन को भारत सरकार की ओर से प्रमाण पत्र मिल गया है। जिसकी डिजाइन संख्या क्रमशः 386671-001, 386669-001 तथा 386668-001 है। इन सभी डिजाइन को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजु महता की देखरेख में दो शोध छात्राओं आयशा और मीनू ने किया।

### विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय को एक साथ 3 डिजाइन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व शोधार्थियों से भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रयासरत रहने की अपील की है ताकि विश्वविद्यालय का नाम यूं ही रोशन होता रहे।

### उपरोक्त डिजाइनों की ये हैं मुख्य विशेषताएं

वर्सेटाइल हैंडी ट्रॉली: यह ट्रॉली लोहे से बनी है। इसे मांसपेशियों के तनाव और थकान को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भारी भार को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में मदद करती है। जिससे उत्पादकता बढ़ती है। ट्रॉली के तीनों किनारों पर दिए गए रॉड समर्थन प्रदान करती है, जिससे भारी सामग्री गिरने या फिसलने से बचती है। उल्लेखनीय है कि पहले वाली ट्रॉली जिसमें रॉड नहीं थे व सामग्री गिरने का भी भय रहता था। उस ट्रॉली द्वारा काफी कम मात्रा में सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता था तथा थकान भी होती थी। विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया में अलग-अलग तकनीक का भी अध्ययन किया और उनकी उपयोगिता और स्थिरता की जांच की। स्कॉलर चेयर- इस चेयर के उपयोग के दौरान आराम प्रदान करने के लिए पीछे और सीट पर कुशन लगे हैं। उचित समर्थन के लिए और पीठ पर तनाव को कम करने के लिए कुर्सी के पिछले हिस्से को थोड़ा तिरछा किया गया है। लम्बे समय तक बैठने पर आराम में सुधार के लिए एर्ग्रोनोमिक फुट रेस्ट प्रदान किया गया है। इससे थकान कम होती है और पैरों को आराम मिलता है। अध्ययन, ड्राइंग जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए कुर्सी के बाई और एक फोलडेबल पैनल जुड़ा हुआ है। जब पैनल उपयोग में न हो तो उसे वापिस अपनी स्थिति में मोड़ा जा सकता है। यह कुर्सी काम करते समय व्यक्ति के शरीर को सहायता प्रदान करता है और रीड़ की हड्डी में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाता है। मूवेबल मिल्किंग स्टूल- बैठने की सुविधा के लिए स्टूल की सीट गद्देदार बनाई गई है। स्टूल के साथ लगे छोटे पहियों की सहायता से बैठकर स्टूल को घुमाकर दूध को आसानी से निकाला जा सकता है। यह स्टूल लोहे से बना है। इसके एक तरफ गिलास या मग रखने के लिए जगह दी गई है। यह मूवेबल मिल्किंग स्टूल उपयोगकर्ताओं को अनुचित मुद्रा के कारण होने वाले विभिन्न मांसपेशियों के तनाव से बचाता है। यह स्टूल काम करते समय पीठ के निचले हिस्से, कुल्हे के जोड़ो और रीड़ की हड्डी को सहायता प्रदान करता है। स्टूल का मुख्य लाभ व्यक्ति के लिए झुकते और बैठते समय आरामदायक सुरक्षा प्रदान करना है।




# सनातन विरोधियों को सत्ता पाने का कोई हक नहीं : डिप्टी सीएम दिया कुमारी

## दिया कुमारी ने कहा - गर्मी होने के बावजूद भी देशहित में कमल के फूल पर वोट डालकर कर्तव्य जरूर निभाएं

राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में भोजावास, धनौदा और खेड़ी तलवाना में की जनसभाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**महेंद्रगढ़, 18 मई।** राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने शनिवार को महेंद्रगढ़ जिला की अटेली विधानसभा में अलग-अलग कार्यक्रमों में कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस ने भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा कर सनातन का अपमान किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता पाने का कोई हक नहीं है।

दिया कुमारी ने आज भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में अटेली विधानसभा के भोजावास, धनौदा और खेड़ी तलवाना में तीन जनसभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कही। यहां उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई और सांसद धर्मबीर सिंह की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि धर्मबीर सिंह ने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण करवाया है।

भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 साल के शासन में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद के अलावा कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उनका लाभ पहुंचाया है। 10 सालों में देश और प्रदेश में जबरदस्त तरक्की हुई है। पूरी दुनिया में मोदी के नेतृत्व में भारत का मान -सम्मान बढ़ा है।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी होने के बावजूद भी देशहित में कमल के फूल पर वोट डालकर अपना कर्तव्य जरूर निभाएं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए धर्मबीर सिंह को प्रचंड बहुमत से जिताकर मोदी जी के पास भेजने का काम करें। 10 सालों में अगर कोई कमी रह गई है तो उसे धर्मबीर सिंह पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

दिया कुमारी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के समान इन्फ्रास्ट्रक्चर और जन सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। मोदी सरकार ने रेवाड़ी में एम्स का तोहफा देकर आस पास के राज्यों के लोगों को भी फायदा पहुंचाने का काम किया है। दिया कुमारी ने कहा कि जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ और लोगों का उत्साह इस बात का संकेत है कि यहां का जन-जन मोदी जी की गारंटी पर विश्वास करते हुए एक बार फिर से कमल खिलाने के लिए तैयार है।

पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने भी मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक काम हुए हैं। धारा-370 का खात्मा हुआ। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य और दिव्य मंदिर बना। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जबरदस्त विकास के काम हुए हैं। उन्होंने भी जनता से विकसित भारत बनाने के लिए कमल के फूल पर वोट देने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, विधायक सीताराम यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, सूरजगढ़ के विधायक सतीश पूनिया, प्रभारी अटेली सुधीर दीवान, जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, रोशन लाल, पूर्व मंत्री जसवंत यादव, अजीत कलवाड़ी, यतेंद्र राव, डा. राकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष सुरेश, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, अमरजीत यादव, चेयरमैन अशोक, राजेंद्र, पंकज सिंह और सतवीर यादव आदि उपस्थित रहे।

# एक करनाल में दो कमल खिलाने हैं : नायब सैनी

## लोकसभा में मनोहर लाल और विधानसभा में नायब को भारी मतों से जीताएं

- 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव
- दस साल में सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया
- मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा
- धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक के खिलाफ बिल लाए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 मई।** करनाल की सब्जीमंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने दस साल में हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। इस समय देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है। 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत को चुना जाना है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से देश की दशा और दिशा तय होगी। 25 मई को करनाल में दो कमल के फूल खिलेंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि 25 मई को करनाल से दो कमल के फूल बड़े मार्जन से खिलाएं। ये कमल के फूल एक लोकसभा सीट पर पूर्व सीएम मनोहर लाल के लिए कमल का बटन दबाना है और दूसरी सीट विधानसभा के लिए दो नंबर का बटन दबाकर बड़े मार्जन के साथ दो फूल खिलाकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के पास भेजने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं। सब्जी मंडी की बात करें तो हमारे सब्जी मंडी के किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना लाकर उसे मजबूत करने का काम किया है। भाइयों मुझे खुशी है कि इन दस सालों में मोदी सरकार ने देश में रोड के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने काम किया है।

### ई-मंडी की व्यवस्था

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों के लिए किसान रेल, किसान को अपने सामान का जहां अच्छा भाव मिले, उसे वहां तक भेजने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। किसानों के लिए ई–मंडी की व्यवस्था की गई है। इससे किसान घर बैठे बैठे दूर दराज की मंडी के रेट जान सकता है और फसलों को वहां बेच सकता है जहां उसे अच्छे दाम मिल रहे हैं। यह सरकार गरीब, किसान और हर वर्ग कि हितैषी सरकार है। देश में रोड क्नेक्टिविटी, रेलवे क्नेक्टिविटी, एयर क्नेक्टिविटी और जीडीपी बढ़ाने के लिए काम किया है। देश में नए मेडिकल कॉलेज और एम्स खोलने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। चाहे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने की बात हो चाहे देश समस्याओं के समाधान की बात हो। मोदी के नेतृत्व में चाहे धारा 370 हटाने की बात हो, चाहे मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक से निजात दिलाने की बात हो, चाहे सीटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लागू करने की बात हो मोदी के नृतृत्व में लोगों के जीवन को सुगम बनाने का काम किया है।

### मजबूती से निडर होकर करें मतदान

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव है। इसलिए आपसे अपील करते हैं कि सभी मजबूती से घर से बाहर निकलकर कमल का बटन दबाकर मनोहर लाल को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करें और विधानसभा के लिए भी कमल का फूल खिलाकर उसे चंडीगढ़ भेजने का काम करें। इस मौके पर कृष्ण लाल सचदेवा, अवतार सिंह तारी, सुनील गोपाल, विजय सहगल, जितेंद्र मलिक, प्रमोद बजाज, कमल ढींगड़ा, भारत सचदेवा और सब्जी मंडी एसोसिएशन और रेहड़ी एसोसिएशन के सदस्य और पदाधिरी मौजूद रहे।

### मंडियों में भावांतर भरपाई

नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने दस सालों में मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने मंडियों में किसानों के लिए भावांतर भरपाई योजना लाकर किसानों के उत्थान का काम किया है। इस योजना का लाभ सीधा किसानों को मिला है। इससे किसान मजबूत हुआ है। यह किसान हितैषी सरकार, किसानों को मजबूती की ओर ले जाने वाली सरकार है। किसानों को आगे ले जाने वाली सरकार है, युवाओं के लिए भी नए–नए इंसेंटिव खड़े करके रोजगार बढ़ाने का काम किया है। देश में इंडस्ट्रीज लगाने की बात हो, चाहे युवाओं को हस्त कौशल देकर खड़ा करने की बात, मुद्रा लोन दिलवाकर काम करवाने की बात हो सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है।

# बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और किसानों के मुद्दों पर बोलने से कतरा रही है भाजपा : कुमारी शैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सिरसा, 18 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि दस साल की राजनीति में बहुत बदलाव आया है, आज देश में संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग जारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार को प्रतिमाह 10 किलोग्राम राशन दिया जाएगा। मोदी सरकार बिना सिर पैर के मुद्दे उठाकर जनता को गुमराह कर रही है वह बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और किसानों के मुद्दों पर बोलने से कतरा रही है क्योंकि उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, लोकतंत्र में मान सम्मान होता है पर लोगों का मान सम्मान करना तो भाजपा के डीएनए में नहीं है, ये सरकार लोगों का दमन कर रही है, इस तानाशाह सरकार से छुटकारे का समय आ गया है लोग बस मतदान वाले दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

कुमारी सैलजा ने शनिवार को कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया। जगह जगह पर उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बुजुर्गो ने उनके सिर पर हाथ रखकर जीत का आशीर्वाद दिया। उनके साथ पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी, पूर्व सांसद डा. सुशील इंदौरा, विधायक शीशपाल केहरवाला, ओमप्रकाश केहरवाला, निर्मल सिंह मलडी, कृष्ण कुमार चेयरमैन ब्लाक समिति, कर्मजीत कौर, आर सी लिंबा, सुरजीत सिंह भावदीन, मनदीप सिंह शेरगिल, राजेश चाड़ीवाल, रत्न गैदर, भूपेंद्र सिंह राठौड, पुष्पा महंत, बलविंद्र सिंह नेहरा, विशाल वर्मा आदि मौजूद थे।

# दो सेक्टरों में 16 पोलिंग बूथ करेंगे प्रत्याशी के भाग्य का फैसला

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 18 मई।** सूरज की तपिश से जहां सिटी ब्यूटीफुल की धरती आग उगल रही है वहीं सियासी गलियारे का पारा भी चढ़ा हुआ है। नजदीक आती मतदान की घड़ी ने राजनीतिक दलों की नींद उड़ा रखी है। तभी शहर के हर वार्ड में चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं। इस वीकेंड पर शनिवार सुबह से बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अर्थ प्रकाश की ओर से आज उन 16 पोलिंग स्टेशनों की बात की जाएगी जहां 18502 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जी हां, सेक्टर 20 और 21 में अनुमानित आबादी के आधार पर देखें तो 9416 महिलाएं और 9088 पुरूष अब की बार यहां से मतदान में हिस्सा लेंगे। इस वीकेंड पर इन वोटरों को साधने में जुटे प्रत्याशियों के साथ बैठकों का दौर देखने को मिल रहा है। क्रमशः कल पढ़े सेक्टर 22, 23 व 24 का ब्यौरा।

| क्र.सं | पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्टेशन लोकेशन | पोलिंग क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 166 | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-ए म.नं. 1 से 210, बाल भवन, न्यू चर्च, डिस्पेंसरी, कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 20-डी, | 605 | 594 | 0 | 1199 |
| 167. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-ए म.नं. 211 से 410 | 592 | 603 | 0 | 1195 |
| 168. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-बी | सेक्टर 20-ए म.नं. 401 से 600, | 619 | 635 | 0 | 1254 |
| 169. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-बी | सेक्टर 20-ए म.नं. 601 से 713, टाइप-1 836 से 982, जामा मस्जिद | 645 | 634 | 0 | 1279 |
| 170. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-बी | सेक्टर 20-बी म.नं. 1001 से 1160, पुलिस क्वार्टर 1 से 108 | 569 | 581 | 0 | 1150 |
| 171. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-बी | सेक्टर 20-बी म.नं. 1161 से 1380, जीजीएसएस स्कूल सेक्टर 20-बी | 545 | 498 | 0 | 1039 |
| 172. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट कॉलेज फॉर एजुकेशन सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-बी म.नं. 1381 से 1580, सेक्टर 20-सी 201 से 2060, गुग्गा माडी मंदिर सेक्टर 20-ए, एससीएफ सेक्टर 20-बी, श्री चैतन्य गौढ़ीया मठ, बूथ | 629 | 580 | 0 | 1209 |
| 173. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट कॉलेज फॉर एजुकेशन सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-सी म.नं. 2061 से 2380, लक्ष्मी नारायण मंदिर, धोबी | 466 | 435 | 0 | 901 |
| 174. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट कॉलेज फॉर एजुकेशन सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-सी म.नं. 2381 से 2625, ज्ञानदीप मॉडल हाई स्कूल | 444 | 427 | 0 | 871 |
| 175. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-सी म.नं. 2616 से 2930, गुरुद्वारा सेक्टर 20-सी, एससीओ 20-सी मोटर गैरेज सेक्टर 20-सी | 484 | 445 | 0 | 929 |
| 176. | सेक्टर 20 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 20-डी | सेक्टर 20-सी म.नं. 2931 से 3000, सेक्टर 20-डी 3001 से 3151, गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 20-डी, एससीओ, प्राचीन भगवान वाल्मीकि आश्रम, बीएड कॉजेज, ट्यूबवैल, एससीएफ, सेक्टर 20-सरी एससीएफ एससीएफ बे-शॉप सेक्टर 20-सी, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल | 604 | 567 | 0 | 171 |
| 177. | सेक्टर 21 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-ए | सेक्टर 21-ए म.नं. 1 से 180 चर्च, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 21-ए | 505 | 493 | 0 | 998 |
| 178. | सेक्टर 21 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-ए | सेक्टर 21-ए म.नं. 181 से 353 | 467 | 427 | 0 | 894 |
| 179. | सेक्टर 21 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-ए | सेक्टर 21-बी म.नं. 1001 से 1220 निरंकारी भवन सेक्टर 21-बी | 485 | 427 | 0 | 894 |
| 180. | सेक्टर 21 | ईश्वर सिंह डीएवी समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-सी | सेक्टर 21-बी म.नं. 1221से 1296 सेक्टर 21-सी 2001 से 2120, गुरुद्वारा, डीएवी समाज स्कूल, प्राचीन शिव मंदिर, एससीएफ मानव मंगल स्कूल | 571 | 544 | 0 | 1115 |
| 181. | सेक्टर 21 | ईश्वर सिंह डीएवी समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-सी | सेक्टर 21-सी म.नं. 2121 से 2283 सेक्टर 21-डी 3001 से 3100 | 556 | 576 | 0 | 1132 |
| 182. | सेक्टर 21 | ईश्वर सिंह डीएवी समाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 21-सी | सेक्टर 21-डी म.नं. 3101 से 3356, रेस्ट हाउस, कम्युनिटी सेंटर | 630 | 570 | 0 | 1200 |

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : दुष्यंत गौतम

- करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल में नायब सैनी के लिए की वोट की अपील
- हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन की संयोजन में हुआ सम्मेलन

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन

**करनाल, 18 मई।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। वर्ष 2047 में हमारा देश आर्थिक रूप से महाशक्ति बनेगा। दुष्यंत कुमार गौतम शनिवार को करनाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने करनाल में शिब कालोनी गली नंबर एक में आयोजित दलित डीएनडी सम्मेलन में शिरकत की। उनके साथ एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता, प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने संबोधित करते हुए मनोहर लाल को भारी मतों से जिताने कि अपील की। दुष्यंत गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गो के लिए बड़ी गति से काम किए हैं। हरियाणा का तेजी से विकास हुआ है यह डबल इंजन सरकार की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो विकसित भारत का निर्माण कर सकती है।

इसलिए एक-एक वोट बीजेपी को देकर देश को मजबूत करने का काम करें। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा,ण्ढवोकेट प्रसन्नता चांवरिया जिला प्रभारी, ओमप्रकाश जिलाध्यक्ष ,अनिल कुमार जिला महामंत्री,कर्मबीर कल्याण, भाजपा नैत्री संतोष पाल, डेहा समाज से प्रधान सेवा राम ,डा. इंद्र सिंह, पवन कुमार, डा. कृष्ण गोपाल ,रजनीत सिंह, रणजीत चौहान, इंजीनियर आरडी कल्याण, एडवोकेट जयपाल कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सुरक्षा की दृष्टि से 25 से 30 फीट गहरे तालाब पर नहीं की गई कटीली फेंसिंग

- बस्ती के लोगों को सता रहा हादसे का डर,
- एक सप्ताह पहले 5 वर्षीय मासूम की इसी तालाब में डूबने से हो चुकी है मौत
- ग्रामीणों ने सौंदर्यकरण के नाम पर लीपापोती करने के लगाए आरोप

कपिल रोहिल्ला/कुलदीप परमार

**कलायत, 18 मई।** गांव बात्ता में 10 मई को 5 वर्षीय मासूम प्रतीक की तालाब में डूबने से हुई दर्दनाक मौत के बाद भी पंचायत विभाग द्वारा कोई सबक नहीं लिया गया है। बस्ती के नजदीक करीब 25 से 30 फीट गहरे तालाब के आसपास दर्जनों बच्चे खेलते हैं। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से तालाब किनारे किसी तरह की फेंसिंग व बेरिकेडिंग नहीं की गई है। ग्रामीणों को हर समय बड़े हादसे का डर सता रहा है। गांव बात्ता स्थित बड़ी आल पत्ती निवासी सतीश कुमार , अजीत ,वकील , राजू शर्मा , रोशन , नरेश , दिनेश , ओमप्रकाश शर्मा आदि ने बताया कि बस्ती के नजदीक मौजूद पतेसर तालाब की कुछ महीने पहले पंचायत विभाग की देखरेख में खुदाई की गई है। तालाब के सौंदर्य करण के नाम पर केवल मात्र लीपा पोती की गई है। करीब 6 से 7 एकड़ में बने तालाब के आसपास किसी तरह की फेंसिंग या बेरिकेडिंग नहीं की गई है। बस्ती के दर्जनों छोटे बड़े बच्चे तालाब के आसपास ही खेलते रहते हैं। किनारों पर सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण उनके साथ कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग अधिकारियों से सुरक्षा की दृष्टि से तालाब के किनारे कटीली फेंसिंग या बेरिकेडिंग करवाए जाने की मांग की है।

**एक सप्ताह पहले इसी तालाब में डूबने से हुई थी 5 वर्षीय मासूम प्रतीक की मौत:** ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि तालाब के किनारे फेंसिंग या बैरिकेड नहीं होने के कारण 10 मई को 5 वर्षीय मासूम प्रतीक पुत्र कुलदीप शर्मा की डूबने से मौत हो चुकी है। प्रतीक मछलियों को दाना डालने गया था उसी समय वह हादसे का शिकार हो गया उसके बाद भी विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से तालाब के किनारे कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

बीडीपीओ तरुण सुथार ने कहा कि तालाब के सौंदर्यकरण को लेकर कितना कार्य हो चुका है। इसकी रिपोर्ट ग्राम सचिव से ली जाएगी है। उनके द्वारा जल्द ही तालाब का मौका मुवायना भी किया जाएगा। कोई हादसा ना हो इसके लिए विभाग द्वारा पर्याप्त कदम उठाए जाएंगे।

## सम्पादकीय

# मई माह में ही गर्मी तोड़ने लगी रिकार्ड, आगे न जाने क्या होगा

*अभी मई का महीना भी नहीं बीता है कि गर्मी रिकॉर्ड तोड़ने लगी है। पूरे उत्तर भारत में हीट वेव शुरू हो चुकी है और सुबह के सात बजते-बजते गर्मी का ऐसा दौर शुरू होता है, जोकि रात को बारह-एक बजे तक अनवरत जारी रहता है। गर्मियों के मौसम में गर्मी नहीं होगी तो क्या ठंड होगी, ऐसा कहा जा सकता है लेकिन चिंता की बात यह है कि आजकल गर्मियां पहले के वर्षों की तुलना में कहीं अधिक घातक और बे टाइम हो गई लगती हैं। आजकल पूरी रात एसी और पंखे धनधनाते रहते हैं। अब तो हालात ऐसे हैं कि एसी भी जवाब देने लगे हैं, पंखों, कूलरों की तो बिसात क्या है। मौसम विभाग रोजाना नई भविष्यवाणी दे रहा है, लेकिन महज कुछ डिग्री तापमान कम होने की खबर किसे खुशी दे सकती है। अगले कुछ हफ्तों तक भी मौसम विभाग ऐसे ही तापमान के बने रहने की संभावना जाहिर कर रहा है। इतनी गर्मी की वजह क्या है?*

**माना जा रहा है कि राजस्थान की ओर से दक्षिण पश्चिमी हवाएं अपने साथ गर्म हवाएं लेकर आ रही हैं। वहीं कोई निम्न दाब क्षेत्र भी निर्मित नहीं हो रहा। हालांकि इस गर्मी की वजह अब बेहद साफ दिखाई देने लगी है, देश में वन क्षेत्र लगातार कम होता जा रहा है और पर्यावरण को हानि का परिणाम सामने दिख रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली हो या फिर चंडीगढ़, हर जगह आग के गोले बरस रहे हैं। अर्बन जंगल के बीच फंसी जिंदगी इतनी रुआंसी हो चुकी है कि बच्चों को राहत नहीं है, बड़े-बुजुर्ग बेहद परेशान हैं और कामकाजी एवं युवाओं का भी पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा। दिल्ली में तो ऊंची इमारतों के बीच जिंदगी कुछ और ही हो गई है।**

*माना जा रहा है कि राजस्थान की ओर से दक्षिण पश्चिमी हवाएं अपने साथ गर्म हवाएं लेकर आ रही हैं। वहीं कोई निम्न दाब क्षेत्र भी निर्मित नहीं हो रहा। हालांकि इस गर्मी की वजह अब बेहद साफ दिखाई देने लगी है, देश में वन क्षेत्र लगातार कम होता जा रहा है और पर्यावरण को हानि का परिणाम सामने दिख रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली हो या फिर चंडीगढ़, हर जगह आग के गोले बरस रहे हैं। अर्बन जंगल के बीच फंसी जिंदगी इतनी रुआंसी हो चुकी है कि बच्चों को राहत नहीं है, बड़े-बुजुर्ग बेहद परेशान हैं और कामकाजी एवं युवाओं का भी पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा। दिल्ली में तो ऊंची इमारतों के बीच जिंदगी कुछ और ही हो गई है। एसी से निकलने वाली हीट दीवारों के बीच फंस कर जीवन और जोखिमपूर्ण बना रही है। चंडीगढ़, मोहाली, जीरकपुर, पंचकूला के इलाकों में भी ऐसी ही स्थिति है। अर्बन हीट आइलैंड (कंक्रीट की इमारतों के बीच फंसी गर्मी वाले इलाके) अब चर्चित हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह अर्बन हीट आइलैंड का असर है। जिसकी वजह शहरीकरण और ग्रीन एरिया कम हो गया है। चिकित्सकों की राय है कि इतने अधिक तापमान के अंतर के बीच लोग सुबह और शाम के समय रोज सफर कर रहे हैं, तो उनका बीमार होना तय है। तापमान में अंतर होने पर बॉडी के लिए इसे सहन करना मुश्किल होता है। दरअसल तापमान में अंतर जितना अधिक होगा, उतना ही यह बॉडी के लिए असहज होगा।*

*मौसम विभाग के अनुसार अर्बन एरिया में आसपास के एरिया की तुलना में तापमान कुछ अधिक दर्ज होता है। खासतौर पर यह अंतर रात और सुबह-शाम अधिक रहता है। इसे अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट कहते हैं। इसकी कुछ खास वजह हैं। जिनमें शहरी आबादी में वेंटिलेशन कम होने लगता है, ऊंची बिल्डिंगों की वजह से गर्मी ट्रैप हो जाती है, इंसानी गतिविधियों से भी गर्मी बढ़ती है। वहीं, कंक्रीट खुद गर्मी बढ़ाने की वजह है। अब अगर चंडीगढ़ के संबंध में विचार करें तो विशेषज्ञों के अनुसार शहर और इसके आसपास के इलाकों में ऐसा ट्रेंड कायम रहा है कि अगर तापमान 42 से 43 डिग्री हो जाता है तो लोकल क्लाउड फार्मेशन की वजह से बरसात हो जाती है, लेकिन इस बार मई में ही तापमान 44 डिग्री से ऊपर पहुंच चुका है।*

*वैसे, इसकी संभावना जाहिर की जा रही है कि अगले दिनों में गर्म हवाएं और तेज हो सकती हैं। हरियाणा में स्कूलों का समय बदलने का फैसला उचित ही है, देश के दूसरे हिस्सों में भी इसी प्रकार से स्कूलों का समय बदला जा रहा है। यह चिंता की बात है कि पंजाब जैसे प्रगतिशील राज्य में बिजली की समस्या गहरा रही है। राज्य में रोजाना बिजली के कट लग रहे हैं, इस वजह से पानी की सप्लाई एवं अन्य जरूरतें प्रभावित हो रही हैं।*

*वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। बीते दिनों दुबई में बाढ़ आ गई थी। इसी प्रकार उन ठंडे प्रदेशों में अब गर्मी से जिंदगी बेहाल हो रही है, जोकि सैर सपाटे के लिए सबकी पसंदीदा मंजिल होते थे। उत्तराखंड के जंगल जल रहे हैं। भारत एवं विश्व में जिस प्रकार से प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण होता जा रहा है, वह मौसम चक्र को खराब कर रहा है। क्या यह समय प्रकृति की ओर लौटने का नहीं है। भारत में अब ज्यादातर लोग मौसम के बदले स्वरूप से चिंतित हैं, लेकिन जरूरत इसकी है कि हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए सभी मिलकर कदम उठाएं।*

# आखिर क्यों आदर्श आचार संहिता की कोई नजीर पेश होती?

**बीते कुछ सालों में देश में जितने भी चुनाव हुए हैं, चाहे वो लोकसभा के हों या विधानसभा के, सब में आचार संहिता उल्लंघन के मामले सामने आते रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां आमतौर इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेतीं। उल्लंघन करने पर कार्रवाई तो होती है, पर वो ऐसी नहीं होती की कोई नजीर पेश कर सके चुनाव आयोग जैसे ही विधानसभा या लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करता है वैसे ही मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। आदर्श आचार संहिता उस चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम बनाए हैं। इन नियमों को ही आचार संहिता कहा जाता है।अगर कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो चुनाव आयोग उनके खिलाफ़ नियमानुसार कार्रवाई कर सकता है। इनमें दोषी के चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाने तक की कार्रवाई शामिल है, ज़रूरी होने पर आयोग आपराधिक मुक़दमा भी दर्ज करा सकता है। यहां तक कि दोषी पाए जाने पर जेल की सज़ा भी हो सकती है**



**-प्रियंका सौरभ**

आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) भारत के चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए उनके चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखने के लिए जारी दिशानिर्देशों का एक सेट है। इसमें चुनाव से पहले नेताओं और पार्टियों के लिए क्या करें और क्या न करें की एक सूची दी गई है। आदर्श आचार संहिता चुनावी धोखाधड़ी की समस्याओं से निपटने का प्रयास करती है और यह गारंटी देती है कि चुनाव निष्पक्ष और कानूनी रूप से आयोजित किए जाते हैं। आदर्श आचार संहिता राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोकती है जो पहले से मौजूद तनाव को बढ़ा सकती है, दुश्मनी को बढ़ावा दे सकती है। एक दूसरे के प्रति, और विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषाई समूहों के बीच संघर्ष को जन्म देता है।

एमसीसी राजनीतिक दलों से अपने मंच की स्पष्ट व्याख्या और चुनाव के दौरान आवश्यक धन जुटाने की योजना की सामान्य रूपरेखा प्रदान करने का आग्रह करता है। आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सत्ता में मौजूद पार्टी द्वारा अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के लिए सरकारी मशीनरी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर असमानताओं को कम करना है।

आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह की सरकारी घोषणाएं, योजनाओं की घोषणा, परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास या भूमिपूजन के कार्यक्रम नहीं किया जा सकता। सरकारी गाड़ी, सरकारी विमान या सरकारी बंगले का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता है। किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से पहले पुलिस से अनुमति लेनी होगी। कोई भी राजनीतिक दल जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं से वोट नहीं मांग सकता न ही वह ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हो सकता है जिससे धर्म या जाति के आधार पर मतभेद या तनाव पैदा हो। राजनीतिक दलों की आलोचना के दौरान उनकी नीतियों, कार्यक्रम, पूर्व रिकार्ड और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए। अनुमति के बिना किसी की ज़मीन, घर, परिसर की दीवारों पर पार्टी के झंडे, बैनर आदि नहीं लगाए जा सकते। मतदान के दिन शराब की दुकानें बंद रहती हैं। वोटरों को शराब या पैसे बाँटने पर भी मनाही होती है।

मतदान के दौरान ये सुनिश्चित करना होता है कि मतदान बूथों के पास राजनीतिक दल और उम्मीदवारों के शिविर में भीड़ इकट्ठा न हों। शिविर



साधारण हों और वहां किसी भी तरह की प्रचार सामग्री मौजूद न हो। कोई भी खाद्य सामग्री नहीं परोसी जाए। सभी दल और उम्मीदवार ऐसी सभी गतिविधियों से परहेज करें जो चुनावी आचार संहिता के तहत 'भ्रष्ट आचरण' और अपराध की श्रेणी में आते हैं- जैसे मतदाताओं को पैसे देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, फ़र्ज़ी वोट डलवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, मतदान से पहले प्रचार बंद हो जाने के बाद भी प्रचार करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना। राजनीतिक कार्यक्रमों पर नज़र रखने के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक या ऑब्ज़र्वर नियुक्त करता है। आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग की इजाज़त के बिना किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला नहीं किया जा सकता है।

भारत के चुनाव आयोग को 1968 के चुनाव चिह्न आदेश के माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर किसी पार्टी की मान्यता निलंबित करने या वापस लेने का अधिकार है। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप पार्टी को अपना आरक्षित प्रतीक खोना पड़ सकता है, जिससे उसकी चुनावी भागीदारी प्रभावित हो सकती है। ईसीआई को सभी पार्टियों और उम्मीदवारों पर एमसीसी लागू करने में तटस्थ रहना चाहिए। एमसीसी को कानूनी समर्थन देने के लिए चुनाव सुधारों पर स्थायी समिति के प्रस्ताव की जांच और जांच करना आवश्यक है।नई प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए एमसीसी में संशोधन- फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के दुरुपयोग को संबोधित करने के लिए, जिनका उपयोग चुनाव के दिन जनता की राय को प्रभावित करने के लिए किया जाता है, एमसीसी को संशोधित किया जाना चाहिए, और ईसीआई की क्षमता का विस्तार किया जाना चाहिए।

एमसीसी उल्लंघन के मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें बनाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए ईसीआई को निर्देश भी दे सकता है। हालाँकि एमसीसी के पास कोई वैधानिक समर्थन नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इसके सख्त कार्यान्वयन के कारण पिछले दशक में इसे ताकत हासिल हुई है। इन उपायों को लागू करके, भारत का चुनाव आयोग देश में चुनावों की अखंडता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने, आदर्श आचार संहिता को बनाए रखने में अपनी भूमिका को और मजबूत कर सकता है।

सभी नियमों को जानने-समझने के बाद रह जाता है एक सवाल कि क्या आदर्श आचार संहिता का पालन ठीक से होता है? वैसे तो आचार संहिता को लेकर कोई पुख्ता नियम नहीं हैं। इसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाना है। इसे लागू करने के लिए चुनाव आयोग नैतिक मंजूरी या निंदा का उपयोग करता है। चुनाव आयोग को इसके तहत कुछ शक्तियां मिली हुई हैं जैसे लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद आयोग ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किये हैं। बीते कुछ सालों में देश में जितने भी चुनाव हुए हैं, चाहे वो लोकसभा के हों या विधानसभा के, सब में आचार संहिता उल्लंघन के मामले सामने आते रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां आमतौर इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेतीं। उल्लंघन करने पर कार्रवाई तो होती है, पर वो ऐसी नहीं होती की कोई नजीर पेश कर सके।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# हरियाणा में फिर 4 की हत्या

**चंडीगढ़।** खाड़कुओं ने हरियाणा प्रदेश के जिला सिरसा से गांव साहूवाली में गत रात्रि के दौरान एक शराब के ठेके पर अंधाधुंध गोलियां चलाकर 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी। मृतकों में जगदीश, ख्यालाराम, रमेश और राम प्रसाद नामक चार व्यक्ति है। यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार खाड़कु पहले गांव के सरपंच गुरजन सिंह के घर गए और उसका रिवाल्वर छीन लिया। उसके बाद खाड़कु सरपंच को अपने साथ लेकर एक अन्य व्यक्ति के घर में ए। वहां भी उन्होंने घर के मालिक से उसका रिवाल्वर छीन लिया। बाद में खाड़कु नजदीक के एक शराब के ठेके पर गए। खाड़कुओं ने वहां शराब के ठेके पर मौजूदा चार लोगों में सबसे पहले खयालाराम की गोली मारकर हत्या की। इसके बाद अन्य तीन बचे हुए लोगों जगदीश, राम प्रसाद और रमेश को एक लाइन में खड़ा करके गोली मार दी। वारदात के बाद घटनास्थल से फरार होने से पूर्व खाड़कुओं ने शराब ठेके को और ठेके के मालिक की जीप को आग लगा दी।

## कामरेड जसबीर समेत छह की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कामरेड जसबीर सिंह सहित 6 लोगों की खाड़कुओं ने हत्या कर दी जबकि सुरक्षाबलों ने चार खाड़कुओं को मार गिराया। यह प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात जिला रोपड़ में कुछ हथियार बंद हमलावरों ने कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कामरेड जसबीर सिंह जो गत चुनाव में पंजाब विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे को बुलाकर घर से खेतों में ले गए जहां उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। संगरूर जिला में कोट डोना नामक गांव में खाड़कुओं ने मिट्ठे सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। इसी दौरान फिरोजपुर जिला के तसरेवाल में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खाड़कु शिंदा और जगतार सिंह मारे गये जबकि उनका एक अन्य साथी भागने में कामयाब हो गया। अमृतसर जिला के भिखीविंड इलाके में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खुंखार खाड़कु मारे गये। इनमें से एक की पहचान दशमेश रेजीमैंट के स्वयभू कमाण्डर मंगलभिड़ के रूप में की गई है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1521- उसमानी सेना ने भयानक लड़ाई के बाद बालकान प्रायद्वीप में यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड पर अधिकार कर लिया।

1536- इंग्लैंड के राजा हेनरी 8 की दूसरी पत्नी और क्वीन एलिजाबेथ प्रथम की मां ऐने बोलीन को व्याभिचार का दोष सिद्ध होने पर मौत के घाट उतार दिया गया।

1824- सन 1857 के भारतीय स्वतन्त्रता के प्रथम संग्राम के शिल्पकार नाना साहब का जन्म।

1892- बहुचर्चित नाटककार और कवि ऑस्कर वाइल्ड को दो साल की सजा के बाद जेल से रिहा किया गया। उन्हें समलैंगिकता के अपराध में यह सजा सुनाई गई थी। उस समय ब्रिटेन में समलैंगिकता गैरकानूनी थी।

1904- टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का निधन।

1910- नाथूराम गोडसे का जन्म। इतिहास में उसका नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे के तौर पर दर्ज है।

1913- भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी का जन्म।

1934- भारतीय तमिल सिनेमा की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका पी. लीला का जन्म।

1936- ब्रिटेन के आविष्कारक रॉबर्ट डेटसन वाट ने रडार बनाया और यह प्रणाली सबसे पहले ब्रिटेन के हवाई अड्डे पर स्थापित की गई।

1938- कवि, रंगमंच कर्मी, कहानी लेखक, नाटककार, फ़िल्मि निर्देशक और फ़िल्मि अभिनेता गिरीश कर्नाड का जन्म।

1950- मिस्र ने स्वेज नहर को इजरायली जहाजों के लिए बंद करने की घोषणा की।

1971- भारतीय नौसेना का पहला पनडुब्बी अड्डा वीर बाहू विशाखापत्तनम में शुरू हुआ।

1996- प्रसिद्ध तमिल अभिनेत्री तथा तमिलनाडु की भूतपूर्व मुख्यमंत्री जानकी रामचन्द्रन का निधन।

1999- भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त, मैक्सिको में 'बाल्कान डिफ़्यूजो' नामक ज्वालामुखी सक्रिय।

2000- फिजी में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी की सरकार को सात नाकाबपोश सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा तख्तापलट।

2001- इजरायल का फ़िलिस्तीनी मुख्यालयों पर हवाई हमला, 15 घायल।

2002- पूर्वी तिमोर चार सदियों की दासता के बाद नयी सहस्त्राब्दी के पहले नये राष्ट्र के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा।

## बोल ब्यूटीफुल



**यशवंत देशमुखः** क्या विचित्र निर्णय है भाई? अमेठी तो वाकओवर दिया। यह तो फिर भी समझ आता है, पर रायबरेली सीट क्यों खराब कर रहे है? सोचिए कि रायबरेली और वायनाड, दोनों जीतेंगे तो एक सीट छोड़नी होगी। केरल में विधानसभा चुनाव जीतने का अच्छा मौका है कांग्रेस के पास। तब वायनाड खाली करना गलत होगा और रायबरेली खाली करना और भी गलत।

**अखिलेश शर्माः** निजी अस्पतालों का व्यवहार चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता? स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी जटिलताए क्यों चर्चा में नहीं आती? क्यों बीमा कंपनियां बिल को हरी झंडी देने में कई-कई घंटे लगा देती है?

**अभिसार शर्माः** आखिर अमेठी से चुनाव लड़ने का राबर्ट वाड्रा का सपना चकनाचूर हो गया। स्मिता प्रकाश राहुल अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे? वह डरो मत वाले नारे पर खुद अमल नहीं करते क्या?



## जो लिख रहे हैं इन दिनों

# मन से उठने वाली सशक्त तरंगें ही कविता हैं

### मंजू चौहान से सुमित्रा की बातचीत

डॉ. मंजू चौहान चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में प्रोफेसर के पद पर हैं। इनकी चार पुस्तकें और पचास से अधिक शोध पत्र कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। ये हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखती हैं। अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और सेमिनार्स में रिसोर्स पर्सन के तौर पर अपने विचार प्रकट कर चुकीं हैं। बहुत सारी साहित्यिक संस्थाओं की मेंबर भी हैं। इनको पढ़ने और गाने का बहुत शौक है। ये अपने सरल स्वभाव के लिए जानी जाती हैं।

पिछले दिनों डॉ. मंजू चौहान से 'अर्थप्रकाश' के लिए सुमित्रा ने उनके लेखन को उनसे लेकर लंबी बात की। यहां प्रस्तुत हैं इस बातचीत के मुख्य अंशः-

**आपकी नजर में कविता क्या है?**

- कविता मन से उठने वाली वो सशक्त तरंगें हैं, जिन्हें मस्तिष्क द्वारा दबाया नहीं जा सकता और उनके छींटे अक्सर पन्नों पर पड़ जाते हैं। यह बारिश की बूंदों की तरह स्वच्छंद होती हैं, जिसे बलपूर्वक नहीं लाया जा सकता।

**साहित्य की तरफ आपका रुझान कैसे पैदा हुआ?**

- यूं तो परिवार में कोई लेखक या कवि नहीं है, परंतु पढ़ने के सभी शौकीन है। बस पढ़ते-पढ़ते कब लिखना सीख गई, पता ही नहीं चला।

**अपने लेखन से आप कितना संतुष्ट हैं?**

- मैं कभी अपनी रचनाओं से संतुष्ट नहीं हो पाई. जब भी अपनी पुरानी रचनाएं पढ़ती हूं तो लगता है कि इससे बेहतर लिखा जा सकता था और शायद इसी को ग्रोथ कहते हैं।

**आपको किस-किस साहित्यकार ने प्रभावित किया है?**

- हर एक कवि की अपनी विशेषताएं होती हैं। मैंने अंग्रेजी और हिंदी, दोनों भाषाओं के कवियों की रचनाएं पढ़ी हैं और कुछ कवि जो मुझे अत्यधिक पसंद हैं, वे है- जॉन कीट्स, रॉबर्ट फ्रॉस्ट, महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, निराला, हरिवंश राय बच्चन और रॉबर्ट ब्राउनी, क्योंकि ये सभी रचनकार सरल शब्दों में गहरी से गहरी बात बड़ी सरलता से पाठकों के दिल तक पहुंचा देते हैं।

**सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर साहित्य में इसके योगदान को आप कैसे देखती हैं?**





- साहित्य के क्षेत्र में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। वह लेखक कवि-कवियत्रियां, जो कभी किन्हीं भी कारणों से अपने घर से बाहर ना निकल सके और उनकी रचनाएं, उनकी डायरी में ही कैद होकर रह गई थीं, सोशल मीडिया ने उनकी कला को नया आसमान और नए पंख दिए हैं।

**आप नौकरी अथवा गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए लिखने के लिए कैसे समय निकाल पाती हैं ?**

- मैं कभी सोच-समझकर लिखने नहीं बैठती। बस, अचानक काम करते करते कुछ भाव मन में ऐसे आ जाते हैं, जैसे पेड़ों पर पत्तियां। स्वतः और चुपचाप। बस, मैं तो उन्हें शब्दों में कैद करने का काम करती हूं।

**हाल ही में आपके कहानी/कविता संग्रह का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया था. इस संग्रह की काफी चर्चा हो रही है. क्यों?**

- 'प्रेम प्रहरी,' मेरा हाल ही में लिखा काव्य संग्रह आया है और इस प्रश्न का उत्तर मैं एक कविता के माध्यम से देना चाहूंगीः

अंधेरे ने निगला हुआ आसमां है  
है झुलसी बहारें, रूठी फिजां है  
कई नाम से अब दीवारें बनी हैं  
मोहब्बत के सीने पर आरी तनी है  
हवाओं में कोई जहर घोल आया  
ये दोजख के दरवाजे वो खोल आया  
पागल ही समझेंगे ये लोग मुझको  
मैं आंचल में ढक कर दीया रख रही हूं  
आएंगी फिर से बहारें यहीं पर  
मैं शिद्दत से बैठी राह तक रही हूं  
बिलखता है मंज़र मगर आस गहरी  
यही प्रेम प्रहरी! यही प्रेम प्रहरी!

**साहित्यिक संस्थाओं की भूमिका के बारे में आप क्या कहना चाहेंगी?**

- आज के समय में जब इंसान में इंसानियत ख़त्म होती जा रही है, साहित्य में ही एक आशा की किरण नज़र आ रही है और साहित्यिक संस्थाएं इसी किरण को जलाए रखने के प्रयास का नाम है।

**आगे आने वाले दिनों में आपकी क्या योजनाएं हैं?**

- कुछ नई पुस्तकों के प्रकाशन का कार्य चल रहा है। मैं स्वयं अक्सर काव्य गोष्ठियां और साहित्यिक परिचर्चा के कार्यक्रम ऑफलाइन और ऑनलाइन आयोजित करती रही हूं। प्रयास करूंगी कि नई पीढ़ी को अधिक से अधिक साहित्य से जोड़ सकूं।

**नए रचनाकारों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?**

- पढ़ें और खूब पढ़ें। लिखने की जल्दी न करें। जब अंतरमन ज्ञान से परिपूर्ण हो जायेगा तो कविता स्वतः ही प्रवाहित होने लगेगी।

### डॉ. मंजू चौहान की कुछ रचनाएं

**तन्हाई**

शाम ढले जब ख़त्म हुई  
जीवन से हाथापाई  
मन के आंगन उतरे हम दो  
मैं और एक तन्हाई ।

बैठी पास मेरे तो  
उसको देख के मैं चकराई  
सिर पर मेरे हाथ फेर  
तन्हाई यूं फ़रमाई

तुमको कब से ढूंढ रही थी  
और देखो तुम यहां हो  
जब मैं हूं तेरे साथ लाडली  
तुम कैसे तन्हा हो ।

**बचपन**

वह बचपन जादू सा था  
दुनिया ही हमारी लगती थी

पापा खुशियां लाते थे  
मां ज्यादा प्यारी लगती थी

संगी साथी साथ चले तो  
जीत हमारी लगती थी

नन्हें-नन्हें हाथों से  
हर मुश्किल हारी लगती थी

मां से गाली खाना भी  
जब हमको अच्छा लगता था

परियों का हर एक किस्सा  
हमको सच्चा लगता था

बारिश की नन्हीं बूंदें भी  
हंसी-ठिठौली करती थी


हवा उड़ाकर छाते को जब  
आंख मिचौली करती थी

वह सारी प्यारी बातें  
प्यारी नादानी लगती थीं

दुनियां प्यारी लगती थी  
एक सुखद कहानी लगती थी

**ये जो मेरी कविता है**

ये जो मेरी कविता है  
तुम्हारे होठों से ही  
चुनी है मैंने।  
मैंने देखा था  
जब भटक रहे थे तुम  
बंजर जमीं पर  
छाती पीटते हुए  
अपनी दोनों आंखों के  
सैलाब को समेटने के लिए  
जब तुम्हारे पास  
दोनों हाथों के सिवा  
कुछ भी न था,  
कुछ गिरा था  
तुम्हारी आंख से।  
लावा , हां!  
लावा ही था शायद ।  
वही लावा  
मैंने लफ्ज़ों में भर लिया था.




### प्रकाशित पुस्तकें

1. Echoes and Sighs
2. काव्यकलियां
3. प्रेम प्रहरी
4. Bricolage

### पुरस्कार / सम्मान

* काव्य श्री सम्मान
* शारदा साहित्य सम्मान
* दिनमान अलंकरण सम्मान
* साहित्य सागर सम्मान

# दिल्ली की तर्ज पर हाउसिंग बोर्ड निवासियों की समस्याओं को कराऊंगा शत-प्रतिशत हल : संजय टंडन

भाजपा उम्मीदवार को चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की एसोसिएशनो ने दिया समर्थन का आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 मई।** 'चंडीगड़ शहर की हाउसिंग बोर्ड निवासियों की सभी समस्याओं को दिल्ली की तर्ज पर शत प्रतिशत हल करवा कर रहूंगा। केंद्र में मोदी सरकार का तीसरी बार आना तय है। चंडीगढ़ से आपके आशीर्वाद के उपरान्त सांसद बनते ही तुरंत डबल इंजन की सरकार के माध्यम से इस काम को तीव्रता से हल करवा कर चैन की सांस लूँगा।

दिल्ली के लोगों की इस समस्या का समाधान भाजपा के सांसद ने ही दिलवाया था और चंडीगढ़ में भी भाजपा का सांसद ही इस बार इस समस्या को हल करवा कर ही रहेगा 'ये उदगार चंडीगढ़ लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन ने आज चंडीगढ़ की विभिन्न हाउसिंग बोर्ड एसोसिएशनो के अध्यक्षों और उनके नुमाईंदों के साथ सेक्टर 44 में वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ हाउसिंग बोर्ड के पूर्व निदेशक प्रेम कौशिक, सेक्टर 44 डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल आहलुवालिया, सेक्टर 44 से वी के निर्मल, सेक्टर 61 के ऐ डी गेरा, सेक्टर 45 ऐ के एस बी सरना, सेक्टर 40 डी के तरसेम शर्मा सेक्टर 41 ऐ के आर सी गंभीर, सेक्टर 42 ऐ सुदेश शर्मा, सेक्टर 56 से मुद्दत सिंह आदि सैंकड़ों लोग भी उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि भाजपा के तत्कालीन सांसद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के कुशल नेतृत्व में, 1999 में दिल्ली में लागू किए गए समाधान को भारत के सात राज्यों द्वारा पहले ही अपनाया जा चुका है। इस चुनाव को जीतने के बाद हम इसे यूटी, चंडीगढ़ में अपनाएंगे। चंडीगढ़ के हाउसिंग बोर्ड द्वारा 64000 मकानों के लोगों को आये दिन वायलेशन के नोटिस भेज भेज कर परेशान करने वाली समस्या से भी निजात मिलेगी और लोग अपनी जरूरत के अनुरूप अपने घर में परिवर्तन कर सकेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि उद्योगपतियों, व्यापारियों और हाउसिंग बोर्ड इकाइयों के निवासियों सहित तकरीबन 80 फीसदी आबादी पुरानी नीतियों में बदलाव की मांग कर रही है। इसके साथ ही लीजहोल्ड को फ्रीहोल्ड में बदलने, आवश्यकता-आधारित परिवर्तन, फ्लोर एरिया अनुपात, फ्लोर-वार रजिस्ट्री और अन्य मुद्दों को भी सुलझाया जाएगा।

### कई एसोसियेशनों ने दिया समर्थन का भरोसा

भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन की बातों को सुनने के उपरान्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच खुशी की लहर उठी और सभी एसोसिएशनों के अध्यक्षों और नुमाईंदों ने उन्हें भी पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि अगर कोई इस समस्या को समझता है तो वो टंडन ही हैं और वो पहले से इस समस्या को हल करवाने के लिए केंद्र सरकार के साथ संपर्क में भी रहे हैं और ऐसे में उन्हें पूरा भरोसा है कि संजय टंडन ही इस समस्या को हल करवाएंगे। उनके साथ हमारे सभी सदस्य कंधे के साथ कन्धा मिला कर खड़े हैं और उनको पूरा समर्थन देने की घोषणा करते हैं।

## मार्केट एसोसिएशन सेक्टर 44 डी में बीजेपी प्रत्याशी संजय टंडन का जोरदार स्वागत



छाया : अजय चौधरी

**चंडीगढ।** मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर 44 डी के अध्यक्ष श्री अनील वोहरा, एरिया कौंसिलर जस्मंप्रीत सिंह, सेक्रेटरी दिलजीत सिंह और मार्किट के सदस्यों ने बीजेपी लोक सभा प्रत्याशी श्री संजय टंडन का जोरदार स्वागत किया और उन्होंने सारी मार्किट में पद यात्रा करके सभी से आशीर्वाद लिया और मार्किट एसोसिएशन ने आश्वासन दिया की इस लोक सभा इलेक्शन में उनको पूरा समर्थन देंगे। इसके इसके साथ ही मोहिंदर कुमार, उद्योगपति ने अपने कई साथियों के साथ आज सेक्टर 44 डी में पद यात्रा के दौरान बीजेपी में शामिल हुए और संजय टंडन जी ने उन्हें सरोपा देकर सम्मानित किया। इस पद यात्रा में डॉ गीता जोशी, अशोक गोयल, नरिंदर गोयल, विजय जोहरी, नरिंदर पल सिंग, संदीप धुप्पर और अन्य मौजूद थे इसके अलावा बीजेपी ट्रेडर्स सेल के प्रधान श्री बलजिंदर गुजराल और उनके साथी, चंडीगढ़ बेओपर मंडल के प्रधान श्री चरंजिव सिंह, कमलजीत सिंह पंची और उनके साथी, बीजेपी डिस्ट्रिक्ट प्रधान जोशी जी और उनकी टीम मौऊद थे।

## मलोया में कल को योगी आदित्यनाथ की विशाल चुनावी जनसभा : मल्होत्रा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने शनिवार को तैयारियों का किया निरीक्षण

चंडीगढ़ में माहौल पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 मई।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि 20 मई को पार्टी के स्टार प्रचारक यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ मलोया में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बड़ी जनसभा की तैयारियां जोरशोर से जारी है। शनिवार को प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, उपाध्यक्ष रामबीर भट्टी, महामंत्री हुकम चंद, अमित जिंदल और जिलाध्यक्ष रवि रावत और मंडल अध्यक्ष कृष्ण गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने आयोजन स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्य नाथ के प्रति लोगों में काफी उत्साह है। योगी महाराज की सम्मोहित कर देने वाली भाषण शैली और शानदार कार्यशैली से प्रभावित चंडीगढ़ की जनता भी उन्हें करीब से देखना और सुनना चाहती है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। योगी जी की जनसभा के दौरान सुरक्षा के साथ साथ दूसरे तमाम प्रबंध पुखता रुप से किए जा रहे हैं। इन प्रबंधों को लेकर संगठन और भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बैठके हो चुकी हैं और इन्हें अलग अलग ड्यूटी सौंपी गई है।

प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि चंडीगढ़ का चुनाव पहले दिन से भाजपा के पक्ष में है। भाजपा के दिग्गज नेता भी आश्वस्त है कि चंडीगढ़ सीट पर भाजपा प्रत्याशी 60 प्रतिशत से अधिक वोटों से विजयी होकर लोकसभा में पहुंचने वाले हैं। अभी तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के बाद इस चुनाव में योगी महाराज जैसे दिग्गज नेता की आवाज चंडीगढ़ वासियों को सुनने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के यह दिग्गज नेता केवल चंडीगढ़ की जनता से वोट की अपील करने के लिए ही नहीं,बल्कि उन्हें यह भी आश्वस्त करने आ रहे हैं कि भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन की जीत के बाद चंडीगढ़ के विकास में भाजपा सांसद के साथ साथ इन सभी नेताओं का भी योगदान होगा।

## शहर में 250 से अधिक योग शिविरों का किया आयोजन : पासी



अर्थ प्रकाश /सुशील सहगल

**चंडीगढ़।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित पतंजलि योग समिति चंडीगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आज आर आर पासी, प्रभारी पतंजलि, चंडीगढ़ के नेतृत्व में महामहिम राज्य पाल, पंजाब व प्रशासक, चंडीगढ़ प्रशासन से भेंट की।

इस प्रतिनिधिमंडल में के एन पांडे राज्य कार्यकारिणी सदस्य व अंजना सोनी राज्य कार्यकारिणी सदस्य भी शामिल हुए। पासी ने महामहिम राज्यपाल जी को एक पत्र सौंपते हुए बताया कि चंडीगढ़ में समिति 13.06.2004 से योग के प्रचार प्रसार हेतु कार्यरत है। चंडीगढ़ शहर में अब तक 250 से अधिक योग शिविरों का आयोजन किया जा चुका है और इस समय समिति अपने 155 शिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा 66 निःशुल्क योग कक्षाओं कर संचालन कर रही है। जिस से हज़ारों लोग लाभप्रद हो रहें हैं।

महामहिम राज्य पाल व प्रशासक चंडीगढ़ ने समिति के सदस्यों द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना की ओर उन्होंने योग के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## संधू फुटबॉल क्लब ने दर्ज की बड़ी जीत

### चंडीगढ़ यूथ फुटबॉल लीग के मुकाबले चौथे दिन भी जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूथ फुटबॉल लीग फॉर केबी मलिक मेमोरियल ट्रॉफी के मुकाबले सेक्टर-46 कॉम्प्लेक्स के फुटबॉल ग्राउंड में जारी हैं। संधू एफसी ने दिन की बड़ी जीत दर्ज की और दिल्ली पब्लिक स्कूल को एकतरफा मैच में हरा दिया। अंडर-15 कैटेगरी का पहला मैच संधू एफसी और दिल्ली पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इसमें संधू एफसी ने 10-0 की जीत दर्ज की। अनिकेत ने 34वें, 40वें, 47वें और 49वें मिनट में चार गोल किए, जबकि अर्शबीर सिंह ने 17वें, 28वें और 35वें मिनट में संधू एफसी के लिए तीन गोल दागे। 27वें और 33वें मिनट में वंश थापा ने दो गोल किए और 19वें मिनट में सार्थक घोष ने गोल किया। दूसरे मैच में सेंट जॉन्स हाई स्कूल ने संधू एफसी(रेड) को 6-0 के अंतर से हराया। 14वें मिनट में ऋषित ने सेंट जॉन्स के लिए पहला गोल किया। करण ने 28वें, 49वें और 60वें मिनट में तीन गोल किए, जबकि लक्ष्य और पवित ने 50वें और 60वें मिनट में क्रमशः एक-एक गोल किया।

कैटेगरी के तीसरे मैच में सैफरॉन एरो एफसी ने रॉयल एफसी को 3-2 से हराया। खेल के तीसरे, 23वें और 59वें मिनट में सैफरॉन एफसी के लिए सागर, हरमन और करमवीर ने 1-1 गोल किया, जबकि खेल के 15वें और 35वें मिनट में रॉयल एफसी के लिए राज और निखिल ने 1-1 गोल दागा। चौथे मैच में सेंट स्टीफंस स्कूल ने स्ट्राबेरी फील्ड को 2-0 से हराया। 44वें और 51वें मिनट में नोदित और करण ने 1-1 गोल किया।

अंडर-15 के पांचवें मैच में स्पेल विला एफसी ने बनयन ट्री एफसी को 6-0 से हराया। तीसरे और 44 वें मिनट में शारूया ने दो गोल किए। आरुष ने खेल के 18वें, 22वें और 30वें मिनट में तीन गोल दागे। 43वें मिनट में बेवम ने एक गोल किया।

अंडर-13 वर्ग में सेंट जॉन्स हाई स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को 6-4 के अंतर से हराया। सेंट जॉन्स के लिए 7वें और 10वें मिनट में आदित्य ने दो गोल किए, खेल के 18वें और 32वें मिनट में अभिमन्यु ने भी दो गोल किए, खेल के 12वें मिनट में ध्रुव विज ने एक गोल किया।

## सत्यपाल जैन एवं देवेश मोदगिल ने केदार नाथ भंडारे के लिये किए ट्रक रवाना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** ओम महादेव कावड़ सेवादल द्वारा चण्डीगड़ से दूसरी बार केदारनाथ धाम में 30 दिनों तक 24 घंटे भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है।

चण्डीगड़ के पूर्व भाजपा सांसद एवं भारत सरकार के अपर महासालिसिटर श्री सत्य पाल जैन एवं पूर्व महापौर श्री देवेष मोदगिल ने आज षिव मंदिर बुड़ैल से भण्डारे के लिये खाद्य सामग्री लेकर जा रहे ट्रकों को झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि चण्डीगड़ के नौजवानों ने केदारनाथ में जाकर वहां पर तीर्थ यात्रियों के लिये भण्डारें का आयोजन करके चण्डीगड़ वासियों का सर गर्व से ऊँचा किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बिना स्वार्थ के सेवा करना बहुत बड़ी बात है तथा सारी युवा शक्ति के लिये उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि अपने व्यक्तिगत एवं राजनैतिक स्वार्थ के लिये तो बहुत लोग सेवा कार्य करते हैं लेकिन बिना व्यक्तिगत तथा राजनैतिक स्वार्थ के जनता की सेवा करना वास्तव में सही मानवता की सेवा है।

इस अवसर पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रीमति पूनम कोठारी, श्री नरेष गर्ग, श्री गौरव श्रीवास्तव, श्री गुलाटी, श्री अभिषेक और श्री सोनु भी उपस्थित थे।

## पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आग उगल रहा सूरज

हरियाणा के सिरसा-नूंह में 46.5 और पंजाब के समराला में 46.1 डिग्री के पार हुआ पारा

हीट वेव से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा खतरा, चारदीवारी में रहने की सलाह



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़/पंचकूला।** पंजाब, हरियाणा समेत चंडीगढ़ और आसपास के शहरों में सूरज आग उगल रहा है। दोनों प्रदेशों में लोगों का चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों से बुरा हाल है। शनिवार को आसमान से बरस रही आग से हरियाणा के नूंह और सिरसा जिलों में पारा 46.5 डिग्री से पार होने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। यही हालात पंजाब के समराला में देखने को मिल रहे हैं। समराला में लोग दिनभर सूरज की तपिश के थपेड़ों को झेलते रहे। गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग हर संभव कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं स्थानीय प्रशासन की तरफ से जिलों में गर्मी के भीषण हालात को देखते हुए पानी, छाव की जगहों पर ध्यान दिया जा रहा है। तो दूसरी तरफ, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ लोगों को हीटवेव के इस मौसम में घर की चारदीवारी में रहने की सलाह दे रहे हैं। क्योंकि इस दौरान बच्चों और बुजुर्ग लोगों को हीट वेव का सबसे अधिक खतरा हो सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, चंडीगढ़ के मुताबिक रविवार से लेकर बुधवार तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास बना रहने की संभावना है। दिन के साथ साथ गर्मी का असर रात को भी जारी रहेगा।

### ट्राईसिटी, समेत पंजाब और हरियाणा की धरती यूं उगल रही आग

शहर/जिला अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान डिग्री, चंडीगढ़ 44.8 27.5, पंचकूला 42.7 25.3, अंबाला 43.9 28.2, हिसार 45.3 25.2, नारनौल 45.5 30.0, रोहतक 45.2 27.2, सिरसा 46.8 28.8, हिसार, बलासमंड 46.2 26.2. जींद, पंडू-पिंडारा 46 28.5. नूंह 46.5 30.0, फरीदाबाद 45.8 27.4, समराला 46.1. अमृतसर 44.3 26.6

## मिनर्वा एकेडमी का सब-जूनियर लीग में दबदबा कायम

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सब-जूनियर आईलीग में मिनर्वा एकेडमी की अंडर-13 टीम ने दबदबा कायम रखा और कॉर्बेट एफसी पर 15-3 की जबरदस्त जीत दर्ज की। यह प्रभावशाली जीत उनके ऐतिहासिक फाइनल राउंड को आगे लेकर जाएगी।

सिटी टीम ने कॉर्बेट एफसी को 15-3 के विशाल अंतर से रौंदा

उन्होंने पिछले मैच में बड़ौदा एफए के खिलाफ 21 गोल किए थे। मैच की शुरुआत धमाकेदार रही और 5वें मिनट में पुंशीबा ने गोल करके बढ़त बना ली। इसके कुछ ही मिनट बाद आजम ने बढ़त दोगुनी कर दी। आजम ने 10वें मिनट में दो गोल किए, जबकि चेतन ने 12वें और 47वें मिनट में दो गोल अपने नाम किए। डेनामोनी ने पूरे मैच में प्रभावशाली 6 गोल के साथ अपना घातक गोल स्कोरिंग फॉर्म को जारी रखा। टोनी भी हैट्रिक के साथ कार्रवाई में शामिल हो गए और महेश ने मिनर्वा एफसी के लिए जीत का सौदा पक्का करने के लिए एक और गोल के साथ स्कोरिंग को पूरा किया।

## युवा स्तंभ एनजीओ ने शुरू किया स्कूल ऑफ इमीनेंस, 30 बच्चों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** शहर की समाज सेवा संस्था युवा स्तंभ ने सेक्टर-26 के बापूधाम में स्कूल ऑफ इमीनेंस स्थापित किया है। यहां बापूधाम के 30 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा दी जाएगी और उनकी काउंसलिंग भी कराई जाएगी। इन बच्चों का दाखिला हो चुका है और पढ़ाई भी शुरू हो गई है।

एनजीओ के संस्थापक उपेंद्र मौर्य ने बताया कि बापूधाम में बहुत से ऐसे बच्चे हैं, जिनके परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। वह अपने बच्चों के स्कूल के किताब-कॉपी आदि का खर्च नहीं उठा पाते हैं। वह ऐसे कई बच्चों से मिले जिसके बाद उन्होंने बापूधाम के इन सभी बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने बताया कि स्कूल ऑफ इमीनेंस को स्थापित करने में नन्हे कदम एनजीओ, राउंड टेबल इंडिया और नन्ही जान एनजीओ की रेनू गोयल ने सहयोग किया है। उपेंद्र ने बताया कि एनजीओ की तरफ से सभी बच्चों को नए स्कूल बैग भी वितरित किए गए हैं। साथ ही पढ़ाई के लिए किताब, कॉपी व स्टेशनरी आदि भी दिए गए हैं। स्कूल में बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि उन्हें जीवन के अन्य क्षेत्र में भी निपुण किया जाएगा। उनकी काउंसलिंग कराई जाएगी। साथ ही शहर के नामी व सफल व्यक्तियों को गेस्ट स्पीकर के तौर पर बुलाया जाएगा। वह उन बच्चों को अपने जीवन की कहानी के बारे में बताएंगे, जिससे बच्चे मोटिवेट हो सके और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और उनकी तरह बनने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### हवन पूजन के साथ हुई स्कूल की शुरुआत

स्कूल का इमीनेंस की शुरुआत सेक्टर 26 के बापूधाम स्थित एनजीओ की लाइब्रेरी में हवन पूजन के साथ की गई ताकि एक सकारात्मक माहौल बन सके और सभी बच्चे बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सके। उपेंद्र मौर्य ने बताया कि एनजीओ की तरफ से पिछले कई सालों से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई कराई जा रही है। अब तक हजारों बच्चों को किताब व स्टेशनरी वितरित की जा चुकी है।

## मनवीर कौर गिल ने सैलजा की रायपुरानी में होने वाली जनसभा के लिए दिया न्यौता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** कालका हलके से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्री मति मनवीर कौर गिल ने शुक्रवार को रायतन एरिया के मघरीवाला गांव में बैठक कर आगामी 20 मई को कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी वरुण चौधरी के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा की रायपुरनी में होने वाली जनसभा के लिए न्यौता दिया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व चेयरमैन संतोष शर्मा, युवा कांग्रेस के महासचिव मुकेश सिरसवाल, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष चंचल शर्मा समेत पंच भी मौजूद थे। इस मौके पर बैठक में उपस्थित महिलाओं ने कहा वे कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए पूरी मेहनत करेंगी और वरुण चौधरी को कालका हलके से भारी बहुमत से विजयी बना कर भेजेंगी। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मति मनवीर कौर गिल ने दावा किया कि कांग्रेस की आंधी के आगे भाजपा हरियाणा में नहीं टिकेगी और प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार विजयी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचकूला और कालका दोनों हलकों में वरुण चौधरी को भारी समर्थन मिल रहा है और उनकी जीत पक्की है।

## ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर जीवन को खुशहाल बनाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से देशभर में महिला संत समागम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंडीगढ के सेक्टर 30 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में महिला संत समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में हैदराबाद (तेलंगाना) के जोनल इंचार्ज बहन मोहिनी आहूजा जी ने सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का शुभ संदेश प्रदान किया।

निरंकारी मिशन में महिलाओं के महान योगदान का जिक्र करते हुए बहन मोहिनी जी ने कहा कि मिशन के पूज्य जगत माता बुद्धवंती जी, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी, माता सविंदर हरदेव जी व वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का असाधारण योगदान महिला जगत का ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति का निरंतर मार्गदर्शन कर रहा है। बहन मोहिनी जी ने कहा कि हर नारी स्वयं भी खुश रहना चाहती हैं और घर-परिवार को भी खुशमय बनाना चाहती हैं तो '' निरंकारी सत्संग'' से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। निरंकारी सतगुरू से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर प्रभु परमात्मा को जानकर जीवन का असली मकसद हासिल करके लाखों इंसानों का जीवन सफल हुआ है और उनके घर परिवारों में रोनकें आ गयी हैं। जिस घर में परिवार के सभी सदस्य मर्यादा में रहते हुए अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को निभाते हैं वहां हर समय प्यार ही प्यार होता है व स्वर्ग का नक्शा बना रहता है तथा ऐसे घर-परिवार में शारीरिक, मानसिक व आर्थिक अर्थात हर तरह के सुख बरसते हैं।

उन्होंने कहा कि निरंकारी सत्संग से सीख लेकर हजारों नारियों ने अपने घर परिवार की तस्वीर बदल दी है, वे सिर्फ प्रवचन सुनने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि निरंकारी सतगुरु द्वारा प्रदान ''ब्रह्मज्ञान'' को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर, अपने आचरण द्वारा प्रेम तथा शांति का माहौल देकर अपने ही घर को स्वर्ग बना दिया है। मिशन के विचारधारा के बारे में बहन मोहिनी जी ने कहा कि कोई भी इंसान प्रभु का ज्ञान प्राप्त करके प्रभु की इच्छा के अनुरूप जीवन जापन कर सकता है। संसार की सारी जिम्मेदारियां को निभाते हुए भी वह कमल की भांति अनासक्त भाव से सहज अवस्था में जीवन जी सकता है।

## बारह साल की लड़की का दिल प्रत्यारोपण के लिए चंडीगढ़ से चेन्नई पहुंचा, छह को दी नई जिंदगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** बारह साल की लड़की के परिजनों ने एक अहम निर्णय के बाद अंगदान किये। इसके बाद पीजीआई चंडीगढ़ से लड़की का दिल 2500 किलोमीटर दूर चेन्नई पहुंचाया गया जहां इसे हासिल करने वाला मरीज मिल गया। बच्ची के अन्य अंग जैसे लीवर, किडनी व कॉर्निया भी पीजीआई में जरूरतमंदों को दे दिया गये। यानि ब्रेन डैड होने के बाद संयोगिता नाम की इस लड़की के अंगों से छह लोगों को नई जिंदगी मिली। दूसरों को भी यह प्रेरित करने वाली घटना है।

12 साल की संयोगिता जो उत्तरप्रदेश के बदायुं जिले के गांव मुंडिया के रहने वाले हरिओम की बेटी थी को 12 मई को एक सड़क दुर्घटना में चोट लगी। बद्दी के ईएसआई अस्पताल में प्रारंभिक चिकित्सा के बाद उसे पीजीआई लाया गया। मेडिकल टीम ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश की लेकिन 17 मई को संयोगिता को ब्रेन डैड घोषित कर दिया गया। दुख की इस घड़ी में परिजनों के लिये अंगदान करने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन परिजनों ने फैसला किया कि जरूरतमंदों को वह संयोगिता के अंग प्रदान करेंगे। संयोगिता के पिता हरिओम ने कहा कि बेटी को खोना अपने आप में दुखद है लेकिन इस घड़ी में हम दूसरों को आशा की किरण देना चाहते थे। यही संयोगिता चाहती थी। रोटो के नोडल अफसर और पीजीआई के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. विपिन कौशल के अनुसार परिजनों ने बड़ी हिम्मत से आगे आकर अंगदान का निर्णय लिया जिसके लिये हम आभारी हैं। पीजीआई की मेडिकल टीम ने जरूरतमंद मरीजों में अंग प्रत्यारोपित कर इन्हें नई जिंदगी दी। चूंकि संयोगिता के दिल का यहां कोई मैच नहीं मिला लिहाजा उसका दिल नोटो की मदद से एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल, चेन्नई में भेजा गया। पीजीआई चंडीगढ़ से इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मोहाली तक 22 मिनट में ग्रीन कोरिडोर बनाकर इसे पहुंचाया गया। शुक्रवार को 3 बजकर 25 मिनट पर विस्तारा एयरलाइंस से इसे रात 8.30 बजे चेन्नई पहुंचाया गया। इसे एमजीएम अस्पताल में छह माह की बच्ची में ट्रांसप्लांट कर दिया गया। संयोगिता का लीवर भी 36 साल के पुरुष मरीज में प्रत्यारोपित कर दिया गया जिससे उसे दूसरी जिंदगी मिली। उसकी दोनों किडनी भी 25 साल व 42 साल के पुरुष में प्रत्यारोपित कर दी गई। दो मरीजों को कॉर्निया दे दिये गये जिससे उनकी दृष्टि वापिस मिली।

# ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई: भगवंत मान

## बोले- ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं, 140 करोड़ लोगों का देश

आरोप- बीजेपी ने तेल, रेल, एयरपोर्ट और एलआईसी सब बेच

नवीन जिंदल समेत पूरे देश के भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल हुए: सुशील गुप्ता



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 18 मई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को पूंडरी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव खतरनाक मोड पर खड़े हमारे देश को बचाने का चुनाव है। देश ऐसे मोड पर खड़ा है कि या तो देश तानाशाही की तरफ जाएगा या लोकतांत्रिक तरीके से चुने लोग जनता की इच्छा के मुताबिक काम करेंगे।

देश या तो संविधान खत्म करने वाली पार्टी के हाथ में आएगा या फिर ऐसे पार्टियों के हाथ में आएगा जो चाहती हैं कि देश तरक्की करे। इसलिए ये लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। इसके बाद भगवंत मान ने इंडिया गठबंधन के कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के लिए प्रचार करते हुए उनके समर्थन में वोट मांगें। समर्थकों की भारी भीड़ रही और जनता ने पूरे रास्ते फूलों की वर्षा से भगवंत मान का स्वागत किया। रैली के संयोजक सतबीर भाणा, नरेंद्र शर्मा, सुल्तान जडौला और सज्जन सिंह ढुल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता कहते हैं हमें 400 से पार सीट दे दो हम संविधान को बदल देंगे। यदि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का लिखा संविधान बदल गया तो देश में चुनाव नहीं हो जाएंगे और रूस जैसे हालात हो जाएंगे। जहां पुतिन के खिलाफ कोई वोट नहीं डाल सकता। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि बीजेपी वाले अहंकार में इतने अंधे हो गए हैं उनको पता नहीं है कि ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है, ये देश 140 करोड़ लोगों का देश है। हमारे पुरखों ने अपना बलिदान देकर ये देश हमको दिया है। शहीदे आजम भगत सिंह, करतार सिंह, लाला लाजपतराय, चंद्रशेखर आजाद और अशफाक उल्ला ने लड़ाई लड़ी, तब हमें ये देश मिला है। हरियाणा पंजाब के लोगों को तो आजादी के लिए बहुत मोल चुकाना पड़ा है। बंटवारे में 10 लाख लोग मारे गए जो हमारे चाचा, मामा, नाना और दादा थे। इसलिए इस आजादी को बचाने के लिए आज भी हरियाणा और पंजाब के युवा सरहदों पर सीना तान कर खड़े हैं।

### 25 मई, बीजेपी गई

उन्होंने कहा बीजेपी इस गलतफहमी में न रहे कि वो अरविंद केजरीवाल को अंदर करके पार्टी को तोड़ देंगे या किसी पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करके उस पार्टी की आवाज को बंद कर देंगे। हम वो पत्ते नहीं जो साख से टूट कर गिर जाएंगे, आंधियों को कह दो वो अपनी औकात में रहे। दिल्ली और हरियाणा में 25 मई को वोटिंग है, जो नारा दिल्ली में चल रहा है कि 25 मई, बीजेपी गई, ये नारा हरियाणा में भी चला लो। पहले चार चरणों में बीजेपी को पता चल गया है कि उनका 400 पार नहीं बेड़ा पार भी नहीं हो रहा। जब पीएम मोदी को पता चला कि वो हार रहे हैं तो वो धमकी भरे भाषण देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैं मात्र सवा दो साल में 43 हजार सरकार नौकरी दे चुका हूं, किसी को एक भी रुपया रिश्वत का नहीं देना पड़ा। बीजेपी ने तेल, रेल, भेल, एयरपोर्ट और एलआईसी सब बेच दिया। लेकिन देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि पंजाब की सरकार ने 540 मेगावाट के थर्मल प्लांट को खरीद लिया है। पंजाब में खेतों वाली बिजली भी मुफ्त है।

### हम जानते हैं किसानों की परेशानी

मान ने कहा हम जमीन से जुड़े लोग हैं, हमें पता है कि मुश्किलें क्या हैं। उनको क्या पता जो सोने का चमच्च लेकर पैदा हुए हैं। हरियाणा और पंजाब के किसान देश का पेट पालते हैं। लेकिन जब किसान दिल्ली जाना चाहते हैं तो उनके रास्तों में कीलें ठोक देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी किसानों से बात तक नहीं करते। महंगाई बढ़ रही है तो फसलों का दाम क्यों नहीं बढ़ रहा।

### देश के भ्रष्टाचारी हो रहे हैं बीजेपी में शामिल: सुशील गुप्ता

उन्होंने कहा कि आज बीजेपी बुरी तरह से डरी हुई है। चार चरणों के चुनावों में बीजेपी हार की तरफ जा रही है। यही कारणा है बीजेपी की हरियाणा सरकार भी डगमगा गई है। इनके साथ वाले विधायक इनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। हरियाणा में पोर्टल के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। फैमिली आईडी और प्रॉपर्टी के नाम पर देश का लूटा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कुरुक्षेत्र में आकर नवीन जिंदल को 1 लाख 86 हजार करोड़ का कोयला चोर कहा। फिर उसी से 1.96 करोड़ रुपए का चंदा लेकर उसको उम्मीदवार बना दिया। आज पूरे देश के भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल होते जा रहे हैं। सभी बीजेपी की वाशिंग मशीन में धुलते जा रहे हैं। इसलिए अब समय परिवर्तन का है।

# रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में मान समर्थकों ने थामा कांग्रेस का हाथ

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 18 मई।** तेजी मान के समर्थकों ने रणदीप सुरजेवाला को समर्थन देने का ऐलान किया है। उन्होंने सुरजेवाला के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वादा किया और उनके लिए जमीनी स्तर पर जी तोड़ मेहनत करने का आश्वासन भी दिया। तेजी समर्थकों ने कहा कि सुरजेवाला परिवार और तेजी परिवार का पारिवारिक संबंध है। मान के समर्थकों ने कहा कि पूरे हरियाणा के जितने भी मान के समर्थक हैं हम उनमें एक नई अलख जगाएंगे और प्रत्येक साथी को रणदीप सुरजेवाला के साथ जोड़कर सुरजेवाला के कंधों को और ज्यादा मजबूत करेंगे क्योंकि इलाके और क्षेत्र मे अब एक नए नेतृत्व की जरूरत है। रणदीप सुरजेवाला ने सभी का इस मान सम्मान के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें पुरजोर तरीके से आश्वासत भी किया कि स्व. तेजी मान और बॉबी मान ने उन्हें हमेशा उनकी टीम की रखवाली करने का वचन लिया हुआ है। आज वो दुनिया में नहीं है लेकिन उनके साथियों की संभाल करना मेरा दायित्व भी बनता है और फर्ज भी। मेरा वचन है आपसे कि आपकी बेकद्री नहीं होने दी जाएगी, आपके हकों और अधिकारों का हमेशा सम्मान किया जाएगा। सुरजेवाला ने सभी मान समर्थकों से आग्रह भी किया कि पूरे इलाके में घूमकर लोकसभा कुरुक्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के लिए चुनाव प्रचार व प्रसार करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या मे भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर मान समर्थक रणधीर कसान, कृष्ण सरपंच सिसला, भीम कौलेखां, तरसेम फरियाबाद, शमशेर कुराड़, मास्टर राजेश बूरा सारन, रामकुमार कसान, सुखविंद्र कसान, बल्लू गुलियाना, रामकुमार सेरधा, अमित सेरधा, शमशेर भालंग, नसीब भाणा, टीनूराज सारन, बिन्द्र सारन, सुरेश बूरा, जोरा सिनंद, सत्तू कैलरम, महाबीर बालू, देवीराम सरपंच खेड़ी शेरखा, लेखराज तारागढ़, योगराज सरपंच तारागढ़, राजेश तारागढ़, यशपाल चहल हरिपुरा, रणधीर चहल हरिपुरा, टिंकू ढुल सेरधा, प्रीतम पूर्व सरपंच माजरा, सुरेश माजरा, धर्म सिंह माजरा, मनोज नरड़, जरनैल संधू खेड़ी शेरखां, दलबीर सिंह खेड़ी शेरू, धर्मबीर गुलियाना, कर्ण कसान, बिट्टू कसान, नरेश कसान, सतबीर जांगड़ा चौशाला सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में आस्था जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय टीबी टास्क फोर्स ने किया आदेश अस्पताल का दौरा



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/कुलतार)।** टीबी रोग को भारत में 2025 में खत्म करने के उद्देश्य से गठित की गई राष्ट्रीय टास्क फोर्स के अध्यक्ष डा. अशोक कुमार भारद्वाज ने शनिवार को शाहाबाद के मोहड़ी में स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ कुरुक्षेत्र के उप सिविल सर्जन एवं सह टीबी अधिकारी डा. संदीप और डब्लयूएचओ से सलाहकार सुखवंत सिंह भी मौजूद थे। टास्क फोर्स के अध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में मिशन शुरू किया है और इसके लिए सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना है। आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एच.एस. गिल ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आदेश अस्पताल एवं मैडिकल कॉलेज एमडीआर/एक्सडीआर टीबी रोगियों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करवाने में निरंतर सकंल्पकृत है। एनटीईपी को नोडेल अधिकारी एवं प्रो. नीतिन टांगरी ने आदेश अस्पताल में टीबी रोग के खिलाफ चल रही सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी टास्क फोर्स के अध्यक्ष डा. अशोक भारद्वाज को उपलब्ध करवाई। अस्पताल की ओर से टास्क फोर्स के अध्यक्ष डा. अशोक भारद्वाज को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में समर कैंप एक जून से

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/कुलतार)।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर द्वारा 1 जून से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। केंद्र की इंचार्ज अनु ललित ने बताया कि कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। कैंप में बच्चे गायन, वादन, नृत्य इत्यादि सीख सकते हैं। नृत्य में वेस्टर्न डांस और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा तथा हरमोनियम, गिटार व कांगो आदि भी सिखाया जाएगा। अनु ललित ने बताया कि इस तरह के प्रयासों से बच्चे मोबाइल से दूर रहते है और उनमें एक नई ऊर्जा का भी संचार होता है। केंद्र में 10 दिन तक लगातार क्लासिज लगाई जाएंगी। इसके साथ-साथ समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के दांतों व आंखों का भी निशुल्क चेकअप किया जाएगा।

### आज श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में होगा मोहिनी एकादशी का पूजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** वैशाख महीने में आने वाली मोहिनी एकादशी को तो बहुत ही पवित्र माना जाता है। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि मोहिनी एकादशी के पूजन से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि हर बार की भांति मंदिर परिसर में मोहिनी एकादशी पर 19 मई को विशेष पूजन होगा। इसी के साथ रविवार होने के कारण भगवान भोलेनाथ के प्रिय भक्त ऋषि मारकंडेय का अनुष्ठान भी होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि इसी दिन भगवान विष्णु ने देवताओं के कल्याण के लिए मोहिनी रूप धारण किया था। मोहिनी एकादशी का पूजन करने से पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा के बाद जरूरतमंदों को भोजन कराने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर स्वामी पृथ्वी पुरी, स्वामी संतोषानंद, स्वामी मुकुंद महाराज, बिल्लू पुजारी, दर्शन, राजेश्वर, कुलजीत सिंह व नरेंद्र इत्यादि भी मौजूद रहे।

### युवाओं के हित भाजपा में सुरक्षित: सूर्यप्रकाश चौटाला



**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** उचाना में दादा रणजीत के लिए मैदान में उतरे उनके पोते सूर्यप्रकाश ने उचाना शहर में बाइकों का रोड शो निकाला। लाला प्रभु दयाल चौधरी धर्मशाला में कहा कि उचाना हलके के लोगों की एक खास बात है कि उचाना के लोग, युवा का साथ देते हैं तो मन से एक तरफा देते है। मुझे पूरा विश्वास है मेरा और मेरे दादा जी का उचाना की जनता का साथ हमें मिलेगा। उचाना का व्यक्ति अकेला 10 के बराबर है। उचाना विधानसभा सीट एक ऐसी सीट है जो प्रभाव 10 सीटों पर डालती है। हमारे बाद सिर्फ नोटा को वोट आ सकती है क्योंकि भाजपा के खिलाफ वोट नहीं डालता गलती से डल जाता है। शायराना अंदाज में कहा कि कोई नहीं है टक्कर में क्यों पड़े हो चक्कर में। आपके बीच में थापी मारने वाला भी आएगा। थाप्पी मारेगा ध्यान रखना सुखी होवेगी। आपको सोचना चाहिए जो आपके बीच में कौन रहेगा उसको वोट देना। एक नेता जो आज उम्मीदवार बना है जब फोन करता था उसके फोन की तार निकली होती थी। अधिकारियों को झूठे फोन करता था। ये चुनाव राहुल गांधी और मोदी का चुनाव हो रहा है लेकिन हिसार में केवल मोदी का चुनाव है। एकतरफा माहौल भाजपा का उचाना और हिसार में है।

### 20 को हलके के 27 गांवों में जाएंगे जयप्रकाश

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश 20 मई को हलके 27 गांवों के दौरे किए। वीरेंद्र प्रधान, अभिजीत कटवाल ने जानकारी देते हुए मखंड, बुडायन, भौंगरा, खापड़, उचाना कलां, उचाना खुर्द, काकड़ोद, नचार खेड़ा, उदयपुर, दुर्जनपुर, सुरबरा, मंगलपुर, डोहाना खेड़ा, दाबड़ी, दरोली खेड़ा, सेढ़ा माजरा, खेड़ी मंसानिया, घसो कलां, घसो खुर्द, झील, डूमरखा कलां, डूमरखा खुर्द, काब्रच्छा, तारखा, सफा खेड़ी, खरकभूरा, सुदकैन खुर्द के दौरे करेंगे।

# सरकार द्वारा बरसाई लाठियों की चोट का जनता वोट की चोट से लेगी बदला: रामचंद्र गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 18 मई।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और दिनोंदिन हर वर्ग के लोगों सहित विभिन्न पार्टियों के लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे है। ढांड में अपने निवास स्थान पर बातचीत करते हुए रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, युवाओं, कच्चे कर्मी सहित हर वर्ग को ठगा है और उन पर लाठियां बरसाई है। अब सरकार द्वारा बरसाई गई लाठी की चोट का बदला वोट की ताकत से लेने का मौका आ गया है। ये चुनावी नहीं बल्कि संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। जिस तरह पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल रही है, उसी तरह कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता की ऐतीहासिक जीत होगी और हरियाणा में दस सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतेगा। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरी देने के बजाए लाखों युवाओं का रोजगार छिनने का काम किया जिसके कारण हरियाणा में बहुत ज्यादा बेरोजगारी बढ़ गई है। युवाओं को रोजगार न मिलने से विदेशों की और पलायन कर रहे और कुछ नशे की दलदल में फंसते जा रहे है। भाजपा सरकार में कर्मचारी, व्यापारी, किसान युवा व हर वर्ग परेशान व दुखी है भाजपा ने जो वादे चुनाव से पहले किए थे उनमें से एक पर भी खरा नहीं उत्तरी है। भाजपा ने जो अत्याचार सत्ता के नशे में किए थे जनता को वो सब याद है। जब सत्ता में रहते भाजपा ने कुछ नहीं किया तो अब जनता से वोट की उम्मीद ना रखें।

# ब्ल्यू हैवन पब्लिक स्कूल, कोहड़ाभूरा में फैंसी ड्रैस कंपीटिशन आयोजित

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** ब्ल्यू हैवन पब्लिक स्कूल, कोहड़ाभूरा के प्रांगण में फैंसी ड्रैस कंपीटिशन का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा पहनकर स्वयं को मंच पर प्रस्तुत किया। रैंप वॉक के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। इस प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चों का आत्मविश्वास व खुदको प्रस्तुत करने की कला को उजागर करना था। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आये बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम आयी छात्रा रितिका ने माँ लक्ष्मी का मन भावन मंचन किआ। प्रेजिडेंट जगन्नाथ जी ने बच्चों की इस प्रस्तुति पर उनका उत्साहवर्धन किया और जीवन में आगे बढ़ कर जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी व इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गर्मी के मौसम में रखे सेहत का खास ख्याल: डॉ. आशीष अनेजा

## तपती गर्मी में शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 18 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि प्रदेश भर में गर्मी एवं तेज धूप का असर दिख रहा है इसलिए इस गर्मी के मौसम में सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। तपती गर्मी व लू चलने से हमारा शरीर हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन की चपेट में आने लगता है। इसलिए इस भयंकर गर्मी के मौसम में सभी को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खास सावधानी बरतने की जरूरत है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर को हाइड्रेटेड रखकर उच्च रक्तचाप के स्तर को भी नियंत्रण में रखा जा सकता है।

**शरीर में पानी की कमी:** गर्मियों में आपके शरीर से ज्यादा पसीना निकलता है जिससे शरीर के अंदर पानी की कमी होती है। वहीं गर्मी के मौसम में शरीर में अक्सर पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है जिसकी इसकी वजह से व्यक्ति हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। इसलिए गर्मी के मौसम में सभी को उनके शरीर को खाने से ज्यादा पानी की जरूरत होती है ताकि शरीर में ठंडक और पानी की मात्रा बनी रहे।

**खुद को रखें हाइड्रेट:** यदि आप भीषण गर्मी से खुद को बचाना चाहते हैं, तो जरूरी है कि खुद को पूरी तरह से हाइड्रेट रखें। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा नींबू पानी, लस्सी जैसी ड्रिंक्स भी पिएं व जरूरत पड़ने पर ओआरएस भी लें। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से अपने बचाव के लिए जरूरी है कि उच्च प्रोटीन युक्त भोजन को खाने से बचें। साथ ही दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक की धूप में न निकलें। इसके अलावा पतले, ढीले और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। गर्मी से नवजात शिशु छोटे बच्चों तथा सीनियर सिटीजंस को लू से बचने के लिए अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया मताधिकार का महत्व

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 18 मई।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं व 11वीं के विद्यार्थियों ने नाटक व नुक्कड़ नाटक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चुनाव में मताधिकार के महत्व तथा जागरूकता के उद्देश्य से नाटक का मंचन किया। नाटक के द्वारा बच्चों ने लोकतंत्र में वोट के महत्व को दर्शाया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने सभी व्यक्तियों को अवश्य मतदान करने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की उप प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता हांडा जी की देखरेख में किया गया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया कि हमें अपने मत का उचित प्रयोग अवश्य करना चाहिए ताकि एक सफल और अच्छी सरकार बनाई जा सके। क्योंकि एक अच्छी सरकार ही देश को आगे बढ़ाते हुए आम आदमी के हितों का ध्यान रखती है। बच्चों ने नाटक के माध्यम से लोगों को 25 मई को अपने बूथों पर जाकर हर हाल में मतदान करने तथा आसपास के तमाम मतदाताओं को भी अपने साथ ले जाकर मतदान करने की अपील की। स्कूल के प्रबंधक महोदय श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने बच्चों की गतिविधि को सराहा और लोगों को शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने-अपने घर जाकर अपने माता-पिता सहित घर के बड़ों को भी जागरूक करे और उन्हें आगामी मतदान जरूर करने के लिए प्रेरित करे। इस मौके पर प्राइमरी विभाग की सह संचालिका अध्यापिका श्रीमती रूबी दलाल, श्रीमान सुरेंद्र हांडा सहित अन्य अध्यापक गण भी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने दिया बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार: ओमप्रकाश नैन

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश नैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। मतदाताओं को देखना है कि उन्हें ऐसी सरकार चाहिए कि जो योग्यता के आधार पर रोजगार देती है या ऐसी सरकार चाहिए जो सिफारिशों के आधार पर रोजगार देने का काम करेंगी। आज पूरे देश में भारत देश का डंका बच रहा है क्योंकि देश का नेतृत्व सख्त एवं सशक्त फैसले लेने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ है। जो पीएम नरेंद्र मोदी कहते है वो करते है ये देश का मतदाता जानता है। जो सपना लगता था वो पूरा भाजपा की सरकार ने करने का काम किया है। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बना। नैन ने कहा कि हरियाणा में दस साल में बिना किसी भेदभाव के विकास हुआ है। अब से पहले जो सरकार प्रदेश में बनी उस सरकार में एक जिले में विकास, रोजगार समेट कर रख दिया गया।

# लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने का काम करेंगे रिटायर्ड कर्मचारी: जरनैल सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 18 मई।** यहां हुडा सेक्टर 19 में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की कन्वैंशन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार ने पिछले 9-10 सालों में उनकी एक भी मांग का समाधान नहीं किया है। उल्टे सरकार ने कोरोना काल में उनका अठारह महीनों का मंहगाई भत्ता छीन लिया व रेलवे व हवाई यात्रा में रियायती टिकट सुविधा को खत्म कर दिया। इसलिए वे इस सरकार को हराने का काम करेंगे। सभा की अध्यक्षता प्रधान रमेश हरित ने की जबकि संचालन जिला सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने किया। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से सरकार के प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से अनेकों बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन एक बार भी सुनवाई नहीं हुई। राज्य कमेटी नेता धूप सिंह सिरोही, वरिष्ठ उपप्रधान गुलाब सिंह चीका ने कहा कि आयु बढने पर पैंशन बढ़ोतरी, पुरानी पैंशन बहाल करने, कैशलैस मैडिकल प्रणाली लागू करने आदि मांगों पर लगातार शोशेबाजी हो रही है व कोई स्पष्ट दिशा निर्देश जारी नहीं हो रहे हैं, इसलिए वे सरकार का विरोध करने को विवश हैं। संगठन के वरिष्ठ नेताओं जगरुप सहारण, हरफूल सिंह खेड़ी शेरखां, ईश्वर सिरोही, ईश्वर ढांडा, पूर्ण चंद सैनी, शान्ति कलायत ने भी बात रखी व सरकार द्वारा लोकतंत्र में विश्वास न करने पर चिन्ता प्रकट की। सभा को ब्लाक प्रधानों व सचिवों मदन पहलवान, मास्टर रघुवीर करोड़ा, नन्दलाल रहेजा, सज्जन सिंह, विमल कुमार, हरबंस लाल, गुरविंदर, पूर्ण सिंह वड़ैच, जय भगवान सैनी आदि ने भी संबोधित किया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ अलंकरण समारोह



अर्थ प्रकाश/सुशील

**नारायणगढ़, 18 मई।** डी.ए.वी.पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ में कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अलंकरण समारोह (2024-25) आयोजित किया गया ,जिसमें चार क्लब (ऑरेंज, येलो, ग्रीन, ब्लू) के कैप्टन, वाइस कैप्टन , डिसिप्लिन इंचार्ज, पाठ्यक्रम कैप्टन, सह-पाठ्यक्रम कैप्टन, शैक्षणिक कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन और प्रीफ़ेक्ट की पूरी एक विद्यार्थी परिषद का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर.पी.राठी ने विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्हें कर्तव्यनिष्ठता और उत्तरदायित्व की शपथ दिलायी गई। प्रधानाचार्य ने सभी चयनित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनके पद की जिम्मेदारी से अवगत करवाया और कहा कि उत्तरदायित्व को निभाने से बच्चों में परिपक्वता आती है। उन्होंने बच्चों को विद्यालय के लिए अनुशासन और कर्तव्य का बोध करवाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टीम वर्क ,समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए। समारोह का समापन डीएवी गान के साथ किया गया।

# भूपेंद्र हुड्डा निभा रहे भाजपा से मित्रता: सुनैना चौटाला

## कहा: कांग्रेस के लिए कम भाजपा के लिए अधिक कर रहे है काम

अर्थ प्रकाश/मित्तल



**उचाना मंडी, 18 मई।** इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला हलके के खापड़, डूमरखा, सफा खेड़ी, खटकड़, मोहनगढ़ छापड़ा गांव के दौरे किए। खापड़ गांव में ट्रैक्टर चला कर ग्रामीण सभा तक पहुंची। सुनैना चौटाला के निशाने पर कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा रहे। कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर आरोप लगाते हुए सुनैना ने यहां तक कह दिया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस के लिए कम भाजपा के लिए ज्यादा काम कर रहे है। भाजपा के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा मित्रता निभा रहे है।

सुनैना चौटाला ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने 15 लाख वायदा किया था ऐसा ही वायदा जो कांग्रेस 8500 रुपए हर महीने महिलाओं के खाते में आने का जो वायदा कर रही है साबित होगा। दिल्ली के दरबार से इनकी चॉबी हिलती है। इनेलो ने हमेशा ने अपने वायदे पूरे किए है जनता को पता है एक ही पार्टी है जो अपने वायदे पर खरा उतरती है। अभय सिंह चौटाला इसलिए अभय ही सत्य है कहलाए जाते है। जिस तरह से चौ. देवीलाल ने 100 रुपए पेंशन शुरू की थी उसी तर्ज पर हम महिला पेंशन शुरू करेंगे। एक गैस का सिलेंडर भरवा कर एवं 1100 रुपए इनेलो सत्ता में आने के बाद देंगे।

इनेलो को वोट काटू कहने पर सुनैना चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ऐलनाबाद के उप चुनाव में गए थे। ऐलनाबाद हलके में गांव है जमाल। इस गांव में भूपेंद्र हुड्डा ने मंच से कहा था कि आया तो कांग्रेस के लिए वोट मांगने हूँ लेकिन गोपाल कांडा मेरा दोस्त है। मित्रता का धर्म तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा निभा रहे है। आज टिकटों के बंटवारे में देख लो बीरेंद्र सिंह, किरण चौधरी को साइड में कर दिया। मित्रता तो भाजपा से भूपेंद्र हुड्डा ने निभाई। भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस के लिए कम, भाजपा के लिए अधिक काम करते है। किसान की बेटी हूँ आज किसान की अनदेखी हो रही है। मैं चाहती हूँ कि जिस दिन भी इनेलो सत्ता में आएगा उसी दिन किसान के हर दर्द के ऊपर महरम लगाने का काम करेंगे। प्रदेश की जनता से भाजपा, जेजेपी ने वायदा खिलाफी की है। जेजेपी को वोट मिले थे भाजपा के खिलाफ लेकिन वो भाजपा के साथ सहयोगी सत्ता के बन गए। जनता समझदार है समझ चुकी है अब वो इनके छलाव में नहीं आएंगे।




# दस साल से रेलवे लाइन का राग ही अलाप रहे अनुराग, मंजूरी तक नहीं दिला पाए : मुख्यमंत्री

कहा– घोषणा खुद की, अब दोष कांग्रेस सरकार पर मढ रहे भाजपा सांसद

भाजपा मुददों से दूर भाग रही, जल्द आएंगे राहुल, प्रियंका और खड़गे

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नादौन में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर दस साल से रेलवे लाइन का सिर्फ राग अलाप रहे हैं। केंद्र सरकार से वह लाइन को आज तक मंजूरी नहीं दिला पाए, न कोई सर्वे हुआ। कांग्रेस सरकार ने रेलवे लाइन के लिए बजट देने की कोई बात कभी नहीं कही। उन्होंने रेलवे लाइन की घोषणा खुद की, लेकिन अब दोष कांग्रेस सरकार पर मढ रहे हैं। उन्होंने रेलवे के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम किया, बजट में हर साल मात्र 1000 रुपये बजट डलवाते रहे। अब रेलवे लाइन के नाम पर लोग वोट नहीं देने वाले, अनुराग को जनता को बताना चाहिए कि दस साल तक क्यों ठगते रहे।

### भाजपा चुनाव में हमेशा ध्यान भटकाने का कार्य करती

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा भाजपा चुनाव में हमेशा ध्यान भटकाने का कार्य करती आई है। मैंने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में लाया है और कैंसर अस्पताल हमीरपुर के लिए स्वीकृत किया। आपदा में कांग्रेस सरकार ने लोगों को राहत देने के लिए सराहनीय कार्य किया है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी गई। महिलाओं को रु 1500 देने की गारंटी भी कांग्रेस सरकार ने पूरी की है, लेकिन भाजपा चुनाव आयोग पर इस योजना को बंद करने का दबाव बना रही है। भाजपा चाहे जितना मर्जी दबाव बना ले, लेकिन चुनावों के बाद 2 महीने की किस्त महिलाओं को जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगडा, हमीरपुर, मंडी संसदीय क्षेत्र के ज्यादा युवा साथी देश की सेवा के लिए जाते है और सवाल पैदा होता है कि देश की सेवा में जाने वाले युवा साथियों की रूचि कम क्यों हुई है। क्यों भाजपा अग्निवीर योजना लाई, चार साल की नौकरी युवाओं को सेना में क्यों मिल रही है। निश्चित तौर पर भाजपा मुददों से दूर भाग कर अपनी राजनीति चमका रही है। उन्हें युवाओं को जवाब देना चाहिए कि उनके भविष्य से खिलवाड़ क्यों किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में जल्द कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आएंगे और सांसद राहुल गांधी के साथ महासचिव प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का दौरा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता की कुर्सी हथियाना चाहती है और 6 विधायकों को खरीदककर जनता की भावनाओं का सौदा किया है। बिके हुए विधायकों को टिकट दिया को यह साबित करता है कि सरकार गिराने का भाजपा ने ही प्रयास किया है, जिसका जनता पहली जून को जबाव देगी। चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस जीतेगी व छह विधानसभा क्षेत्र के उपचुनावों में भी कांग्रेस की जीत होगी।

# इज्जत बचाने के लिए कांग्रेस ने रखा मिशन–50 : कंगना रनौत



### महिलाओं का सम्मान भाजपा की प्राथमिकता : कंगना

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** कांग्रेस पार्टी आज इज्जत बचाने के लिए 50 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है और उनके कुछ नेता कह रहें हैं कि देश में सरकार इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी परंतु मैं कांग्रेस के उन नेताओं को स्पष्ट करना चाहती हूं कि देश ने फिर एक बार प्रधानमंत्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है और मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं टिकेगी। भाजपा की मंडी लोकसभा से प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज नाचन विधानसभा हल्के में चुनाव प्रचार किया उन्होने अपने चुनावी जनसंवाद के दौरान कहा कि देश में केवल मोदी की गारंटी चलती है और वहीं कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ इस देश को भ्रष्टाचार व परिवारवाद के इलावा कुछ नहीं दिया। कंगना ने कहा कि आज सोनिया गांधी रायबरेली की सीट को राहुल गांधी को ऐसे सौंप रहीं है मानो उनके घर की जागीर हो उन्होने कहा की राहुल इस बार भी अमेठी की तरह रायबरेली से भी हारने वाले हैं उनकी छवि मैदान छोड़ कर भागने वाले नेता के तौर पर बन गई है अमेठी से चुनाव न लड़ना कांग्रेस का हार मानने के संकेत हैं। कंगना ने कहा की कांग्रेस के मंडी लोकसभा प्रत्याशी की सच्चाई लोग भली भांति समझते हैं और इस बार मंडी की जनता कांग्रेस के दुष्प्रचार में नहीं फंसने वाली, कांग्रेस प्रत्याशी बताएं की मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के ड्रामे के बाद आज वो किस मुंह से कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं कांग्रेस की पिछले 15 महीने की सरकार ने प्रदेश के हालात खराब करके रख दिए हैं जिसका जवाब जनता आने वाली 1 मई को देने वाली है।

# सेना के जवान और हमारी सरहदें मोदी राज में सुरक्षित : अनुराग



हिमाचल में फिर फॉर्म भरवा कर जनता को ठगने निकली कांग्रेस

सेना के शौर्य पर सवाल खड़ा कर, आतंकीयों की मौत पर कांग्रेसियों के निकलते थे आंसू

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में ना हमारी सेना सुरक्षित थी ना हमारी सीमा सुरक्षित थी। जबकि मोदी के शासनकाल में हमारी सेना मज़बूत हुई, सेना का मनोबल बढ़ा और हमारी सीमा चाकचौबंद हुई। हिमाचल में कांग्रेस ने पहले तो अपनी झूठी गारण्टियाँ पूरी नहीं की अब फिर जनता को ठगने के लिए फिर फॉर्म भरवाते घूम रहे हैं।

अनुराग ठाकुर ने यह बातें आज चिंतपूर्णी और जसवां प्रागपुर विधानसभा में आयोजित दर्जन भर से ज़्यादा जनसभाओं में की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाथ हमेशा विदेशी ताकतों के साथ रहता है। इन्होंने हजारों एकड़ भारतीय भूमि दुश्मनों के हवाले कर दी और उसके बाद भी आज जब हमारी सेना डोकलाम में अपनी वीरता का परिचय दे रही थी तब राहुल गांधी चीनी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे थे। जब हमारी सेना ने आतंकियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा तब यह लोग सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहे थे। आज भी जब चुनाव सर पर है तब यह लोग कह रहे हैं कि भारत के परमाणु हथियारों को खत्म कर देना चाहिए। एक ओर यह लोग भारतीय परमाणु हथियारों को खत्म करने की बात कर रहे हैं और वहीं दूसरी ओर हमें पाकिस्तान के एटम बम का डर दिखा रहे हैं। उनके दौर में पाकिस्तान से आतंकी आकर भारतीयों को सरेआम मारते थे और कांग्रेस की सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी रहती थी। सरहदों पर पाकिस्तान हमारे सैनिकों के सर काट लेटा था मगर कांग्रेस की सरकार मौन धारण किए रहती थी। जब हमारे सेना के जवान अपने शौर्य को दिखाते हुए आतंकियों को मार गिराते थे तो कांग्रेस हमारे जवानों के शौर्य पर सवाल खड़ा करते थे और आतंकीयों की मौत पर आंसू बहाते थे। मगर पिछले 10 वर्षों में मोदी ने हमारी सेना को इतना सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया है कि आज हमारी सेना दुश्मनों के ईंट का जवाब पत्थर से देती है।

आज हमारे बेटे ही नहीं बल्कि हमारी बेटियां भी एके-47 लेकर दुश्मनों को कब्रिस्तान भेजने का दम रखतीं हैं। पहले जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान का सीधा हस्तक्षेप होता था। आए दिन वहां से आतंकी घटनाएं, पत्थर बाजी और अलगाववाद की खबरें आती थी। लेकिन मोदी ने वहां से धारा 370 हटाया और आज जम्मू कश्मीर में अमन और चैन है। पत्थर बाजी बिल्कुल बंद है और आतंकी अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। मोदी राज में आज हमारे जवान और सीमाएँ दोनों सुरक्षित हैं और मोदी की नीतियों और मिल रही सुविधाओं से भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है।

# केंद्र में मोदी और प्रदेश में जयराम सरकार होने के बावजूद हमीरपुर तक नहीं पहुंचा पाए अनुराग रेल लाइन : रायजादा

## कहा-जयराम सरकार के समय भी हमीरपुर के लिए एक ईंच भी रेल लाइन नहीं डलवा पाए अनुराग

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कांगड़ा जिला के संसारपुर टैरेस, बारी, कोटला, सियोल, डाडासीबा, नंगल चौक, बाथू, चलाली, परागपुर, रक्कड़, पीरसलूही में चुनावी सभाओं में जनता से आशीर्वाद मांगा। इस मौका पर सतपाल रायजादा ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर अपने गृह जिला में रेल लाइन पहुंचाने में पूरी तरह से फेल हुए हैं और इस फेलियर से बचने के लिए बच्चों की तरह बहाने बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग अब चुनावी सभाओं में कहते फिर रहे हैं कि हमीरपुर तक रेल लाइन प्रदेश सरकार की वजह से नहीं पहुंची तो अनुराग शायद अब ये भूल गए हैं कि सुक्खू सरकार को सत्ता संभाले महज 15 माह का समय हुआ है और उससे पहले भाजपा की जयराम सरकार पूरे 5 साल सत्ता में काबिज रही। तो क्या भाजपा की अपनी सरकार होने के बावजूद अनुराग ठाकुर हमीरपुर तक रेल पहुंचाने में सफल नहीं हो पाए? क्या जयराम सरकार ने अनुराग ठाकुर के कामों में अडंगा लगाया?

### लाइन पड़ी है तो ट्रेनें तो आएंगी, हमीरपुर के लिए कितने इंच डलवाई लाइन यह बताएं

रायजादा ने कहा कि ऊना तक रेल लाइन पहुंची हुई है और यदि लाइन है तो यहां रेलों की संख्या भी जनसंख्या के आधार पर निरंतर बढ़ेगी। इसके लिए किसी का भी कोई विशेष योगदान नहीं है। ऊना में आने वाली ट्रेनों की संख्या तो अनुराग सहित अन्य कुछ नेता बताते फिर रहे हैं लेकिन वह यह क्यों नहीं बता पा रहे हैं कि हमीरपुर के लिए कितने इंच रेल लाइन सरकी है? कितने इंच रेल लाइन हमीरपुर के लिए उन्होंने बिछवाई है?

रायजादा ने कहा कि जब अनुराग देश और प्रदेश में अपनी ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद रेल लाइन हमीरपुर तक पहुंचाने में बुरी तरह से असफल हुए हैं तो यह अब जनता को भी देखना होगा कि अनुराग काम करवाने में कितने फिसड्डी साबित हुए हैं। रायजादा ने कहा कि वर्ष 2021-22 के केंद्रीय रेल बजट में इस रेल लाइन को महज एक हजार रुपए मिले थे और इस अवधि में केंद्र और प्रदेश में भाजपा की ही सरकार थी। अनुराग न तो केंद्र से इस रेल लाइन के लिए कुछ करवा पाए और न ही प्रदेश में। सतपाल रायजादा ने कहा कि महज वोटें बटोरने के लिए अब अनुराग घडियाली आंसू रोते दिखाई पड़ेंगे और विकास न करवा पाने की जिम्मेदारी दूसरों पर थोपते फिरेंगे।

**केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद लटका हुआ है पी.जी.आई. :** सतपाल रायजादा ने कहा कि ऊना की जनता को अनुराग ठाकुर और स्थानीय भाजपा नेताओं ने वोटों की राजनीति के लिए हमेशा ठगा है। कई सालों से इसका कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि जयराम सरकार के कार्यकाल में हजारों करोड़ों के काम होने के झूठे दावे करने वाले नेता भी केंद्र व प्रदेश में अपनी सरकार होने के बावजूद इसका काम पूरा नहीं करवा पाए। इतने सालों में महज चारदीवारी करने में ही सालों लगा दिए और चुनावी फायदे के लिए अपनी पीठ खुद ही थपथपाने में लगे रहे। यदि यह नेता इतने ही इसके प्रति सतर्क होते और चाहते कि पी.जी.आई. सैटेलाइट सेंटर का फायदा लोगों को मिले तो अब तक यह शुरू भी हो चुका होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**सोलन (अप्रस)।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर जिला सोलन में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें संगीत, नृत्य तथा लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के कोऑर्डिनेटर नीलम कुमारी प्रवक्ता पॉलिटिकल साइंस ने इन गतिविधियों को करवाने में अहम भूमिका निभाई। स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर सुनील पाल ने बताया की विद्यालय में क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती हैं जिसमें मुख्य रूप से चुनावी पाठशाला यूथ पार्लियामेंट इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के कमल, आदर्श, विशाल, संतोष, सुषमा, कृष्णा, एनएसएस प्रभारी विनीत पवार इत्यादि शामिल रहे।

### जागरूकता रैली निकाल मतदान करने की अपील



**परमाणु (सुनील दत्त)।** अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम द्वारा 1 जून, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आज शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि निर्वाचन विभाग अर्की मतदाता जागरूकता के लिए सतत् प्रयास कर रहा हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की। स्कूल की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर नारे और पोस्टर द्वारा अभिभावकों, दुकानदारों और अपने आस–पड़ोस के मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप सहायक अधिकारी प्रो.योगेश कुमार ने जागरूकता गीत के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य बिमला वर्मा, निर्वाचक साक्षरता क्लब के प्रभारी कांशी राम, भारतेन्दु भार्गव, एस.एम.सी. प्रधान रोशन लाल वर्मा, बी.एल.ओ. शकील कुरैशी, मतदान केंद्र की बी.एल.ओ. राम प्यारी, डी. एन. शर्मा (संगीत अध्यापक), विजय चंदेल, शशि बाला, शिवानी ठाकुर, अनिल शर्मा, ललित कुमार तथा स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित थे।

# राजनीति में जनसेवा के लिये टाइम देना पड़ता है, जो कंगना के पास नहीं है : विक्रमादित्य सिंह

## कहा-4 जून को कंगना का हो जायेगा सारा फिल्म शूट पैकअप

अर्थ प्रकाश / राजन पुंछी

**मंडी।** राजनीति में जनसेवा के लिये बहुत समय देना पड़ता है,जो कंगना के पास नही है। 4 जून को कंगना का सारा फिल्म शूट पैकअप हो जाएगा। मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आज वह अपने को हिमाचल की बेटी बताती है पर उनके पूर्व में मीडिया को दिए गए इंटरव्यू में वह अपने को कभी भी हिमाचल की नही बताया। उन्होंने कहा कि आज मनाली में बेशक उनका एक बड़ा घर है पर यहां के लोगों के प्रति उनका कोई भी प्रेम भाव नही है। आपदा के समय उन्होंने किसी की कोई भी मदद नही की ओर नही उनका कोई हाल चाल जाना। पूर्व भाजपा सरकार ने जब उन्हें प्रदेश का एम्बेसडर बनने को कहा था तो उस समय उन्होंने जयराम सरकार से एक दिन का 45 लाख मांगा था। आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के सलोंग नाला,जगत सुख ,मानली में



अपनी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा की भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दर किनार करते हुए के एक ऐसी अभिनेत्री को चुनाव मैदान में उतारा है जो अपनी बातों व कार्यो के लिये विवादों में रही है। प्रदेश में हमारी धर्म संस्कृति ऐसे किसी को भी स्वीकार नही करती जो गो भक्षक तक हो। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह एक बड़े विजन के साथ इस चुनाव मैदान में उतरे है। उन्होंने कहा कि मनाली पर्यटन के रूप में विश्व विख्यात बना है। यहां पर्यावरण सुरक्षित पर्यटन को बड़ावा मिले इसके वह पूरे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद उनका लक्ष्य इस संसदीय क्षेत्र को देश का नंबर एक बनाने का है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुल्लू जिला में एक मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जोलड़ी जोत व भुगु जोत में टनल का निर्माण भी उनकी प्राथमिकता है जिससे इस क्षेत्र में पर्यटकों को आने जाने की सुविधाओं में विस्तार होगा।

### लाईसेंसधारकों को हथियार अविलम्ब जमा करवाने के आदेश

**सोलन (अप्रस)।** जिला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा की ओर से लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत लाईसेंसधारकों को अपने हथियार जमा करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अजय कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिला में जारी किए गए हथियारों के लाईसेंस की छंटनी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला स्तरीय छंटनी समिति गठित की गई थी। इसी की निरंतरता में सोलन जिला में रहने वाले सभी लाईसेंसधारकों को उनके हथियार सम्बन्धित पुलिस थानों अथवा शस्त्र एवं गोला-बारूद डीलर के पास जमा करवाने के आदेश जारी किए गए हैं।

## अपनी जीत पर आश्वस्त भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त ने मुख्यमंत्री पर किया प्रहार

# मुख्यमंत्री ने की बड़सर की अनदेखी, आवाज उठाई तो सदस्यता करवाई रद्द : लखनपाल

कहा–मैने कभी नहीं की भाजपा कांग्रेस, बड़सर की सारी जनता का करवाया विकास

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा उप चुनाव दिन प्रति दिन रोचक होता जा रहा है। यहाँ नामांकन के आखिरी दिन नाम बापिस न लेने की स्तिथि मे अब तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान मे है। हालांकि मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध मे बतौर आजाद उम्मीदवार चुनावी मैदान मे उतरे विशाल शर्मा कांग्रेस के समीकरणों को बिगाड़ सकते है पहले ही कांग्रेस से रुष्ट हुए इंद्र भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मे उतरे है तो वहीं कांग्रेस ने उनके सामने क्षेत्रवाद व राजपूत ट्रम्प कार्ड खेलते हुए सुभाष ढटवालिया को चुनाव मे उतारा है बड़सर उप चुनाव लड़ रहे तीनों प्रत्याशीयों मे से अभी तक भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल अपने चुनावी प्रचार मे बड़त बनाए हुए है इंद्र बड़सर की 52 पंचायतों मे दूसरी बार कंपनिंग शुरू कर चुके है जबकि कांग्रेस अभी पहली कंपनिंग के चड़ूकर मे ही उलझी दिखाई दे रही है इंद्र अपनी राजनितिक कुशलता से कांग्रेस खेमे मे सेंधमारी कर अब तक कई कार्यकर्ताओं को भाजपा मे शामिल कर चुके है और दिन प्रतिदिन कांग्रेस पार्टी व मुख्यमंत्री पर सियासी मंचों से पलटवार कर रहे है बड़सर मे अपनी जीत को अस्वस्थ कर चुके इंद्र दत्त लखनपाल का चुनावी प्रचार रथ शनिवार को बड़सर की विभिन्न पंचायतों के डेड़ दर्जन गाँवों तक पंहुचा जहां उन्होंने नुक्कड सभाओं मे भाग लिया। उनकी नुक्कड सभाओं मे भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी मे रहते उनके मुरीद हुए कार्यकर्ता भी भारी संख्या मे शामिल हो रहे है। नुक्कड सभाओं के दौरान इंद्रदत्त लखनपाल ने जनता के बीच बड़सर के विकास कार्यों को गिनाते हुए वोट की अपील की है वहीं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखू पर भी तीखे हमले किए है। लखनपाल ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के बाद 14 माह तक बड़सर की अनदेखी की है, मुख्यमंत्री ने इस समय मे न केवल बड़सर के विकास मे अड़ंगा लगाया बल्कि अपनी बात रखने पर विधायकों को अपमानित व जलील भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर उप चुनावों का बोझ मुख्यमंत्री के तानाशाह रवैए के कारण पड़ा है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सता मे आने के लिए जनता से जो वायदे किए थे कुर्सी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने उन वायदों पर पानी फेरने का काम शुरू किया जिस पर विधायकों ने आपत्ति जताई तो उन्होंने विधायकों को ही जलील करना शुरू कर दिया। जब भी हम अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गए तो मुख्यमंत्री ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया लेकिन एक के बाद एक अपने मित्रों को सरकार के विभिन्न विभागों के पदों पर बैठाना शुरू कर दिया और जनता के पैसे को उनमे बांटा जा रहा है। राज्यसभा चुनाव मे कांग्रेस ने उस बाहरी व्यक्ति को चुनाव मे उतारा जिसने हिन्दुओं की आस्था के खिलाफ राम मंदिर का केस लड़ा हमने आपत्ति जताई लेकिन नहीं सुनी गई। उन्होंने कहा कि हमने हिमाचल के हित को उठाने बाले प्रदेश के व्यक्ति के पक्ष मे वोट किया लेकिन मुख्यमंत्री ने एक षड्यंत्र के तहत परिस्तिथियां पैदा करते हुए हमारी सदस्यता को रद्द करवा दिया। हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा तो भाजपा ने सहारा दिया और आज भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे है लखनपाल बोले मैने जनता के प्यार व आशीर्वाद से तीन बार चुनाव जीता लेकिन सियासत को एक साइड कर बड़सर के हर क्षेत्र का विकास किया, भाजपा और कांग्रेस की राजनीति को खत्म कर क्षेत्र के हर नागरिक के काम किए है और कोरोना काल मे हर व्यक्ति के घर पंहुचकर जो भी बन सका वो किया है। उन्होंने कहा यह बड़सर की जनता का प्यार व आशीर्वाद है कि आप सभी मेरे एक बार बुलाने पर भारी संख्या मे मुझे आशीर्वाद देने पंहुच रहे है।







## न्यूज़ ब्रीफ

### गुरुद्वारा साहिब में अचनाक लगी आग



**कालका (जग्गी)।** पिंजौर के गांव प्रेमपुरा के गुरुद्वारा साहिब में वीरवार दोपहर अचानक आग लग गई। जानकारी देते हुए गांव के सरपंच पवन सिंह ने बताया की आग दोपहर करीब 12.30 बजे लगी और शार्ट सर्किट हेने के कारण गुरुद्वारा साहिब के सचखंड में आग लगी जिससे बाद आसपास भी आग फैल गई और महाराज के स्वरुप आग की चपेट में आ गए। गुरुद्वारा साहिब में आग लगने की सूचना पाकर मौके पर सभी गांव वासी इका हो गए। सरपंच पवन सिंह ने बताया कि उक्त घटनाक्रम में करीब 10 लाख रुपए का नुक़सान हुआ है जिसमे महाराज के तीन स्वरुप, पालकी साहिब, रुमाला साहिब, मैट, पीवीसी, वायरिंग पंखे सहित सारा सामान जल गया। इसकी सूचना उन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर दी और मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची करीब दो ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जिसमें गांव वासियों ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। गनीमत यह रही कि उक्त हादसे में कोई भी जानी नुक़सान नहीं हुआ क्योंकि जिस समय गुरुद्वारा साहिब में आग लगी तो गुरुद्वारा साहिब के परिसर में कोई नहीं था। हालांकि गुरुद्वारा साहिब को गांव वासियों ने पानी से धोकर और सफाई करने के बाद गुरुद्वारा साहिब के निचले हाल में पाठ शुरू कर दिया। वहीं घटनाक्रम की सूचना पाकर समाजसेवी पावन कुमारी शर्मा भी मौके पर पहुंची और उन्होंने कहा कि इस हादसे में गुरुद्वारा साहिब में काफी नुक़सान हुआ है और गुरुद्वारा समिति के सदस्यों को पूरी मदद देने के लिए आश्वासन दिया।

### बिजली थ्री फेज की लाइन न होने से होती है परेशानी

**कालका (अप्रस)।** कालका के कुराड़ी मोहल्ले में बिजली की थ्री फेज की लाइन न होने के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से इस बारे में अनुरोध किया है कि उनके मोहल्ले में थ्री फेज की लाइन न होने के चलते बिजली से संबंधित समस्याएं आती रहती है। लोगों ने कहा कि कई बार किसी के चलते लो वोल्टेज की भी समस्या पैदा हो जाती है। स्थानीय निवासी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि विभाग का एक रूल है कि सिंगल फेज की लाइन के ऊपर एसी नहीं लगाया जा सकता है। थ्री फेज की लाइन न होने के चलते वह लोग अपने घरों में एसी नहीं लगा सकते हैं। उन्होंने बिजली विभाग से पूरे कुराड़ी मोहल्ले में थ्री फेज की तार डलवाने की मांग की है। बिजली विभाग के जेई जगविंद्र ने बताया कि मोहल्ले में गलियां बहुत छोटी छोटी है। इसलिए वहां मशीन नहीं जा सकती जहां तक हो सकता था वहां लाइन डाली गई है। फिर भी एक बार मौके का निरीक्षण करके प्रपोजल बना कर भेज दिया जाएगा।

### पंचायत सदस्यों ने टॉपर बच्चों को प्रशंसा पत्र वितरित किये



**पंचकूला।** जिला पंचकूला के बरवाला ब्लॉक के गांव भरेली के सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भरेली, भागसी, भगवानपुर और नयागांव की पंचायतों के प्रतिनिधि पहुंचे। इन्होंने दसवीं और बारहवीं कक्षा के उन बच्चों को प्रशंसा पत्र वितरित किये जिन्होंने परीक्षाओं में टॉप किया है। इन्हें पढ़ाने वाले टीचरों को भी सौ फीसदी रिजल्ट आने पर प्रशंसा पत्र बांटे गये। इन प्रशंसा पत्रों को विभाग की ओर से जारी किया गया था। टीचरों व बच्चों का हौंसला बुलंद करने की दृष्टि से यह बिलकुल नई पहल थी। भरेली की पंचायत की तरफ से दसवीं की टॉपर सोनिया को कैश प्राइज दिया गया। डीडीओ राजकपूर ने पंचायत के सभी मेंबरों का स्कूल की ओर से धन्यवाद किया और दसवीं व बारहवीं के बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

इस जज्बे को सलाम

# पंचकूला में 109 वर्षीय रोजी , 103 वर्षीय दुग्गी और 102 वर्षीय द्रोपदी आज करेंगी मतदान

फॉर्म 12 डी भरने वाले 19 मतदाताओं का घर जाकर करवाया जाएगा मतदान

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** अपनी उम्र के 17 लोकसभा चुनाव देख चुकीं 109 वर्षीय रोजी , 103 वर्षीय दुग्गी और 102 वर्षीय द्रोपदी पंचकूला में अब 18वें लोकसभा की साक्षी बनेंगी। रविवार को वे सभी लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी दिखाएंगी। प्रशासन की ओर से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 85 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के लोगों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जिला के 9053 में से 27 मतदाताओं ने फार्म-12 डी भरकर पोस्टल बैलेट पेपर से यानि घर पर ही मतदान करने के लिए इच्छा जाहिर की है। इन मतदाताओं का मतदान 19 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर जाकर करवाया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि जिले में सबसे उम्रदराज 18 मतदाताओं ने घर से वोट करने का आवेदन किया है। 01-कालका विधानसभा में पार्ट नंबर 212 वोटर संख्या 560 पर 104 वर्षीय शांति पत्नी मकतुल सिंह और पार्ट नंबर 143 वोटर संख्या 756 पर 102 वर्षीय द्रोपदि पत्नी काला राम समेत 02-पंचकूला विधानसभा में पार्ट नंबर 192 वोटर संख्या 1040 पर 109 वर्षीय रोजी पत्नी पतिराम, पार्ट नंबर 146 वोटर संख्या 409 पर 103 वर्षीय दुग्गी पत्नी कपूरिया और पार्ट नंबर 150 वोटर संख्या 58 पर 100 वर्षीय छज्जू पत्नी रज्जा घर पर बैलेट पेपर से मतदान करेंगी।

### गोपनीयता बनाए रखने के नियम



मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए आयोग की ओर से जो नियम निर्धारित किए गए हैं, उनकी पूरी तरह से पालना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जो भी बैलेट पेपर लेकर आएगी, उसके पीछे संबंधित एआरओ के हस्ताक्षर जरूर हों। उन्होंने घर से वोटिंग करने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथि को 19 मई को घर पर मौजूद रहे।

**यश गर्ग, जिला निर्वाचन अधिकारी**

### ये हैं पोलिंग बूथ

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 02- कालका विधानसभा क्षेत्र के लिए टीम राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला से जोहलूवाल, इसके बाद मीरांपुर बक्शीवाला, इसके बाद भगवानपुर, फिर काजड (भोज कुदाना) से वोटिंग प्रक्रिया पूरी करवाकर वापिस राजकीय कन्या महाविद्यालय सैक्टर-14, पंचकूला में पहुंचेगी। 01- पंचकूला विधानसभा के लिए राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 1, पंचकूला से रत्तेवाली, इसके बाद कुण्डी फतेहपुर, इसके बाद सैक्टर-20 सेक्टर-25, सेक्टर-12ए0, सेक्टर-4 और सेक्टर-09 से वोटिंग प्रक्रिया पूरी करवाकर वापिस राजकीय महाविद्यालय सैक्टर - 1 पचंकूला में आयेंगे।

# चुनाव को लेकर कड़ी निगरानी : पंचकूला में पुलिस ने पकड़े 1.36 करोड़ रुपये

छापेमारी में अब तक 3 मोस्ट वांटेड सहित 87 पीओ/बेल जम्पर गिरफ्तार

डीसीपी ने जिले के नागरिकों के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में गैर कानूनी कार्यो और अवैध तस्करी के मामलों पर निगरानी करते हुए पुलिस विभाग अब तक नाकों पर 1.36 करोड़ रूपए पकड़ चुके है। वहीं 3520 लीटर शराब, 87 पीओ/बेल जम्पर तथा 3 मोस्ट वांटेड अपराधी गिरफ्तार किया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के नेतृत्व में रोजाना जिले में आपराधिक गतिविधियों और चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के अलावा नाकों पर चौकसी को लेकर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसके दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के निर्देश पर जिला की एसएसटी टीम द्वारा बॉर्डर नाकों पर कड़ी निगरानी करते हुए चुनाव को लेकर कड़ी सख्ताई की जा रही है जिस कार्रवाई में पुलिस की अलग अलग टीमों ने चुनाव को लेकर 1.36 करोड रुपये की कैश बरामद किए। इसके अलावा पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ 33.57 किलोग्राम चुरा पोस्त, 55.68 ग्राम हेरोइन, 2 किलो गांजा,600 ग्राम चरस, 150 ग्राम अफीम व 455 अफीम की खेती से 455 पौधे बरामद करके कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि जिला में 12 एसएसटी टीमों द्वारा बॉर्डर नाकों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जिला अवैध असामाजिक गतिविधियों बारे सूचना प्राप्त करने के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 7087081177 जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बारे सूचना भेज सकते हैं और सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।

# विशेष पुलिस कैडेट्स के छात्रों के लिए नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



अर्थ प्रकाश /रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यातायात पुलिस के सड़क सुरक्षा जागरूकता सेल ने सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 20 चंडीगढ़ में विशेष पुलिस कैडेट्स के छात्रों के लिए यातायात नियमों, रेगुलेशन और महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस सत्र में विशेष पुलिस कैडेट्स की समन्वयक परवीन कुमारी का सहयोग रहा। इस सत्र में 9वीं और 10वीं कक्षा के 100 छात्र और 02 शिक्षक शामिल हुए। इस सत्र के दौरान उन्हें मोटर वाहन चालन विनियमन (एमवीडीआर) 2017, मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 और सीएमवीआर 1989 में निहित महत्वपूर्ण प्रावधानों, नियमों और रेगुलेशन के बारे में जानकारी दी गई। और ट्रेफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। चंडीगढ़ यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों और रेगुलेशन का पालन करें ताकि सड़कें अधिक सुरक्षित बनें और सड़क दुर्घटना में कमी आए।

# एक नई पहल : मतदान प्रक्रिया में स्कूली बच्चों का भी होगा योगदान

बच्चों को परिवारजन के साथ सेल्फी करनी होगी अपलोड, ड्रा के माध्यम से विजेता को मिलेगा 10 हजार रुपये का नकद इनाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने बताया कि इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस पहल के तहत जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व शीर्ष वाक्य दिया है। डा.यश गर्ग ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव का पर्व-देश का गर्व के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा कार्यालय द्वारा एक और अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया है कि भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को भेजेगा। निमंत्रण पत्र के पिछली ओर किस प्रकार मतदान करना है, वह पूरी प्रक्रिया अंकित की गई है। मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बात मतदान अधिकारी मतदान सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा। तीसरे चरण में मतदान अधिकारी अंगुली पर नीली स्याही लगाएगा। चौथे चरण में मतदान अधिकारी पर्ची लेगा और अंगुली पर स्याही लगे होने की पुष्टि करेगा। उसके बाद मतदाता ईवीएम पर जाकर अपना वोट डालेगा।












# एक साल में 32 लाख बेरोजगारों को कर्मचारी बनाना कांग्रेस लक्ष्य: भूपेन्द्र हुड्डा

कर्मचारियों को पंजाब के समान वेतनमान व पुरानी पेंशन का लाभ देगी कांग्रेस

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। एक साल के भीतर 32 लाख बेरोजगारों को कर्मचारी बनाना और कर्मचारियों को पंजाब के समान वेतनमान व पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देना कांग्रेस का लक्ष्य है। यह ऐलान दोहराया है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने। हुड्डा आज फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता बीजेपी के अहंकार को चकनाचूर करने का मन बना चुकी है। देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 36 बिरादरी एकमुश्त कांग्रेस को वोट देने जा रही है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय है। कांग्रेस सरकार हरियाणा में बेरोजगारी और बदमाशों को नहीं रहने देगी। साथ ही किसानों को एमएसपी की गारंटी, बुजुर्गों को 6000 पेंशन, केंद्र में खाली पड़े 30 लाख व हरियाणा में खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की नौकरियां देना कांग्रेस की गारंटी है। पिछले 10 साल से आधारभूत फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता बिजली, पानी, साफ सफाई, अच्छी सड़कों व सांस लेने लायक हवा जैसी आधारभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रही है। इस किल्लत से छुटकारा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता रहेगी। महेंद्र प्रताप सिंह के रूप में कांग्रेस ने जनता से जुड़े हुए एक सशक्त और ईमानदार उम्मीदवार को चुनाव में उतारा है। फरीदाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चोट करने के लिए जनता निश्चित ही कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दिलाएगी।

इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि यह चुनाव कांग्रेस बनाम बीजेपी नहीं बल्कि लोकतंत्र बनाम तानाशाही का है। बीजेपी भारत में भी चीन और रूस की तरह एक पार्टी की सरकार स्थापित कर लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। इसीलिए भाजपा सिर्फ एक पार्टी की बात करती है जबकि कांग्रेस हर वर्ग की भागीदारी चाहती है। कांग्रेस की 5 न्याय और 25 गारंटी का घोषणापत्र एक क्रांतिकारी दस्तावेज है। इसीलिए बीजेपी इससे घबराई हुई है। क्योंकि जो भी व्यक्ति कांग्रेस के घोषणापत्र को पढ़ेगा, वो निश्चित ही कांग्रेस को वोट देगा।

अपने संबोधन में महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मतदाता इस बार प्रत्याशी की नीतियों, उसके काम, उसके चरित्र और भविष्य की योजनाओं को देखकर वोट करेंगे। पिछले 10 साल से पलवल और फरीदाबाद जिले विकास के लिए तरस रहे हैं। पूरा फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी सरकार लोगों को आधारभूत सुविधाएं तक देने में नाकाम साबित हुई है। इस सरकार के दौरान यहां विकास नहीं बल्कि सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाले हुए हैं। ये चुनाव जनता के पास इन घोटालों पर अंकुश लगाने का सही मौका है।

## हरियाणा में अल्पमत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए: दीपेन्द्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक के महम हलके के गांव मोखरा, मदीना, अजायब, भराण, बेलबा में चुनाव प्रचार कर कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी को सबक सिखाने का मौका आया है। पूरा देश देखेगा कि जनता 750 किसानों की जान लेने वालों के साथ है या किसानों के साथ, खिलाड़ी बेटियों का अपमान करने वालों के साथ या न्याय दिलाने के लिए खड़े होने वालों के साथ, संविधान तोड़ने का नारा देने वालों के साथ या संविधान बचाने वालों के साथ। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि इस बार देश के संविधान को बचाने, हरियाणा को विकास की पटरी पर लेकर जाने, किसानों, खिलाड़ी बेटियों के अपमान का जवाब देने का वोट है।



उन्होंने मांग करी कि हरियाणा में अल्पमत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, नये चुनाव कराए जाएं। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 10 साल में बीजेपी ने हरियाणा का भट्ठा बिठा दिया और हरियाणा का हर आदमी रुला दिया। किसान मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, सरपंच, खिलाड़ी, आँगनवाडी, आशा वर्कर समेत कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा जिसका अपमान न किया हो। जनता में भारी नाराजगी देखकर बीजेपी ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री बदल दिए लेकिन बीजेपी अब क्या मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री बदलेगी, लोग पूरी सरकार ही बदल देंगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर महम में इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगर भाजपा सरकार हरियाणा से उठाकर यूपी नहीं ले जाती तो आज हरियाणा का नक्शा ही कुछ और होता। हमने बहुत मेहनत करके महम का इंटरनेशनल एयरपोर्ट और गोहाना की रेल कोच फैक्ट्री मंजूर कराई थी। भाजपा सरकार इन दोनों बड़ी परियोजनाओं को हरियाणा से बाहर ले गयी।

इंटरनेशनल एयरपोर्ट महम में बनता तो लाखों युवाओं को रोजगार मिलता। क्योंकि इस कार्य के लिये जो जमीन चिन्हित की गयी थी वो हिसार, भिवानी, रोहतक जिलों के बीच में पड़ती है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस के न्याय पत्र की गारंटियों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में 1 लाख रुपये देंगे। फौज की अग्निपथ योजना खत्म करेंगे और पहले की तरह पक्की भर्ती शुरु करेंगे। इसके अलावा पहले से भर्ती अग्निवीरों को पक्का करायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बेरोजगारी का संकट कम करने के लिए कांग्रेस सरकार बनने पर केंद्र में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद भर्ती भरोसा के तहत समयबद्ध तरीके से कैलेंडर के अनुसार भरेंगे तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को खाली पड़े सरकारी पदों पर समयबद्ध पक्की भर्ती करेंगे। इसके अलावा पड़े-लिखे युवाओं की पहली नौकरी पक्की होगी, हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी, 300 युनिट मुफ्त बिजली, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और गृहणियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उसपर 3.5 लाख रुपये की लागत से 2 कमरे का मकान देंगे, जनता को परेशान करने वाले पोर्टलों से छुटकारा दिलायेंगे।

## हम ही सत्ता में वापस आने वाले हैं: बोत्सा

अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेड्डी



**अमरावती** ।मंत्री बोत्सा सत्यनारायण ने विश्वास जताया है कि वाईसीपी एक बार फिर राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा, 'सीटें हमारे 175 के लक्ष्य के करीब आ जाएंगी। कुछ अधिकारियों की वजह से राज्य में हिंसक घटनाएं हुई. उन्हें नियुक्त करने से पहले पूर्ववृत्त जानना चाहिए। जहां भी अधिकारी बदले गए, वहां हमले और अराजकता हुई। उन्होंने गुस्से में कहा, अधिकारियों ने टीडीपी का भोंपू बजाया है।'

## पार्ट-टाइम राजनेता पवन कल्याण फिल्मों में जा रहे हैं वापस

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**विजयवाड़ा।** तेलुगु सिनेमा के विवादास्पद व्यक्ति पवन कल्याण एक बार फिर जांच के घेरे में हैं, क्योंकि वे 22 मई को अपने नवीनतम प्रोजेक्ट 'दे कॉल हिम ओजी' के लिए फिल्मांकन फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। प्रशंसक भले ही अपनी खुशी जाहिर कर रहे हों, लेकिन यह निर्णय पवन के करियर में स्पष्ट रूप से विसंगतियों और संदिग्ध समर्पण को उजागर करता है, खासकर उनकी राजनीतिक व्यस्तताओं के संबंध में।

जन सेना पार्टी के साथ पवन कल्याण की अनियमित राजनीतिक भागीदारी एक गंभीर प्रतिबद्धता से अधिक एक बार-बार होने वाला मामला है। राजनीति में उनका प्रवेश, विशेष रूप से पिथापुरम विधानसभा क्षेत्र में उनका अभियान, एक पूर्ण कैरियर के बजाय एक शौक जैसा लगता है। पर्यवेक्षक फिल्म सेट की चकाचौंध और राजनीतिक रैलियों की मांगों के बीच उनके निरंतर झूलने की आलोचना करने में जल्दी करते हैं, यह सुझाव देते हुए कि यह उनके राजनीतिक प्रयासों की गंभीरता और प्रामाणिकता को कम करता है।

आगामी पिथापुरम विधानसभा चुनाव एक निर्णायक क्षण हो सकता है। अगर पवन कल्याण जीत हासिल करने में विफल रहते हैं, तो यह व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा है कि वे अपनी राजनीतिक मुद्रा को त्याग देंगे और फिल्म उद्योग में वापस आ जाएंगे। इस तरह के कदम से राजनीतिक कारणों और उन पर भरोसा करने वाले मतदाताओं के प्रति उनके वास्तविक समर्पण के बारे में संदेह और मजबूत होगा।

सक्रिय राजनीतिक अभियान के बीच वे कॉल हिम ओजी में लौटने का उनका फैसला उनकी असंगत प्राथमिकताओं का स्पष्ट प्रमाण है। हालांकि फिल्म और राजनीति में दोहरे करियर को संभालना प्रभावशाली लग सकता है, लेकिन यह अनिवार्य रूप से उनके वास्तविक इरादों के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाता है। क्या कोई फिल्म स्टार के व्यस्त शेड्यूल में उलझे हुए लोगों की प्रभावी रूप से सेवा कर सकता है? यह महत्वपूर्ण मुद्दा उनके दोहरे प्रयासों पर एक लंबी छाया डालता है।

मनोरंजन की दुनिया में पवन का बार-बार पीछे हटना एक ईमानदार राजनीतिक प्रतिबद्धता के बजाय एक वापसी योजना का सुझाव देता है। केवल चुनाव के मौसम में राजनीति में शामिल होने और उसके बाद फिल्मों में वापस आने का यह चक्र यह धारणा बनाता है कि राजनीति उनके लिए केवल एक साइडलाइन है।

अंततः, पवन कल्याण का दोहरा करियर पथ उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा करता है। 22 मई को दे कॉल हिम ओजी%की शूटिंग में फिर से शामिल होने के लिए तैयार होने के साथ ही, मतदाता और प्रशंसक दोनों ही उनके राजनीतिक उद्देश्यों की प्रामाणिकता पर सवाल उठा रहे हैं। हालाँकि उनका आकर्षण अभी भी स्क्रीन पर लोगों को आकर्षित कर सकता है, लेकिन असली परीक्षा उनके राजनीतिक आदर्शों और उन मतदाताओं के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता साबित करने में है, जिनका वे प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं।

## स्वाति मालीवाल मामले पर राहुल व पंजाब कांग्रेस की चुप्पी शर्मनाक: डॉ. सुभाष शर्मा





पंजाबी सावधान रहें, आप और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे

शहरों के साथ पंजाब के गांवों में भी मोदी की जबरदस्त लहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नवांशहर।** भारतीय जनता पार्टी के श्री आनंदपुर साहिब से प्रत्याशी डॉ. सुभाष शर्मा ने पंजाबियों को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से सावधान करते हुए कहा है कि ये दोनों दल एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, जो पंजाब की भलाई के लिए नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोकने और अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के उद्देश्य से एक साथ आए हैं। आज यहाँ आयोजित बौद्धिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए डॉ. सुभाष शर्मा ने कहा कि पंजाब में आप और कांग्रेस फ्रेंडली मैच खेल रहे हैं जबकि दिल्ली, हरियाणा व चंडीगढ़ में साथ हैं। कांग्रेस को घेरते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि पिछले चार दिनों से आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ केजरीवाल के घर में हुए अत्याचार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन राहुल गांधी और पंजाब कांग्रेस के किसी भी नेता ने इस गंभीर मसले पर कुछ नहीं बोला है। हैरानी वाली बात है की उत्तर प्रदेश में महिलाओं के मुद्दे पर मार्च निकालने वाले गांधी परिवार की बेटी प्रियंका भी इस गंभीर मुद्दे पर चुप है।

नवांशहर में अनेक स्थानों पर आयोजित चुनावी सभाओं में बोलते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि पंजाब में आज शहरों के साथ-साथ गावों में भी लोग मोदी का समर्थन कर रहें है क्यूंकि सभी उनके कार्यो से बहुत प्रभावित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही श्री करतारपुर साहिब का गलियारा खुला है, छब्बीस दिसंबर को दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत की याद में पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा सिख समुदाय को इतना मान-सम्मान दिया गया है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए डा. सुभाष शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए सबसे ज्यादा कार्य किए हैं जिसमें एमएसपी में आने वाली फसलों की गिनती तीन से बढ़ाकर पांच की है। इसके अलावा देश में सभी किसानों को 6-6 हज़ार भी मोदी सरकार हर वर्ष दे रही है। पंजाब के किसान भाइयों को सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भोले किसानों की भावनाओं से खेलकर उनको मोदी और भाजपा के खिलाफ उकसा रहे है। उन्होंने कहा कि किसान इस बार दूसरी पार्टियों को समर्थन देने की बजाय भाजपा का साथ दें ताकि पंजाब खेती में तेजी से आगे बढ़ सके।

आज भाजपा प्रत्याशी के तूफानी चुनावी दौरों में मिले जन समर्थन श्री आनंदपुर साहिब हलके में चर्चा का विषय बना रहा।

## मुख्यमंत्री जगन की यात्रा के दौरान संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। मुख्यमंत्री वायस जगन मोहन रेड्डी की विदेश यात्रा के दौरान आंध्र प्रदेश के गन्नावरम हवाई अड्डे पर संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को विशेष पुलिस के निगरानी में गिरफ्तार कर लिया है

श्री तुल्लूर लोकेश के रूप में पहचान किया गया है जिसके पास वाशिंगटन की नागरिकता ले रखा है लोकेश के पास अमेरिकी नागरिकता है। जब जगन के आगे पिछे संदिग्ध अवस्था के साथ मोबाइल से बात करते हुए सत्य दौरे में जिसकी जानकारी हासिल करने के बाद यह पता लगा कि मुख्यमंत्री विदेश यात्रा की पूरी जानकारी इसके मोबाइल पर कहां कहां जाना है क्या कार्यक्रम है सभी उसके मोबाइल में था जिस गोपनीय मोबाइल में सेव किया गया जानकारी के बारे में पूछ गया तो उन्होंने बहाना पूर्वक बता रहा इतने में पुलिस विभाग वालों के सामने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। सभी अ बाद बताया तो तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे पुलिस विभाग के ऑफिस दशा भी इसमें से पर जांच कर रहे हैं कि ये संदिग्ध व्यक्ति लोकेश द्वारा अपने मोबाइल से किस किस को यह संदेश विदेश में भेजा है और क्या वह जैसी योजना हो सकता है इस पर जॉच की जा रही है बताया संदेश किसने भेजे और यह विकी किस किस को भेजा इससे किस किस को यह यात्रा की जानकारी भेजी गई है और यह किस से उपलब्ध किया या जानकारी अभी पुलिस जांच रही है बताया गाया ।

## राजनाथ सिंह ने ईमानदार व निष्कलंक जीवन जीते हुए देश की सुरक्षा और लखनऊ के विकास का रचा है मॉडल: योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस और इमरजेंसी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कांग्रेस के डीएनए में इमरजेंसी है। उन्होंने सपा और कांग्रेस की जोड़ी को खून चुसवा बताते हुए कहा कि ये दोनों जब भी गठबंधन में होते हैं तो देश के लिए खतरे की घंट बज जाती है। केंद्र में जब कांग्रेस और प्रदेश में सपा थी तो यूपी के विभिन्न शहरों, कचहरियों और सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले हुए थे। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ के मुंशी पुलिया में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लखनऊ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनता से भारी बहुमत की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांचवें चरण का चुनाव प्रचार अंतिम दौर में जा रहा है। पांचवें चरण में लखनऊवासियों को मतदान करना है। देश में आम जनमानस पहले से इस बात के लिए आश्वस्त है और हर तरफ संकल्प गूंज रहा है कि ''फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार''। अब विपक्ष सशंकित और आतंकित हो रहा है कि उसके इतने षडयंत्र के बावजूद देश की जनता क्यों कह रही है कि ''जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे''।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 साल का इंतजार मोदी जी ने खत्म कराया है। भारत अपनी विरासत पर गौरव कर रहा है, साथ ही विकास कार्यों को आगे बड़ा रहा है। बीते 10 साल में देश का सम्मान बड़ा है। हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी गई है। हर तरफ आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देखने को मिल रहा है। जनता की हर जरूरत को देखते हुए आवश्यकता के अनुरूप नये इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है।

श्री योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियों का दंश आजतक देश भुगत रहा है। इनके कार्यकाल में गरीब भूख से मरता था, मगर आज फ्री राशन मिल रहा है। इनके समय में राशन माफिया, शराब माफिया और भू माफिया को प्रश्रय दिया जाता था। ये लोग न तो गांव, गरीब, नौजवान, किसान और महिलाओं के लिए कुछ कर सके न देश की विरासत के सम्मान के लिए कुछ करने की नियत थी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हर तरफ विकास दिख रहा है। लखनऊ को ही देख लें तो यहां मेट्रो की सुविधा, ग्रीन कॉरीडोर, वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट, किसान पथ, अटल आवासीय विद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के साथ ही अटल जी के हर उस सपने को पूरा करने का कार्य हुआ है जो कभी केवल सपने थे। उन्होंने बताया कि लखनऊ में दो नये काम होने जा रहे हैं। इनमें पहला है श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी और पं दीन दयाल उपाध्याय जी की सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण, जोकि दो माह में बनकर तैयार हो जाएगा। दूसरा है कुकरैल में नाइट सफारी। लखनऊ आने वाले दिनों में दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में लखनऊ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इंडी गठबंधन खतरनाक मंसूबों के साथ चुनाव में आया है। इनका घोषणापत्र देश के खिलाफ षडयंत्र है। इनके समय में न बेटी सुरक्षित थी और व्यापारी भी उपेक्षित और भयभीत थे। गरीब की योजनाओं में ये डकैती डालते थे। अब कांग्रेस आपकी संपत्ति का सर्वे कराके उसका आधा भाग सपा और कांग्रेस के गुंडों के हवाले करने का षडयंत्र रच रही है। कांग्रेस का घोषणा पत्र भारत के खिलाफ षडयंत्र का घोषणापत्र है। इसमें औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। ये एक तरह का जजिया कर है जो आपके पूर्वज और बाप दादाओं के खून पसीने की कमाई पर अधिकार जताकर उसे अपने गुंडों के हवाले कर देगा। ये लोग गुंडों को प्रश्रय देते हैं और केवल अफवाह फैलाने का काम करते हैं। ये किसी खून चुसवा से कम नहीं हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है और और विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में कहा कि उनका जीवन ईमानदार और निष्कलंक है। उन्होंने देश में सुरक्षा के नये नये मानक गढ़ते हुए लखनऊ को स्मार्ट सिटी के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के बारे में कहा कि पहले ये सीट आशुतोष टंडन जी की थी, उनके परिवार ने ओपी श्रीवास्तव को आशीर्वाद देकर यहां से उतारा है। हमें रिकॉर्ड बहुमत से इन दोनों को विजयी बनाना होगा।

# सिखों को अलग-थलग करना चाहता है आरएसएस : सुखबीर बादल

अमृतपाल पर भी हमला, भगवंत मान को बताया अनुभवहीन मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 17 मई।** जो व्यक्ति दो साल पहले दुबई में अपने बाल कटवा कर रह रहा था, वह पंजाब आकर चोला पहनकर पंथक होने का दावा कैसे कर सकता है? सुखबीर बादल ने आज कपूरथला में आयोजित शिअद रैली में बोलते हुए खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पर सवाल उठाए।



शिअद प्रमुख सुखबीर बादल शनिवार को श्री खंडूर साहिब से लोकसभा उम्मीदवार विरसा सिंह वल्टोहा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए कपूरथला आए थे। सुखबीर बादल ने आजाद उम्मीदवार अमृतपाल के खंडूर साहिब से चुनाव लड़ने के फैसले पर कई सवालिया निशान उठाए। साथ ही उन्होंने मौजूदा पंजाब सरकार पर भी निशाना साधा और भगवंत मान को अनुभवहीन मुख्यमंत्री बताया।

सुखबीर बादल ने कहा कि आरएसएस अमृतपाल के जरिए पंजाब की शांति भंग कर युवाओं को भड़काना चाहता है। जिस तरह से देश के अन्य राज्यों हरियाणा और महाराष्ट्र में सिख धर्म अलग-थलग पड़ गया था। वह इसे पंजाब में भी करना चाहते हैं। सुखबीर बादल ने असम जेल से अमृतपाल की ओर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गुरु ग्रंथ साहिब का सम्मान करता है, उसे पुलिस थाने नहीं ले जाती।

### प्रकाश सिंह बादल कभी नहीं डरेः सुखबीर

सुखबीर ने कहा कि खालिस्तान का नारा लगाने वाला व्यक्ति सामना होने पर पुलिस को चकमा देकर नहीं भागता और दूसरे साल ही जेल से बाहर निकलने के लिए राजनीतिक साजिश नहीं रचता। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता प्रकाश सिंह बादल ने धर्म के लिए लंबा समय जेल में बिताया और वे कभी नहीं डरे। शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के लोगों को जो रियायतें दीं और पंजाब में जो विकास किया, वह कोई अन्य पार्टी नहीं कर पाई।

# हलका विधायक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को धमकाना बंद करे : दीपेंद्र सिंह ढिल्लों

कहा-किसी भी हालत में कार्यकर्ताओं पर दबाव बर्दाश्त नहीं करेंगे



**डेराबस्सी, 17 मई।** इन चुनावों में अपनी हार से घबराए हलका विधायक प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को डराने व दबकाने का काम कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात हलका कांग्रेस प्रभारी दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने आज धनोनी, सेखपुर कलां, फतेहपुर जट्टां, महमदपुर, कारकौर, बरोली, सैदपुरा गांवों में संबोधित करते हुए कही। ढिल्लों ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि जहां भी कांग्रेस को मीटिंग करनी होती है, वहां हलका विधायक कांग्रेस नेताओं पर संबंधित एस एच ओ से मीटिंग न करने का दबाव बना रहे हैं। दीपेंद्र ढिल्लों ने कहा कि दो दिन पहले वह एक गांव में मीटिंग करने पहुंचे तो उसी वक्त एक जेई ने कांग्रेस नेता को फोन किया कि गांव में कांग्रेस की मीटिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपने हलके और कार्यकर्ताओं के साथ हैं। ढिल्लों ने चेतावनी दी कि अगर आगे से किसी ने ऐसी हरकत की और हमारे कार्यकर्ताओं को परेशान किया तो वे सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस स्टेशन और प्रशासन के अधिकारियों के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का परिवार लगातार बढ़ रहा है। आज भी गांव सैदपुरा से हरविंदर सिंह बिट्टू ने अपने परिवार के साथ आम आदमी पार्टी छोड़ दी। परिवार से गुरदर्शन सिंह, मोहन सिंह, जसपाल सिंह, परविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, सुखचैन सिंह, महिंदर कौर, नवजोत सिंह समेत अन्य कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। सभी ने डॉ. धर्मवीर गांधी को जिताने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अवतार सिंह पूर्व टेंपू यूनियन अध्यक्ष, मदन लाल सैनी, मंगत सैनी, विजय कुमार सैनी, जतिंदर सिंह सैनी, सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह, परमिंदर सिंह, पवन कुमार पूर्व पंच और अन्य कांग्रेस समर्थक मौजूद थे।

# युवाओं की पहली पसंद बने एन.के.शर्मा : परमिंदर शर्मा

अकाली दल प्रत्याशी के भाई ने लालडू के गांवों में किया चुनाव प्रचार

अर्थ प्रकाश/चौहान

**लालड़ू, 17 मई।** शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी एन.के.शर्मा के भाई परमिंदर शर्मा ने कहा है कि एन.के.शर्मा युवाओं की पहली पंसद बन गए हैं। शर्मा पटियाला लोकसभा हलके के लिए एक विजन लेकर चल रहे हैं जबकि अन्य प्रत्याशी बगैर किसी एजेंडे के इस चुनाव में उतरे हुए हैं।



परमिंदर शर्मा पटियाला लोकसभा हलके से अकाली दल प्रत्याशी एवं अपने भाई एन.के.शर्मा के समर्थन में निकटवर्ती गांव जड़ौत में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पटियाला लोकसभा हलके में चुनाव लड़ रहे भाजपा, आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के प्रत्याशी अभी तक किसी तरह का विकास एजेंडा पेश करने में असफल रहे हैं। भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी सांसद रहने के बावजूद अभी तक हलके के लोगों को यह नहीं बता पाए हैं कि उनके कार्यकाल के दौरान क्या विकास कार्य करवाए गए थे।

परमिंदर शर्मा ने कहा कि पिछले दो साल से पंजाब के लोगों को गुमराह कर रही आम आदमी पार्टी को प्रदेश की जनता ने बुरी तरह से नकार दिया है। अकाली दल विकास के मुद्दे पर यह चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एन.के.शर्मा द्वारा पटियाला में युवाओं के साथ बातचीत के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम का काफी प्रोत्साहन मिला है। युवाओं ने एन.के.शर्मा के विकास के एजेंडे को स्वीकार कर लिया है। इस चुनाव में शर्मा हलके के युवाओं की पहली पसंद बन गए हैं। इस अवसर पर अजायब सिंह, भूपिंदर सिंह, अवतार सिंह, तरलोचन सिंह, डॉ.बरखा राम, संजू धीमान, हरविंदर सिंह, राजन गुप्ता, सरबन खान, विशाल जड़ौत समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# फूट डालो ओर राज करो की नीति पर अब कांग्रेस की राह पर भाजपा भी : गुरप्रीत जी.पी

कहा, ध्रुवीकरण की राजनीति को खूब अच्छे से समझने लगी है जनता, बहकावे में नहीं आएगी

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 17 मई।** लोकसभा श्री फतेहगढ़ साहिब से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह जी.पी स्थानीय जी. टी रोड़ पर स्थित इलाके की पॉश अंबूजा कालोनी में पहुंचे जहां कालोनीवासियों की ओर से अंबूजा कालोनी प्रधान मनी चोपड़ा के नेतृत्व में गुरप्रीत सिंह जी.पी ओर उनके साथ पहुंचे आप के प्रदेश उप प्रधान, लोकसभा चुनाव प्रचार कंपेन कमेटी चेयरमैन, आप के स्टार कंपेनर एंव हलका खन्ना से विधायक तरूणप्रीत सिंह सौंद का जोरदार स्वागत किया। उदोगपति करण गुप्ता के गृह निवास पर पहुंचने पर करण गुप्ता ने इलाके में विधायक सौंद के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यो की सराहना की।



इस मौके लोकसभा श्री फतेहगढ साहिब उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह जी.पी ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने फूट डालो ओर राज करो की नीति अपनाकर देश पर राज किया। अब भाजपा सरकार भी कांग्रेस की ही तरह उसी राह पर चल पडी है ओर एक तबके को निशाना बनाकर दूसरे तबके को ध्रुवीकरण की राजनीति में उलझाना चाहती है लेकिन अब जनता बेहद समझदार हो चुकी है जो इनके बहकावे में नहीं आएगी ओर देश प्रदेश की तरक्की के लिए वोट करेगी। इस मौके लोकसभा श्री फतेहगढ साहिब उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह जी.पी ने कालोनीवासियों से आप के पक्ष में वोट डालने की अपील की। हलका खन्ना विधायक तरूणप्रीत सिंह सौंद ने इस मौके कालोनीवासियों से इलाके के विकास की रफ्तार को ओर तेज करने के साथ साथ देश प्रदेश की तरक्की के लिए आम आदमी पार्टी के लिए मतदान करने की अपील की। विधायक सौंद ने कहा कि जनता का आप के पक्ष में किया गया मतदान देश की नुहार बदल देगा। इस मौके कालोनी प्रधान मनी चोपड़ा ओर कालोनी महासचिव पंकज गोयल ने आप नेताओं को विश्वास दिलाते हुए आप के पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया।

इस मौके अंबूजा कालोनी के अध्यक्ष मनी चोपड़ा के साथ साथ करण गुप्ता, पंकज गोयल, शुभम चोपड़ा, गोपाल सिंगला, सुरिंदर चोपड़ा, मधुर सूद, अनिल बांसल, गुरदीप सिंह, हरदीप सिंह, असीम गुप्ता, जतिंदर सिंह, राजीव नरूला, विपुल बांसल, सुरेश बांसल, गोपाल सिंगला, साहिल सिंगला, करण सिंगला, सुरिंदर बांसल, सुशांत वर्मा, अभिषेक वर्मा, अनुराग गुप्ता, भारत भूषण गर्ग, राहुल गौरी, विपन गर्ग, कपिल, अनुराग गुप्ता के साथ साथ बडी संख्या में कालोनीवासी मौजूद रहे।

## शिअद ने की हंसराज हंस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**चंडीगढ़, 17 मई (अप्रस)।** शिरोमणी अकाली दल ने चुनाव आयोग से फरीदकोट से भाजपा उम्मीदवार हंसराज हंस के खिलाफ किसान संगठनों को धमकी देने का मामला दर्ज करने की मांग की है।

चुनाव आयोग को लिखे एक पत्र में अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा है कि हंस ने चुनावों के बाद किसान संगठनों पर राज्य दमन करने की धमकी दी है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से इस मामले की जांच करेंगे। यह भडक़ाउ भाषण दायरे से परे है और हंस के खिलाफ तुरंत आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

मजीठिया ने कहा है कि हंस का यह बयान लोकतांत्रिक समाज को हैरान करने वाला और असहनीय है। उन्होंने भाजपा से हंसराज हस के खिलाफ कार्रवाई करने और फरीदकोट हलके से उनकी उम्मीदवारी वापिस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐसा नही किया गया तो पंजाबी समझ जाएंगे कि हंस किसान संगठनों के खिलाफ भाजपा की मानसिकता को दर्शा रहे हैं।

हरसिमरत कौर बादल का सरकार पर हमला, कहा-

# पंजाब को केंद्र के आगे गिरवी रखा, दिल्ली की पार्टियां नहीं कर सकतीं भला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मानसा, 17 मई।** बठिंडा से शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल ने आज बठिंडा लोकसभा सीट के सरदूलगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में प्रचार किया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए हरसिमरत कौर बादल ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली की ये पार्टियां कभी भी पंजाब का भला नहीं कर सकतीं।



जिस कांग्रेस, बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने हमेशा पंजाब के हकों पर डाका डाला, आज जो पार्टी खुद को ईमानदार बता रही थी, उनके दिल्ली मॉडल के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री सलाखों के पीछे हैं, अब पंजाब के मुख्यमंत्री अंदर हैं उसकी कुर्सी। पैसा बचाने और अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए वह केंद्र सरकार के इशारे पर पंजाब को सरेंडर कर रही है।

जिसके लिए पहले पंजाब का सीमा क्षेत्र बीएसएफ को सौंप दिया गया, अब निहारी पटवारी पंजाब का पानी दूसरे राज्यों को देने के लिए दबाव बना रहे हैं कि पंजाब में अतिरिक्त पानी है, जिससे सबील नहर को पुनर्गठित किया जा सकता है।

### सब बीजेपी के इशारे पर किया

अकाली कैंडिडेट ने कहा कि ये सब बीजेपी के इशारे पर किया जा रहा है. पंजाब एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जो पानी पर निर्भर है। अब अगर पंजाब का पानी भी चला गया तो पंजाब समृद्ध नहीं बल्कि गरीब हो जाएगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की हालत को देखते हुए अब ये सरकार किसानों से जबरदस्ती केस वसूलने जा रही है जिसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।जो पार्टी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिलाओं की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे कर रही थी, उस पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वाति मालीवाल पर हमला। पिटाई से पता चलता है कि ये पार्टी महिलाओं का कितना सम्मान करती है।

लुधियाना के भाजपा प्रत्याशी बिट्टू की किसानों को चेतावनी, बोले-

# अफीम, चूरापोस्त नशा कर करते प्रदर्शन, 4 जून के बाद करेंगे इनका इलाज

दिल्ली में कांग्रेस और झाड़ू हैं एक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 17 मई।** लुधियाना में कस्बा जगराओं में भाजपा प्रत्याशी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू का किसानों ने गालिब कलां में विरोध किया। किसानों से गुस्साएं बिट्टू ने नलकियां वाला चौक में जनसभा दौरान किसानों पर भड़ास निकाली।

रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री पीते है और दिल्ली के मुख्यमंत्री पिलाते हैं। देश में 500-500 रुपए लेकर हाथ में झंड़ियां पकड़ कुछ फर्जी किसान मोदी और उनका विरोध करते हैं, जबकि असल किसान खेतों में काम करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस और झाड़ू एक है, लेकिन पंजाब शुरू होते ही एक दूसरे को गालियां देने लगते हैं। लेकिन लोग समझदार है। इस बार धोखेबाजों को लोग मुंह नहीं लगाएंगे। बिट्टू ने कहा कि जो लोग किसानों के रूप में उनका विरोध कर रहे हैं, वह उनकी वीडियो लगातार बनवा रहे हैं। मोदी की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।

### डिब्रूगढ़ भेजने पर यही लोग मचाते शोर

बिट्टू ने कहा कि माहौल खराब करने वालों को जब सरकार डिब्रूगढ़ भेजती है तो यही लोग फिर शोर मचाते है। बिट्टू ने कहा कि पंजाब का तमाशा इन लोगों ने बनाया है। बिट्टू ने कहा कि जो विरोध करने आते है ये लोग सुबह ही अफीम-चूरापोस्त का नशा करके निकलते है। सरकार के इशारा पर उनका विरोध करवाया जा रहा है। पुलिस भी खानापूर्ति के लिए इन्हें रोकने की सिर्फ कोशिश करती है। 4 जून के बाद विरोध करने वालों का इलाज किया जाएगा।

# बीजेपी के अलावा किसी अन्य पार्टी के पास कोई विजन नहीं : एसएमएस संधू

महारानी प्रणीत कौर के पक्ष में की चुनावी सभाएं

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी 18 मई।** भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार महारानी प्रणीत कौर के पक्ष में हलका चुनाव प्रभारी एसएमएस संधू ने आज डेराबस्सी, जीरकपुर में राजनीतिक सभाओं को संबोधित किया। इस मौके उन्होंने कहा की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के पास देश के लिए कोई विजन नहीं है। करतारपुर कोरीडोर के जरिए जहां प्रधानमंत्री मोदी ने सिखों की आस्था में अपनी आस्था दिखाई, वहीं अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर स्थापित कर सिर्फ हिंदुओ की ही नहीं बल्कि सभी धर्मो की आस्था का सम्मान किया।



हेमकुंड साहिब में रोप वे, छोटे साहिबजादों की शहादत के दिन को राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में घोषित करना, बदरीनाथ मंदिर को नया कोरीडोर देना, काशी और बनारस जैसे बड़े धार्मिक स्थलों का विकास करवा आस्था के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने जैसे बड़े विकास कार्यो को भारत के लोग कभी नहीं भुला सकते। उन्होंने कहा कि देश में रोजाना 28 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण करवाने के साथ-साथ मोदी सरकार ने देश को मैट्रो ट्रेने, नए एयरपोर्ट देने वाले प्रधानमंत्री नरिंदर मोदी ने आज भारत को विश्व भर में पांचवें स्थान पर पहुंचाने का काम किया है। लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है, इसी कारण से रोजाना विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर सैकड़ों परिवार भाजपा में शामिल हो कर भाजपा को वोट देने का मन बना चुके हैं। इस अवसर पर अमन राणा मंडल अध्यक्ष, कपिल, मैडम मोना, मोनिका, पुष्पिंदर मेहता, श्रुति भारद्वाज, रवनीत गोयल, जोगा सिंह बूथ प्रभारी, हैप्पी शर्मा और अन्य भाजपा समर्थक भी मौजूद थे।

## पंजाबी युवक कनाडा में बना पुलिस अफसर, गुरदासपुर का नाम किया रोशन, 2018 में गया था विदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर, 17 मई।** पंजाब के सीमावर्ती जिले गुरदासपुर के दीनानगर विधानसभा क्षेत्र के सद्दा गांव में जन्मे युवक ने कनाडा पुलिस में अधिकारी बना है। युवक के चाचा बलकार सिंह मान ने कहा कि उनके भतीजे मनप्रीत को कनाडा पुलिस में अधिकारी की नौकरी मिलने से पंजाब के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्र गुरदासपुर का भी नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि मनप्रीत सिंह मान जो चंडीगढ़ से बीटेक करने के बाद आईआईटी दिल्ली से एमबीए करने के बाद, लगभग 15 वर्षों तक भारत पेट्रोलियम में एक अधिकारी के रूप में सेवा करने के बाद 2018 में अपने पूरे परिवार के साथ स्थायी रूप से कनाडा चले गए।



वहां जाने के बाद उनकी कड़ी मेहनत के कारण उन्होंने कनाडा पुलिस में एक अधिकारी की परीक्षा दी जिसमें उन्हें एक अधिकारी के रूप में चुना गया। बलकार सिंघ ने बताया कि मनप्रीत सिंह की पत्नी हरसिमरन कौर भी कनाडा में एक निजी नौकरी कर रही हैं। उनकी दो बेटियां हैं, बड़ी बेटी गुरनाज कौर 12 साल की है और छोटी बेटी नौनिंद कौर 5 साल की है जो कनाडा में पढ़ रही हैं।

बलकार सिंह ने कहा कि मनप्रीत सिंह मान अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है और पढ़ाई में अच्छा है। उन्होंने स्कूल के दिनों में भी कई कक्षाएं प्रथम स्थान से उत्तीर्ण की और आज भी वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने अपने सीमावर्ती क्षेत्र सहित पूरे भारत का नाम रोशन किया है। इलाके के लोग परिवार को बधाई दे रहे हैं।

# 4 नशा तस्कर गिरफ्तार, 3 किलो अफीम व 1 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/कुलविंदर सिंह बेदी

**खन्ना, 17 मई।** खन्ना पुलिस ने 4 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो अफीम 1 लाख रुपए ड्रग मनी व गाड़ी सहित गिरफ्तार किया, चारों तस्कर एक गाड़ी में सवार थे, जिन्हें खन्ना के मिलिट्री ग्राउंड के पास से पकड़ा गया। दो तस्कर यूपी और दो खन्ना के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान सुधीर कुमार, सौरव निवासी बरेली (यूपी), रोशन लाल निवासी दाऊ माजरा व मनप्रीत सिंह निवासी खन्ना के रूप में हुई है। इस बात का खुलासा डीएसपी (खन्ना) हरजिंदर सिंह गिल ने प्रेस वार्ता में किया, पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी गिल ने बताया कि सिटी थाना 2 के एसएचओ गुरमीत सिंह की अगुवाई में पुलिस पार्टी अमलोह रोड चौक के पास मिलिट्री ग्राउंड के सामने नाकाबंदी पर मौजूद थी, इसी दौरान दिल्ली नंबर की गोल्डन रंग कार को शक के आधार पर रोका गया।



कार में चारों आरोपी सवार थे, कार के डैशबोर्ड में से 3 किलो अफीम और 1 लाख रुपए की ड्रग मनी मिली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि खन्ना के रहने वाले रोशन लाल और मनप्रीत सिंह के तार बरेली के नशा तस्करों सुधीर व सौरव से जुड़े। जिसके बाद अफीम की खेप खन्ना लाई गई। इसे खन्ना में सप्लाई किया जाना था।

डीएसपी गिल ने अआगे कहा कि पुलिस ने चारों नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया। रिमांड के दौरान अहम खुलासे होने की संभावना है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि इन्होंने नशे की खेप कहां से लाई थी और कहां सप्लाई करनी थी। क्या इसका चुनावों के साथ कोई संबंध है, इसका भी पता लगाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ सिटी थाना2 के एसएचओ गुरमीत सिंह भी मौजूद थे।

# दुख से छुटकारा दिलाने वाला धर्म के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज



उस्मानपुर जैन मंदिर दिल्ली में स्थित गुरु देव ने कहा कि अपने अशरण अनुभव करने का अभ्यास करना अशरण भावना है। कर्मोदय से प्राप्त होने वाले जन्म जरा, मरण, रोग, शोक आदि दुखों में जीव को शरण देने वाला, इनसे बचाने वाला कोई नहीं। अतः यह जीव अशरण है। सुख-दुख के सहयोगी मित्र आदि भी मरण का समय आने पर इस जीव का संरक्षण नहीं कर सकते। चारों तरफ सदा घिरे रहने वाले बंधुजन आदि भी इसको अंत में छोड़कर अलग हो जाते है। पर भाव एवं इस भव में एक मात्र धर्म ही शरण है, दूसरा कोई रक्षक नहीं है अतः एवं हे आत्मन! जिस समय तुम्हें मृत्यु आकर घेर लेगी, उस समय इन्द्र भी उससे बचाने में समर्थ नहीं होगा। न बंधु होंगे, न मित्र, पुत्र, धन बलादि। यदि सहायक होगा तो उत्तमता से आचरण किया गया एक धर्म ही होगा।

इसलिए अपने को अशरण अनुभव करने का अभ्यास करो और धर्म आराधना में चित्त लगाओ। इस जन्म में और पर जन्म में तेरा हित करने वाला तुझे दुख से छुटकारा दिलाने वाला धर्म के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है। जो हर हालत में सुख देता रहे वह धर्म ही है। अतः दूसरों के लिए अनर्थ करके व्यर्थ दुखी मत बनो। शरीरादि संयोगों और पर्यायों की सुरक्षा में किए गए अगणित प्रयत्नों में से आज तक किसी का एक भी प्रयत्न सफल नहीं हुआ और न कभी भविष्य में सफल होगा। अतः शरीर की व संयोगी पदार्थों की स्थिरता व सुरक्षा हेतु निरर्थक प्रयासों में उलझना ठीक नहीं है।

इस नश्वर शरीर के इस प्राणों की सुरक्षा के लिए प्राणी क्या क्या नहीं करते? अनेक प्रकार की औषधियों का सेवन करते है, कुदेवों की आराधना करते है, मंत्रों की साधना करते है, तंत्रों का प्रयोग करते है सुदृढ़ घर बनवात है, डाक्टरों की शरण में जाते है, मांत्रिकों, तांत्रिकों के चक्कर काटते है चतुरंगी सेना तैयार करवाते है, पर जब काल या मृत्यु आ जाती है तो ये सब कुछ काम नहीं आते। अन्ततोगत्वा इस नश्वर शरीर को छोड़ना ही पड़ता। घर के दस आदमी सुख से रहते है तो कोई किसी के सुख को भी नहीं बांट लेता। सब जीव अकेले है, किसी जीव का कोई साथी नहीं है अकेले ही सब भोग भोगते हैं अकेले ही सब कषाय रूप बुरे भाव करते है। कर्मबंध होता है तो अकेले को ही होता है कोई किसी का साथी नहीं है कोई किसी को शरण नहीं है।

गुरुदेव कह रहे है कि अपनी आत्मा का श्रद्धान, ज्ञान व अनुभव ही शरण है, अन्य को शरण मानना यह हमारा ही धोखा है, उससे कोई लाभ न होगा। किसकी शरण देखों? अपने आपने बसा हुआ अनादि अनंत शुद्ध चैतन्यधन जो निज प्रभु है उसकी शरण गहरे वहां ही तुम्हें आत्महित मिलेगा, शांति मिलेगी इस मोह पर दृढ़ प्रहार करो कि यह टूट जाए और अपनी आत्मा के ज्ञान प्रकाश का अनुभव हो जाए।

आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में 19 मई दिन रविवार को त्रिलोकीनाथ के तीन रथों द्वारा भव्य रथ यात्रा का आयोजन है उस्मानपुर दिगम्बर जैन मंदर में आप और हम सभी प्रधार कर इस शोभायात्रा में सम्मिलित होकरधर्म लाभ लें। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# भगवान श्रीगणेश का नाम जपने से ही सब कष्ट होते हैं दूर




सभी देवों में भगवान श्रीगणेश को सर्वप्रथम स्थान प्राप्त है। विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की सर्वप्रथम पूजा के बाद ही अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना का विधान है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को जन्मे भगवान श्रीगणेश एकदन्त और चतुर्बाहु हैं। भगवान श्रीगणेश अपने चारों हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश, मोदकपात्र तथा वरमुद्रा धारण करते हैं। भगवान श्रीगणेश रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीतवस्त्रधारी हैं। भगवान श्रीगणेश रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्तवर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। भगवान श्रीगणेश अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

एक रूप में भगवान श्रीगणेश उमा-महेश्वर के पुत्र हैं। वे अग्रपूज्य, गणों के ईश, स्वस्तिक रूप तथा प्रणव स्वरूप हैं। उनके अनन्त नामों में सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन- ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह-नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है। प्रजापति विश्वकर्मा की सिद्धि-बुद्धि नामक दो कन्याएं भगवान गणेशजी की पत्नियां हैं। सिद्धि से शुभ और बुद्धि से लाभ नामक शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। शास्त्रों और पुराणों में सिंह, मयूर और मूषक को गणेशजी का वाहन बताया गया है। गणेश पुराण के क्रीडाखण्ड में उल्लेख है कि कृतयुग में गणेशजी का वाहन सिंह है। वे दस भुजाओं वाले, तेज स्वरूप तथा सबको वर देने वाले हैं और उनका नाम विनायक है।

## पौराणिक कथा

पद्म पुराण के अनुसार एक बार श्रीपार्वतीजी ने अपने शरीर के मैल से एक पुरुषाकृति बनायी, जिसका मुख हाथी के समान था। फिर उस आकृति को उन्होंने गंगाजी में डाल दिया। गंगाजी में पड़ते ही वह आकृति विशालकाय हो गयी। पार्वतीजी ने उसे पुत्र कहकर पुकारा। देव समुदाय ने उन्हें गांगेय कहकर सम्मान दिया और ब्रह्माजी ने उन्हें गणों का आधिपत्य प्रदान करके गणेश नाम दिया। दूसरी ओर लिंगपुराण में उल्लेख मिलता है कि एक बार देवताओं ने भगवान शिव की उपासना करके उनसे सुरद्रोही दानवों के दुष्टकर्म में विघ्न उपस्थित करने के लिए वर मांगा। आशुतोष शिव ने तथास्तु कहकर देवताओं को संतुष्ट कर दिया। समय आने पर गणेशजी का प्राकट्य हुआ। उनका मुख हाथी के समान था और उनके एक हाथ में त्रिशूल तथा दूसरे में पाश था। देवताओं ने सुमन-वृष्टि करते हुए गजानन के चरणों में बार-बार प्रणाम किया। भगवान शिव ने गणेशजी को दैत्यों के कार्यों में विघ्न उपस्थित करके देवताओं और ब्राह्मणों का उपकार करने का आदेश दिया। इसी तरह से ब्रह्मवैवर्तपुराण, स्कन्दपुराण तथा शिवपुराण में भी भगवान गणेशजी के अवतार की भिन्न-भिन्न कथाएं मिलती हैं।

# अपनी उदासीन वाली सोच को बदलना होगा: मुनिश्री विनय कुमार जी



**मंडी गोबिंदगढ़।** अगर आपने व्यवहार पर ध्यान नही दिया तो यह भी हो सकता है की आप जीवन भर ठगे जाय। एक छोटा आदमी भी आपका अपमान कर सकता है या फिर आपको उचित मान नहीं देगा अगर आपकी यह धरना है की सब चलता है तो फिर आपने अपनी बुद्धि से नही सोचा आपका कोई विचार स्तर नही है जब अपना कोई विचार ही नहीं है तो विकास कैसे होगा सब चलता है इस सोच वाले कभी इधर कभी उधर होते रहते है, हम अपने खिलाफ आवाज भी नहीं उठा सकते क्यों की आत्मबल होगा ही नही अच्छा और बुरा दोनों चलने में हम कही के नही रहते। हमारे वसूल, विचार, नियम, सिद्धांत सब ख़तम हो जाते हैं। अगर हम कुछ करना चाहते है तो सब ठीक हो इसके लिए सब कुछ नही चला सकते कुछ अच्छा चलाना पड़ेगा तभी अच्छा होगा। अच्छा हो इसके लिए एक अच्छा रास्ता, सफलता का रास्ता चुनना होगा 'सब चलता है 'इससे बहार आना होगा,उदासीन सोच को बदलना होगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने गोबिंदगढ़ तेरापंथ भवन मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा हम और अधिक सीखते जाते हैं, हमारे अनुभव बढ़ते हैं। आपने अनुभव किया होगा जब शुरू में एक छोटी से चोट बहुत तकलीफ दे जाती थी कुछ समय बाद वही चोट मामूली लगने लगती है क्योंकि तब तक हमारे पास और शक्ति आ जाती है। ईश्वर हमें रोज मौका देता है जीवन को उन्नत करने का बस यह हमारी बुद्धि पर निर्भर करता है की हम क्या चुनते हैं और कितना लाभ ले पाते हैं। जीवन निरंतर एक चुनाव की प्रक्रिया में रहता है यह सुनने में कुछ अजीब लगता है पर आप, पल -पल सोच कर देखे हमेशा हम एक चुनाव की प्रक्रिया से गुजरते हैं। बच्चो के निर्मल स्वभाव सबको प्रिय लगते है कुछ बड़े होने पर उनको विशेष देख रेख की जरुरत होती है उनको तराशना पड़ता है प्रकार से ताकि एक कामयाब इंसान बन सके। गलती जान बूझ कर हो या अनजाने में उसकी सजा भोगनी पड़ती है ठीक उसी प्रकार जैसे अनजाने में पिया गया जहर भी अपना काम करता ही है। इसलिए कहा है कर्म फल पीछा नही छोड़ता हमारे मनीषियों ने श्रेष्ठ कर्म की बात कही है ताकि जीवन उन्नत हो।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया मनुष्य के अन्दर एक ही अवगुण कभी -कभी उसके पतन का कारण बन जाता है। आज कल एक लफ्ज बहुत सुनने को मिलता है की -सब चलता है, सब चलता है की धारणा कई समस्या को अनायास जन्म देती है और ग़लत करने में मददगार भी होती है, गलती के प्रति संकोच ख़तम कर देती है, लोगों के प्रति आदर और अदब ख़तम कर देती है इस लिए यह सोचना बिल्कुल ग़लत है की सब चलता है ।

# समर्पित भाव से ईश्वर रुपी अमूल्य वस्तू को पाया जा सकता है



सद्‌गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

आज इन्सान माया के पदार्थो में उलझा हुआ है। अभिमान करता है कि मैं बहुत विद्वान हूँ, मैंनेबहुत पढ़ाई-लिखाई की है। मैंने बहुत फिलासफी पढ़ी है। सोचता है कि शायद इसीसे मेरा पार उतारा हो जायेगा। परन्तु यह सब उसका भ्रम है।

एक महापुरुष किसी गांव में प्रचार-यात्रा पर गए। उपस्थित लोगों से पूछा, परमात्मा को जानते हो? किसी को परमात्मा का ज्ञान हासिल करना है? सामने अभिमानी अभिमान में भरे बैठे थे। वे कैसे कहें कि नहीं जानते? इसलिए बोले कि हां जानते हैं। सन्त जी बोले कि जब जानते हो तो ठीक है, फिर मेरे कहने की जरुरत नहीं। यह कहकर चले गए। बाद में कुछ जिज्ञासु सज्जन उन लोगों से कहने लगे कि यह आपने क्या किया? आपके कारण एक महात्मा से हम अपना अमूल्य ज्ञान प्राप्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि इस बार वे जब आएं तो सभी ने कहना है कि नहीं। किसी ने भी हां नहीं कहनी। कुछ समय बाद महात्मा फिर उसी गांव में पहुंचे। इस बार महात्मा ने सवाल थोड़ा-सा बदल दिया, वे बोले, 'परमात्मा है कि नहीं?' सभी ने पहले ही निश्चित किया उत्तर दिया, 'नहीं'। महात्मा कहने लगे कि आप तो परमात्मा को मान ही नहीं रहे तो फिर मैं क्या बताऊँगा? यह कहकर चले गए। बाद में सभी कहने लगे कि सवाल की तरफ हमने ध्यान ही नहीं दिया। यह हमसे कितनी बड़ी भूल हुई। उन्होंने आपस में सलाह की कि इस बार जब सन्त जी आएंगे तो आधे कह देना, 'हां' आधे कह देना 'नहीं'। बाद में जब महात्मा उस गांव में आये, तो उन्होंने पहले वाला सवाल पूछा कि परमात्मा को जानते हो? आधे लोगों ने कहा - 'हां' आधे लोगोंने कहा - 'नहीं'। उस महात्मा ने फिर कह दिया ङ्क अच्छा ऐसी बात है। आधे तो जानते हैं, आधे नहीं जानते। जो आधे लोग परमात्मा को जानते हैं, वे न जानने वालों को बता दें।

## पंचांग

रविवार, 19 मई, 2024, सूर्योदयः 05:28 ए एम, सूर्यास्तः 07:07 पी एम, चन्द्रोदयः 03:24 पी एम, चन्द्रास्तः 03:18 ए एम, मई 20, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः एकादशी - 01:50 पी एम तक, नक्षत्रः हस्त - 03:16 ए एम, मई 20 तक, योगः वज्र - 11:25 ए एम तक, करणः विष्टि - 01:50 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 02:57 ए एम, मई 20 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 05:25 पी एम से 07:07 पी एम, गुलिक कालः 03:43 पी एम से 05:25 पी एम, यमगण्डः 12:18 पी एम से 02:00 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:18 पी एम से 06:13 पी एम, अमृत कालः 08:33 पी एम से 10:20 पी एम, वर्ज्यः 09:48 ए एम से 11:35 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं।

**वृषः** कारोबार में व्यस्तता रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। जो काम पिछले कई दिनों से अधूरे पड़े थे, वे निपट सकते हैं।

**मिथुनः** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा। राजनीति या सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग कई बैठकों आदि में भाग लेंगे। आपको सम्मान मिलेगा और कुछ नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। है।

**कर्कः** आज लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का अंत हो सकता है। अगर आप खरीदारी पर जाएँ तो जरूरत से ज्यादा जेब ढीली करने से बचें।

**सिंहः** आज माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है।

**कन्याः** अपने से निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। आपकी मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपको नियमित कामकाज से कुछ समय के लिए छुटकारा मिल सकता है।

**तुलाः** अगर आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं तो आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** आज आपके रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। सही दिशा में ईमानदारी से उठाए गए कदम निश्चित तौर पर लाभ देंगे।

**धनुः** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। नए लोगों से मुलाकात होने से आपको बड़े फायदे होंगे।

**मकरः** नए सौदे आज न करें तो ही अच्छा है। पैसा भी रुक सकता है। दिन की शुरुआत ठीक नहीं रहेगी। न चाहते हुए भी पैसा खर्चा हो सकता है।

**कुंभः** आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में आपके घेरे में रह सकते हैं।

**मीनः** परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। विवाद न करें।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।**

# हसीजा करियाना स्टोर के गोदाम में लगी आग, राजीव जैन ने लिया जायजा




अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** सब्ज़ी मंडी के नज़दीक हसीजा करियाना स्टोर के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण हुए नुक़सान का मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जायज़ा लिया और पीड़ित दुकान मालिक राजकुमार से घटना की जानकारी ली।

दुकानदार ने बताया कि आग लगने के कारण किरयाने का लाखों रुपया का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने बताया कि हमारी दुकान का सब्ज़ी मंडी के पास कॉलोनी में गोदाम बना रखा है। राजीव जैन ने सांत्वना देते हुए कहा कि वह हर संभव मदद करवाने का प्रयास करेंगे। राजीव जैन ने दुकानदारों से आग्रह किया कि सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारियों का 5 लाख रुपया का व्यक्तिगत बीमा तथा 25 लाख रुपये तक के सामान का बीमा करवा रखा है उसके लिए नाम मात्र की फ़ीस देकर व्यापारी कल्याण बोर्ड में रजिस्ट्रेशन करवाना होता है और कहा कि वह जल्द ही व्यापारियों में इस योजना का लाभ लेने के लिए जागृति अभियान चलाएंगे।

# रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं: मनमोहन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** मेडिकल मोड स्थित किडीज कालेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरक्त की, जबकि डायरेक्टर ग्रेटल शर्मा ने अध्यक्षता की। शिविर में तीस लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने सभी रक्ताताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती है। साथ ही समय समय पर रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर ग्रेटल शर्मा ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसकी पूर्ति केवल हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से ही पूरी हो सकती है, इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा गया है।

# कांग्रेस व भाजपा से लोगों का हुआ मोह भंग, वोट की चोट से जनता देगी जबाव: रविन्द्र सांगवान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस से जनता का पूरी तरह से मोह भंग हो चुका है और जनता अब अच्छे से समझ चुकी है कि भाजपा व कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलु है, जोकि आपस में मिलकर चुनाव लड़ रहे है, इसलिए अब 25 मई को मतदान वाले दिन जनता वोट की चोट से देश व प्रदेश में परिवर्तन लाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा व कांग्रेस नेताओं का जिस तरह से जगह जगह लोग विरोध कर रहे है, उससे साबित होता है कि भाजपा व कांग्रेस का जनाधार पूरी खत्म हो चुका है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में परिवारवाद को बढ़ावा दिया और भाजपा ने धर्म व जातपात के नाम पर देश को बांटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा व कांग्रेस को सबक सिखाने का पूरी तरह से मन बना चुकी है। जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान शनिवार को गांव नांदल, लाखनमाजरा, चिडी, चांदी, टिटौली, चमारिया, सिंघपुरा, गद्दीखेडी, डोभ, संजय कालोनी, बाबरा मोहल्ला, राम जोहडी, साहसी चौक, सलारा मोहल्ला, कैलाश कालोनी व अस्थल बोहर कालोनी में आयोजित जनसम्पर्क अभियान के दौरान जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अवसर पर रविन्द्र सांगवान का लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सांगवान ने कहा कि जिस तरह से लोगों का समर्थन जजपा को मिल रहा है, उससे साबित है कि जनता बदलाव चाहती है।



उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस पूजींपतियों की पार्टी है और हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी का शोषण किया है। आज भी जनता कांग्रेस व भाजपा के कुशासन को भूली नहीं है। जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, लेकिन कांग्रेस व भाजपा ने लोगों की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया है, सिर्फ अपने चहेते पूजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियां बनाई और प्रदेश को कर्ज में डूबोने का काम किया। सांगवान ने कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध व बेरोजगारी कांग्रेस व भाजपा की देन है। उन्होंने कहा कि जजपा पार्टी हमेशा से कमेरे वर्ग के साथ रही है और वह स्वयं एक साधारण परिवार से संबंध रखते है, जोकि लोगों की समस्याओं को अच्छे से समझते है। उन्होंने लोगों से जजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# 25 को मतदान, लोकतंत्र के इस उत्सव में सभी मतदाता करें अपनी भागीदारी सुनिश्चित: डॉ. मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। स्वीप अभियान के तहत महिलाओं को बताना कि उनके वोट की भी कीमत पुरुषों के बराबर है। इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए।

# प्रदेश व्यापार मंडल का इंडिया गठबंधन को खुला समर्थन: रमेश खुराना

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रधान महासचिव एडवोकेट रमेश खुराना ने प्रदेश के व्यापारियों से विशेष चर्चा के पश्चात एवं प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल श्री बजरंग दास गर्ग के आह्वान पर सर्कुलर रोड लेबर चौक स्तिथ निजी बैंकट हॉल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार का कार्यकाल व्यापारी के हित में नहीं रहा है। भाजपा की केंद्र सरकार से व्यापारियों को किसी प्रकार की राहत व सुविधा प्रदान नहीं की गई बल्कि नोटबंदी के बाद भारी भरकम जीएसटी व अन्य कर लगाकर व्यापारियों को दिन प्रतिदिन परेशान करने का काम भाजपा सरकार ने किया द्य जिसका परिणाम है कि वर्तमान सरकार से व्यापारी वर्ग को काफी निराशा है। क्योंकि प्रजातंत्र के अंदर वोट के माध्यम से ही सरकारों का फैसला होता है। इसलिए व्यापारी वर्ग अपनी वोट की कीमत को समझते हुए वर्तमान भाजपा सरकार वोट की चोट से घर बिठाने का काम करेगा और जो सरकार व्यापारियों के हित व व्यापारियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होगी उस सरकार के नुमाइंदों को जीताने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर कांग्रेस इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है जो भाजपा को मात देने में सक्षम है। इसलिए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन को अपना खुला समर्थन देता है व प्रदेश के व्यापारी कांग्रेस व इंडिया गठबंधन को समर्थन देकर भाजपा सरकार को उखाड़ने व देश में इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा द्य उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग से जिस प्रकार से वर्तमान भाजपा सरकार ने भारी मात्रा जीएसटी व अन्य कर लगाकर व्यापारी वर्ग को लूटने का काम किया है उसकी तुलना में व्यापारियों को सुविधा के नाम पर कुछ भी हासिल नहीं हुआ है द्य व्यापारी वर्ग को इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा व बिजली पानी आदि अन्य सुविधाएं देने में भी वर्तमान भाजपा सरकार पूर्ण रूप से विफल रही है द्य इसी का परिणाम है कि आज व्यापारी वर्ग का भाजपा सरकार के प्रति पूर्ण रूप से मोह भंग हो चुका है पूरा व्यापारी इस सरकार से पीछा छुड़ाना चाहता है।



प्रदेश के व्यापारियों की भावनाओं को समझते हुए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व-इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को तन मन धन से अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। एडवोकेट रमेश खुराना ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार की गलत नतियों के कारण अर्थव्यवस्था भी काफी पीछे चली गई है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शांति व्यवस्था को बनाने व रोजगार को बढ़ाने की बजाय देश के भाईचारे को बिगाड़ने का काम किया।

# कांग्रेस सरकार की नीयत में है खोट : जयराम ठाकुर

## कहा- नारी शक्ति के अपमान का बदला लेंगे प्रदेश के लोग

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी



**मंडी।** कांग्रेस सरकार की नीयत में ही खोट है। वर्तमान कांग्रेस सरकार एक झूठी सरकार है, जो वादा करती है वह कभी पूरा नहीं करती है। ऐसे एक नहीं अनेकों महत्वपूर्ण उदाहरण है जिसे यह सिद्ध होता है कि इस सरकार की वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में सिर्फ़ लोगों को गुमराह करने और उन्हें मिली सुविधाएं छीनने का काम किया है। इस समय भी कांग्रेस तमाम तरह के भ्रम फैला कर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है लेकिन मैं यह साफ़ कर देना चाहता हूँ कि भाजपा बदले की राजनीति के तहत कार्य नहीं करती है। जनहित के लिए योजनाएं बनाना और जनसेवा करना ही भाजपा का ध्येय है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी को मज़बूती प्रदान करने के लिए कंगना को भारी मतों से जिताना है।मंडी ज़िला के नाचन विधानसभा क्षेत्र के जयदेवी में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के लिये चुनाव प्रचार करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस डेढ़ साल से प्रदेश में सरकार चला रही है इसके बाद भी वह लोकसभा चुनाव मुद्दों पर लड़ने से भाग रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अभद्र टिप्पड़ियां कर रहे हैं, व्यक्तिगत आक्षेप लगा रहे हैं। सत्ता में रहने के बाद चुनाव तो उन्हें अपने डेढ़ साल के कामों पर माँगना चाहिए था लेकिन काम के नाम पर उन्होंने सिर्फ़ तालाबंदी की है। माताओं बहनों को अपमानित किया है, युवाओं के साथ छल किया है। ऐसे में एक नाकाम सरकार चलाने वाले लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है। जयराम ने कहा कि

आज घर-घर पर तिरंगा है। आज देश में खुशहाली और तरक़्क़ी का बोलबाला है। यह परिवर्तन सिर्फ़ आप लोगों द्वारा नरेन्द्र मोदी को मजबूती देने की वजह से संभव हो पाया है। आगे भी बहुत बड़े-बड़े काम करने है जिसके लिए नरेन्द्र मोदी को चार सौ से ज़्यादा सीटों से विजयी बनाना है।

# औषधीय पौधों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र में औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान के महत्व को प्रदर्शित करने के आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'हिमालय में पारंपरिक चिकित्सा के इतिहास की खोज' का सफल समापन हुआ।

संरक्षण और प्रौद्योगिकी तथा पारंपरिक प्रथाओं के अंतर्संबंध पर ध्यान देने के साथ, कल संपन्न हुए कार्यक्रम ने शिक्षा जगत और उद्योग जगत का महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया। सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमित चावला ने लुप्तप्राय औषधीय पौधों के संरक्षण पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका और इन प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज में सहायक प्रोफेसर डॉ. राधा ने उत्तर-पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के ठंडे रेगिस्तान में पारंपरिक औषधीय ज्ञान में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान की। उनकी प्रस्तुति में सौसुरिया ओब्वालाटा, एक पवित्र पौधा, जो अपनी शुद्धता और उपचार गुणों के लिए प्रतिष्ठित है, पर प्रकाश डाला गया।

प्रो.सौरभ कुलश्रेष्ठ ने मोरिंगा ओलीफेरा के उल्लेखनीय लाभों को प्रस्तुत किया, जिसे व्यापक रूप से 'द मिरेकल ट्री' के रूप में जाना जाता है।

# हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में कांग्रेस: राकेश जम्वाल

## मोदी सरकार की हैट्रिक में विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारत




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** हिमाचल की चारो और पूरे देश में 400 से ऊपर सीटे बीजेपी जीतेगी । 400 का आंकड़ा सुनकर कांग्रेस डरी हुई है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार निश्चित है और कांग्रेस इस हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एंव विधायक राकेश जम्वाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ठिहकर, पौड़ा-कोठी, ओडी, सेगल, कमांद और रोहाण्डा में जनसंपर्क के दौरान कहा कि हिमाचल में भाजपा चारों की चार और देश में 400 सीटें जीतेगी। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पक्की हार देखकर पहले से ही अपनी हार का ठीकरा फोड़ने के बहाने ढूड़ रहे हैं। ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी इनके खेमे में की जा रही है। जमीनों पर कब्जे करने वाले ऐसे लोगों की आज खुद को राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है इसीलिए यह कभी पाकिस्तान के समर्थन में बयान बाजी कर रहे हैं।

# डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल, ऊना में 'कक्षा सज्जा' प्रतियोगिता का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल, ऊना में 'कक्षा सज्जा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विदित हो कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक पैदा करना और स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में कक्षा सज्जा, सफाई व्यवस्था, डिस्प्ले बोर्ड ,थीम , विषय को समझने की क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। निर्णायक मंडल की भूमिका में बाबा अमरजोत सिंह बेदी की धर्मपत्नी रूपनीत बेदी, एसपी की धर्मपत्नी निधि सिंह, डैफोडिल की प्राचार्य दीपशिखा कौशल ,डॉक्टर विशाल की धर्मपत्नी नमिता सिंगल व स्थानीय कमेटी के उप प्रधान की धर्मपत्नी करमिन्द कौर ने शिरकत की।

निर्णायक मंडल के द्वारा छात्रों की रचनात्मकता और विषय के गहन चिंतन की प्रशंसा की गई। उन्होंने कमेटी के उप प्रधान बलविंदर सिंह जी व प्राचार्य प्रवीण सहगल द्वारा छात्रों को स्वच्छता के प्रति सजग करने के प्रयास को सराहनीय बताया। निर्णायक मंडल छात्रों द्वारा विभिन्न कलात्मक व रचनात्मक सामग्री को देखकर हतप्रभ रह गए। स्थानीय कमेटी के उप प्रधान बलविंदर सिंह, प्राचार्य प्रवीण सहगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी दिशि वधावन ने आगंतुकों का जोरदार स्वागत किया उपप्रधान बलविंदर सिंह जी ने अतिथियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया कि उन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या से विद्यालय में निर्णायक की भूमिका के लिए समय दिया।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करने के लिए किया आग्रह : यादव

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन ।** शिमला-4 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में आज यहां सोलन जिला में चुनावी तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जंग बहादुर यादव ने सभी से स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करने के लिए निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, मतदान कर्मियों के आवागमन एवं ठहरने इत्यादि की समुचित व्यवस्था, ई.वी.एम. के भण्डारण एवं सुरक्षा, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करवाने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध निपटारा करने को भी कहा। चुनावी व्यय पर नजर बनाए रखने तथा मद्य एवं अन्य नशीले पदार्थों के अवैध आबंटन इत्यादि पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। सामान्य पर्यवेक्षक ने जिला में अभी तक की गई तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन सम्पन्न करवाने में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिला में किए गए प्रबंधों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 4,23,121 मतदाता हैं जिनमें से 2,16,387 पुरुष, 2,06,728 महिला व 06 तृतीय लिंगी मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 592 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 314 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला में 42 क्रिटिकल एवं 06 वल्नरेबल मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए हैं। जिला में 20 आदर्श मतदान केन्द्र, 10 महिला संचालित तथा पांच युवा संचालित व सात हरित मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित मतदाता श्रेणी में जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु के 1421 मतदाताओं ने घर से डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान का विकल्प चुना है। इसी प्रकार 554 पात्र दिव्यांग व आवश्यक सेवाओं में लगे 121 मतदाताओं ने भी डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान का विकल्प चुना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एकीकृत नियंत्रण कक्ष के माध्यम से चौबीसों घण्टे शिकायत निगरानी प्रणाली स्थापित की गई हैं। इसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। चुनावी व्यय निगरानी प्रणाली के तहत जिला में 15 स्थैतिक निगरानी दल, 15 उड़न दस्ते, पांच लेखा दल, 10 वीडियो सर्विलांस टीम, पांच वीडियो व्यूइंग टीम व 05 सहायक व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने निगरानी नाकों का किया औचक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** चुनावों के दौरान में ऊना जिले में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने शनिवार को जिले में विभिन्न नाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी और फ्लाइंग टीमों की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। उपायुक्त ने अजोली मोड़ और संतोषगड़ में नाकों पर तैनात टीमों का निरीक्षण कर वहां तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से करें। किसी भी संदिग्ध वाहन की तत्काल चेकिंग करें और अनाधिकृत नकदी, शराब व हथियार की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को दें। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने में एसएसटी और फ्लाइंग टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

जतिन लाल ने बताया कि जिला में चुनावों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में 3-3 उड़न दस्ते और स्थैतिक निगरानी टीमें, एक वीडियो निगरानी टीम और 1-1 वीडियो अवलोकन टीम, सहायक व्यय पर्यवेक्षक टीमें व अकाउंटिंग टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि चुनावों के चलते 25 अंतरराज्यीय और 121 राज्यातंरिक नाके लगाए गए हैं। नाकों पर पूरी मुस्तैदी से निगरानी की जा रही है। वाहनों की आवाजाही पर पैनी नजर रखी जा रही है। हर गतिविधि निगरानी के घेरे में है। प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनावों के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके अलावा जतिन लाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद जिला में चैकिंग के दौरान उड़ने दस्ते और स्थैतिक टीमों ने 3.27 करोड़ रूपये से अधिक कीमत की ड्रग, लीकर, कैश व अन्य चीजों को बरामद कर जब्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**गोहर (अप्रस)।** क्षेत्र के मशहूर देवस्थल बड़ा देव कमरूनाग के दर्शन कर वापिस आ रहे श्रद्धालुओं की अल्टो कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला हमीरपुर के भोरंज क्षेत्र से कुछ दोस्त अलग-अलग तीन कारों पर बड़ा देव कमरूनाग के दर्शन करने पहुंचे थे वापसी पर एक कार (एच पी 74ए4502) शाला के नजदीक अनियंत्रित होकर लगभग 40-50 फुट गहरी खाई में लुढ़क गई। जिसमें चालक को छोड़ दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में अजय कुमार पुत्र रणजीत सिंह तरक्काडी भोरंज और मनजीत सिंह पुत्र जीवन राम घुमारली भोरंज को अन्य दोस्त नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर ले आए। चिकित्सकों ने बताया घायलों को सिर बाजु व टांगों पर काफी चोटें आई हैं। डाक्टर शमशेर सिंह ने बताया घायलों को गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के बाद लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया है।पुलिस थाना गोहर ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी ने की है।

### कांग्रेस की सभी गारंटिया है अभी अधूरी: रणधीर



**बिलासपुर (अप्रस)।** प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं श्री नयना देवी विस क्षेत्र विधायक रणधीर शर्मा ने 19 मई को मुख्यमंत्री सुक्खविंद्र सुक्खु के श्री नयना देवी के प्रस्तावित दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस दौरे राजनैतिक दौरा करार दिया है। आखिर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु को 15 माह के बाद चुनावी बेला में ही श्री नयना देवी की याद आई। इससे पहले उन्होंने एक भी दौरा करना उचित नहीं समझा। बल्कि इसके विपरीत जो संस्थान पूर्व भाजपा सरकार के जनहित में खुले थे । वह डिनोटिफाईड कर दिए। वह शनिवार को यहां पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि सीएम ने मां नयना देवी का आशीर्वाद भी नहीं लिया। उन्होंने कहा की मजारी में अनाज मंडी का लाभ जनता को नहीं मिल पाया। वहीं, आईपीएच का डिवीजन, डिग्री कॉलेज, पटवार सर्कल बंद कर दिए। जनता को लाभ पहुंचाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार के लिए संस्थान खोले। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इन्हें बंद कर दिया। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की महिलाओं को 15 सौ रुपए की राशि देने के लिए सरकार के पास बजट कहां से आएगा यह भी मुख्यमंत्री स्पष्ट करें। प्रदेश सरकार की हालत इतनी हालत खराब है कि प्रदेश सरकार हिम केयर योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थानो की करोडों रूपये की राशि का भुगतान नहीं कर पाई है। कांग्रेस की सभी गारंटिया अधूरी ही रही है। रणधीर शर्मा ने कहा की जनता सब कुछ जानती है। दूध 100 रूपए किलो कब खरीदेंगे और गोबर कब खरीदेंगे। प्रदेश सरकार ने जनता को कुछ नहीं दिया। नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की जनता की अनदेखी हुई है। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता सोनल शर्मा व मिडिया प्रभारी सुनील शर्मा मौजूद रहे।

### बंगाणा में 20 को 'रन फॉर डेमोक्रेसी'

**ऊना (अप्रस)।** ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विविध गतिविधियां आयोजित करके लोगों को चुनावों में मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार 20 मई को उपमंडल बंगाणा में सुबह 8 बजे 'वोट करेगा कुटलैहड़' जागरूकता संदेश के साथ 'रन फॉर डेमोक्रेसी' मैराथन आयोजित होगी।

# नाचन विधान सभा क्षेत्र के ख्योड में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित महानाटी सवालों के घेरे में आई

## कांग्रेसियों ने लगाया एसडीएम के ऊपर भाजपा समर्थित महिला मंडलों को बुलाने का आरोप

### एसडीएम ने सिरे से नकारे आरोप

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा




**गोहर।** आगामी लोकसभा चुनावों में नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान प्रतिशतता बढ़ाने हेतु चुनाव आयोग के सौजन्य से सहायक चुनाव अधिकारी एवं एस डी एम गोहर व स्वीप टीम के सामूहिक प्रयास से एक महानाटी का आयोजन किया गया । इस महानाटी में लगभग 2700 महिला पुरुष व बच्चों ने भाग लिया । चुनाव आयोग के सौजन्य से हुआ यह अभूतपूर्व कार्यक्रम बहुत ही कामयाब रहा। मगर कार्यक्रम की समाप्ति के बाद इस कार्यक्रम स्थल पर नाचन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा समर्थित विधायक विनोद कुमार का पहुंचना वह आए हुए महिला मंडलों के साथ फोटो शूट करवाना सवालों के घेरे में आ गया है। नाचन मंडल कांग्रेस इस बात पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए नाचन कांग्रेस मंडल ने चुनाव आयोग को स्थानीय विधायक विनोद कुमार जिला परिषद उपाध्यक्ष मंडी मुकेश चंदेल व एसडीएम एवं सहायक चुनाव अधिकारी गोहर के खिलाफ शिकायत दी है कि एसडीएम गोहर ने इस महानाटी के आयोजन में भाजपा समर्थित महिला मंडलों को बुलाकर भाजपा समर्थित प्रत्याशी को प्रत्यक्ष रूप से लाभ दिलाने का काम किया है और आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन किया है। उन्होंने चुनाव आयोग से विधायक विनोद कुमार जिला परिषद मंडी उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल वह सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने की मांग की है।

दूसरी तरफ सहायक चुनाव अधिकारी एवं एस डी एम गोहर ने इस बात को सिरे से नकारते हुए कहा हमने नाचन विधानसभा क्षेत्र के दोनों विकासखंड के विकासखंड अधिकारियों के माध्यम से समस्त महिला मंडलों युवक मंडलों आईटीआई इंस्टीट्यूट चच्योट के विद्यार्थियों व स्वीप टीम के माध्यम से लोगों को इस महानाटी आमंत्रित किया था जिसमें कोई भी राजनीतिक दल का किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं था । इस महानाटी में नाचन विधानसभा क्षेत्र के समस्त महिला मंडलों युवक मंडलों स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया गया था । यह एक सरकारी कार्यक्रम था जिससे लोगों को आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करके इस महा पर्व में अपनी आहुति डालने के लिए जागरूक किया गया है । इसमें किसी भी पॉलीटिकल राजनेता को आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने विनोद कुमार की आने पर भी कहा विनोद कुमार भी इस आयोजन में आमंत्रित नहीं किया गया यह एक सरकारी कार्यक्रम था।यदि उन्हें कार्यक्रम का पता था तो उन्हें भी इस कार्यक्रम में नहीं आना चाहिए था। मगर वह कार्यक्रम में न आकर कार्यक्रम की समाप्ति के बाद में पहुंचे हैं तब तक शहर सरकारी अमला निकल चुका था।वो सभा स्थल पर कार्यक्रम के दौरान नहीं आए कार्यक्रम खत्म होने के बाद कोई कहां जाता है कहां आता है इस पर लोकतंत्र के अनुसार किसी को रोक नहीं जा सकता उन्होंने बताया कार्यक्रम समाप्ति के बाद कौन सा महिला मंडल किसके साथ फोटो चाहता है किसके साथ जाता है इस बारे में हम किसी को नहीं बोल सकते।

# मतदान की अनुभव को सुख व समृद्ध बनाएंगे मॉडल पोलिंग बूथ : एसडीएम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर।** आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे इसी आधार पर नाचन निर्वाचन क्षेत्र में मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित करने पर व मॉडल पोलिंग बूथ पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों इस पर सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में नोडल ऑफिसर के साथ एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजन किया गया ।

बैठक में सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर ने नोडल ऑफिसर को निर्देश दिए मॉडल पोलिंग बूथ को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार स्थापित करें मॉडल पोलिंग बूथ में मतदाताओं के स्वागत के लिए स्वागत द्वार ,बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए बिना कतार के रहने के लिए टोकन आवंटित करने की व्यवस्था, सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में उचित पेयजल किए व्यवस्था व छोटे बच्चों के साथ वोट देने आने वाली माताओं को मतदान केंद्रों में क्रेच( शिशु गृह) की विशेष सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स और महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समर्पित स्वास्थ्य सुविधाएं तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के पोस्टर की व्यवस्था होनी चाहिए।

# सगे भाई रमेश और नागेन्द्र ने जीती रन फॉर वोट मंडी मैराथन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**मंडी।** लोकसभा चुनाव में जिला मंडी में शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अनेकों जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शनिवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रन फॉर वोट मंडी मैराथन का आयोजन किया गया। 5 किलोमीटर की मैराथन सेरी मंच से शुरू हुई और बस स्टैंड, पुरानी मंडी, चौहटा बाजार होते हुए वापिस सेरी मंच पर समाप्त हुई। मैराथन को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में बड़ी संख्या में धावकों के अतिरिक्त जिला स्तर के अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उपायुक्त ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले उन्होंने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि प्रजातंत्र में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य लोगों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने इस अवसर पर मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता से अपील करते हुए कहा एक जून को लोकसभा चुनाव में मतदान कर प्रजातंत्र की मजबूती में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि मैराथन से मतदान करने का संदेश जरूर जाएगा कि एक जून को प्रजातंत्र की मजबूति के लिए मतदान करना है।

5 किलोमीटर की मंडी मैराथन सगे भाईयों रमेश कुमार और नगेन्द्र पाल पुत्र नानक चंद ने क्रमश 14 मिनट 47 सेकंड और 14 मिनट 49 सेकंड में तय कर प्रथम और दूसरा स्थान अर्जित किया। तीसरे स्थान पर सुरेश कुमार पुत्र रूप सिंह रहे।

# छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा



**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से चौथी के लिए 'इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता' तथा कक्षा पाँचवी से दसवीं के लिए 'डेक्लामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया । इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से आराध्या शर्मा ,विधि प्रथम, रियांश सहजपाल, महिका कौशल द्वितीय,कीरत धीमान, गीतांशी शर्मा, अमीषी वशिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से राजवीर कौर, आयुष वशिष्ट प्रथम, सुभराजित सेठी,अभिनव दत्त द्वितीय तथा ओजस्वी राजपूत, भार्गव तृतीय स्थान पर रहे।

एप्पल ग्रुप ( कक्षा तीसरी) से अकीरा दीप प्रथम, प्रियल वर्मा द्वितीय तथा काशवी भारद्वाज, अवनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से सुमन, कनवी प्रथम , अलिसिया ,मनप्रीत द्वितीय ,कीरत कौर तृतीय स्थान पर रहे। डेक्लामेशन प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से त्रिनभ, सीरत प्रथम , अनमोल, इशिका राणा द्वितीय तथा सानिया ,ईशान वशिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से गुरलीन, सुहाना पांडा प्रथम , दिव्यांश कुमार ,तमन्ना साहू द्वितीय तथा दिव्यांशिका शर्मा, विश्व उपमन्यु तृतीय स्थान पर रहे।




# हरियाणा के स्कूलों की बदलेगी नुहार, सरकार ने जारी किया बजट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 मई।** हरियाणा के 14 हजार स्कूलों में पीने की पानी की व्यवस्था और शौचालयों का समुचित प्रबंध किया जाएगा और सोलर सिस्टम के जरिये बिजली की सप्लाई होगी। शिक्षा विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित बजट जारी कर दिया गया है।

शिक्षा विभाग की ओर से 2024-25 के लिए 647155 लाख रुपये का अनुमानित बजट जारी किया है। इस बजट में से 81 फीसदी का भुगतान शिक्षकों और गैर शिक्षकों की तनख्वाह व भत्तों में जाएगा, जबकि 10 हजार लाख की राशि पेंशन योजना के तहत गैर सरकारी एडिड सीनियर सेकेंडरी स्कूलों पर खर्च होगी। यही नहीं सेकेंडरी शिक्षा को मजबूत करने के लिए शिक्षकों की ट्रेनिंग, पीएमश्री स्कूलों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एससी कंपोनेंट के तहत 11 योजनाओं में केंद्र सरकार की ओर से 44545 लाख रुपये की राशि खर्च होगी।

शिक्षा विभाग की ओर से सामान्य शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के दो मद में बजट का आवंटन किया है।

मुख्यालय के लिए 6443 लाख रुपये बजट अलाट किया गया है। यही नहीं डीईओ फील्ड स्टाफ के लिए 8801 और सूचना संचार तकनीक स्कूल (आईसीआई) पर 6000 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। शिक्षकों के लिए रिसर्च और ट्रेनिंग को लेकर भी 2851 करोड़ की राशि खर्च होगी। इसके साथ ही साइंस प्रदर्शनी, जिला और राज्य स्तरीय आयोजन पर 60 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। जूनियर बेसिक ट्रेनिंग संस्थान पर 7180 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मियों के वेतन व भत्तों पर 528926 लाख रुपये खर्च होंगे।

### हरियाणा के स्कूलों में एक जून से होंगी गर्मी की छुट्टियां

हरियाणा के स्कूलों में एक जून से गर्मी की छुट्टियां होंगी। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले शुक्रवार को सरकार की तरफ से जारी आदेशों में गर्मी के चलते आज से स्कूलों का टाइम बदल दिया गया था। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आज जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों में एक जून से 30 जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी। एक जुलाई से दोबारा स्कूल खोल जाएंगे।

## पटियाला में लुधियाना की लड़की से रेप

**पटियाला (अप्रस)।** फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के एक कर्मचारियों ने अपने साथ काम करने वाली महिला कर्मचारी को शादी के बहाने होटल में बुलाकर रेप कर दिया। रेप की यह घटना 17 तारीख की है। इसके बाद लड़की ने पुलिस के पास एफआईआर दर्ज करवा दी। अनाज मंडी पुलिस स्टेशन की टीम ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी बलविंदर सिंह को अरेस्ट कर लिया। पुलिस केस के अनुसार दोनों पक्ष एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। जिस वजह से इन दोनों के बीच दोस्ती थी। लड़की रायकोट इलाके की रहने वाली है जबकि आरोपी युवक पटियाला के भुनरहेड़ी एरिया का रहने वाला है। दोनों ही फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में बेलदार की पोस्ट पर काम करते हैं। पीड़ित लड़की और आरोपी लड़के की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। लड़की की स्टेटमेंट के अनुसार आरोपी युवक ने शादी के बहाने उसे पटियाला के एड क्राउन नामक होटल में बुलाया। यहां पर उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। मामले को लेकर अनाज मंडी पुलिस स्टेशन के एसएचओ गुरमीत सिंह ने कहा कि आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया गया है।

# मतदान के दिन वोट करने के बाद बच्चे परिवारजन के साथ सेल्फी लेकर करें अपलोड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 मई।** हरियाणा में छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए https://www.ceoharyana.gov.in/ पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।



उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' शीर्ष वाक्य दिया है।

### बीएलओ वोटर स्लिप के साथ परिवार को सौंपेगा निमंत्रण पत्र

श्री अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 चुनाव का पर्व–देश का गर्व के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा कार्यालय द्वारा एक और अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया है कि भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को भेजेगा। निमंत्रण पत्र के पिछली ओर किस प्रकार मतदान करना है, वह पूरी प्रक्रिया अंकित की गई है। मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बात मतदान अधिकारी मतदान सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा। तीसरे चरण में मतदान अधिकारी अंगुली पर नीली स्याही लगाएगा। चौथे चरण में मतदान अधिकारी पर्ची लेगा और अंगुली पर स्याही लगे होने की पुष्टि करेगा। उसके बाद मतदाता ईवीएम पर जाकर अपना वोट डालेगा।

## जेसीबी ने भाई–बहन को कुचला, लड़की की मौत, लड़का आईसीयू में भर्ती

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**करनाल, 18 मई।** हरियाणा के करनाल में शनिवार को जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में लड़की की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। हादसा शहर के नमस्ते चौक पर हुआ। लड़की सरकारी नौकरी का फार्म भरवाने के लिए जा रही थी। मृतका की पहचान मदनपुर गांव की रहने वाले दीप्ति (21) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं जेसीबी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**सड़क पर गिरने से हुई मौत:** दीप्ति के चाचा बलबीर सिंह ने बताया कि सरकारी नौकरी के लिए फार्म भरने के लिए वह करनाल आ रही थी। उसके साथ चचेरा भाई अजय था, जो बाइक चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नमस्ते चौक के फ्लाईओवर पर पहुंची तो अचानक तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक को टक्कर मारी। दोनों की सड़क पर जा गिरे।

अजय को छाती पर चोट लगी और दीप्ति सड़क पर जा गिरी। दीप्ति का सिर सड़क पर लगा था। आसपास के लोग तुरंत उसे सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजय का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

## पारिवारिक रंजिश के चलते भाई ने किया भाई का मर्डर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जींद, 18 मई।** हरियाणा के जींद जिले के उचाना के गांव लोधर में आपसी झगड़े में भाई ने अपने भाई का मर्डर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। उचाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या के बाद पूरे गांव में पूरे दिन इसी को लेकर लोग आपस में चर्चा करते रहे कि कैसे भाई अपने ही भाई का कत्ल कर सकता है।

जानकारी के अनुसार गांव लोधर निवासी सुनील का अपने भाई संदीप (45) के साथ पारिवारिक रंजिश चली आ रही थी। शनिवार को इसी रंजिश के चलते दोनों भाई आपस में भिड़ गए। जिसमें सुनील ने अपने ही भाई संदीप की डंडों व तेजधार हथियारों से पीट-पीट कर हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक संदीप के शव को कब्जे में ले नरवाना नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। बाद में डीएसपी भी मौके पर पहुंचे। उचाना थाना प्रभारी पवन ने बताया कि दोनों भाइयों ने खेत में घर बनाया हुआ है। दो-तीन दिन पहले भी दोनों भाइयों में झगडा हुआ था। शनिवार को फिर से दोनों भाइयों में झगडा हो गया। इसमें सुनील ने अपने भाई संदीप की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी।




# कांग्रेस घोषणा–पत्र पर लोगों में भ्रम फैला रही भाजपा : पवन खेड़ा

- इंदिरा व राजीव की शहादत का अपमान कर रहे प्रधानमंत्री
- कांग्रेस की सरकार आने पर बंद होगी अग्निवीर योजना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने हरियाणा में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कहा है कि राहुल गांधी को शहजादा बताकर मोदी ने इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की शहादत का अपमान किया है। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी शहजादे नहीं बल्कि शहीदजादे हैं।

पवन खेड़ा ने बीजेपी पर राष्ट्रविरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने देश में युवाओं को अग्निवीर योजना, किसानों को एमएसपी की गारंटी न देकर उनका अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही किसानों व अन्य वर्गों के साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा और एमएसपी पर गारंटी कानून बनाया जाएगा। बीजेपी सरकार हरियाणा में पिछले दस सालों से किसान, जवान व पहलवानों का अपमान कर रही है।

बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर कटाक्ष करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि देश में पिछले दस सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी सरकार बनते ही 15 अगस्त को केंद्र में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरने की प्रक्रिया को शुरू करेगी। शिक्षित युवाओं को अपरेंटिसशिप योजना के तहत सालाना एक लाख रुपये भी दिए जाएंगे।

पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार अपने भाषणों में कांग्रेस के घोषणा-पत्र को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। कांग्रेस के न्याय पत्र में कहीं भी मंगलसूत्र व हिंदू-मुसलमान का जिक्र नहीं है। कांग्रेस नेता ने चुटकी लेते हुए कहा कि उत्तराखंड में बीजेपी ने तीन मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश में शिवराज चौहान, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, राजस्थान में वसुंधरा और हरियाणा में खट्टर को मुख्यमंत्री के पद से हटाकर अग्निवीर बना दिए हैं।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)